
इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौधों से कितना कुछ सीख सकते हैं हम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -268, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 20 सूर्यास्त 18 : 51

कानपुर, रविवार, 19 मई 2024


रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी ...2

# आप सांसद मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार गिरफ्तार

## दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया

### आप ने किया दावा मालीवाल को भाजपा ने किया ब्लैकमेल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आप ने दावा किया कि उन्हें भाजपा ने ब्लैकमेल' किया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के एक मामले का सामना कर रही हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर में मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया। एक दिन पहले, मालीवाल ने तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गई थीं तब उनके सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा तथा छाती एवं पेट पर लात से मारा। पुलिस के अनुसार बिभव को अदालत में पेश कर उनसे और पूछताछ करने के लिए उनकी हिरासत मांगी जाएगी।

पुलिस ने कहा कि उसने मुख्यमंत्री आवास के सुरक्षाकर्मियों एवं अन्य कर्मियों समेत कम से कम 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं जो 13 मई को हमले के वक्त मौके पर मौजूद थे। गिरफ्तारी से पहले दिन में, कुमार ने पुलिस को पत्र लिखकर कहा था कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन पुलिस मालीवाल के खिलाफ उनकी शिकायत पर भी गौर करे। शुक्रवार को कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि मालीवाल ने 13 मई को अनधिकृत रूप से प्रवेश पाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा का उल्लंघन किया और वहां हंगामा किया। जब उन्होंने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तब उन्होंने गालियां दीं।



### बिभव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शनिवार को कहा कि स्वाति मालीवाल पर हमला करने के आरोपी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी निरर्थक हो गई है क्योंकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने आदेश सुनाते हुए कहा, चूंकि, उन्हें (कुमार) को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, इसलिए वर्तमान अर्जी निरर्थक है और याचिका का निपटारा कर दिया।

### मोदी हमें एक साथ जेल में डाल दें : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप सबको जेल में डाल दें। केजरीवाल ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालने को कह रहे हैं। इनको लगता है कि हमारे नेताओं को जेल में डालकर आम आदमी पार्टी को कुचल देंगे तो ऐसा होने वाली नहीं है। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो लोगों के दिल में है।

#### अगले 4 दिन कहर बरपाएगी गर्मी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में रेड अलर्ट

# आगरा और कानपुर में पारा 46 डिग्री के पार पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में अगले चार दिन गर्मी कहर ढाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक लू का प्रकोप बढ़ेगा। करीब सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी उप्र के आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को सबसे गर्म आगरा और कानपुर रहा। कानपुर (एयर फोर्स) का तापमान 46.9 डिग्री दर्ज किया जबकि आगरा में पारा 46.5 डिग्री पर रहा। बुंदेलखंड के कई जिलों का तापमान भी इसी के आसपास रहा।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि अगले चार दिन तक तापमान में वृद्धि का अनुमान है। लखनऊ में 2018 से अब तक मई के महीने में शनिवार को सबसे अधिक तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। उनका कहना है कि ज्यादातर जिलों में 19 से 21 मई के बीच तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा। इन चार दिनों में हवाओं की रफ्तार भी तेज होगी जिसकी वजह से लू का असर रहेगा। लू के मद्देनजर जिलों को रेड, ऑरेंज और येलो जोन में बांटकर अलर्ट जारी किया गया है। रेड जोन में बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, आगरा और आसपास के कुछ जिले हैं। मेरठ, हापुड़, अलीगढ़, हाथरस, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जलौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, कन्नौज और आसपास के जिलों को ऑरेंज जोन में रखा गया है।



- छह साल में पहली बार 44 के ऊपर रहा लखनऊ का तापमान

### केरल में भारी बारिश का पूर्वानुमान

**तिरुवनंतपुरम।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को आने वाले दिनों में केरल में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 19 और 20 मई के लिए राज्य के पथनमथिट्टा, कोट्टयम और इडुक्की जिलों में रेड अलर्ट और तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 21 मई के लिए नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया और कहा कि उनमें से कुछ में रेड अलर्ट के समान बारिश होने की आशंका है।

# चलती बस में अचानक लगी आग, 10 जिंदा जले

गुरुग्राम, एजेंसी

- हरियाणा के नूंह क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा
- महिलाओं-बच्चों समेत सवार थे करीब 60 यात्री, 20 झुलसे

हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बस पर बच्चों और महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे।

आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। घटना में करीब 20 लोग झुलसे भी हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। बस मथुरा-वृंदावन से लौट रही थी और बस में अधिकतर यात्री पंजाब और चंडीगढ़ से थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बंगाल राजभवन के तीन अफसरों पर प्राथमिकी

कोलकाता, एजेंसी

### सेक्सुअल हैरेसमेंट केस

- पीड़ित महिला को जबरन रोकने के आरोप में हुई कार्रवाई

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को कथित तौर पर गलत तरीके से रोकने के लिए यहां राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजभवन की एक महिला संविदा कर्मचारी ने छेड़छाड़ मामले में मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद हेयर स्ट्रीट पुलिस थाने में तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता महिला को दो मई को राजभवन से नहीं जाने देने के लिए अनुचित तरीके से रोकने पर तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हम उस शाम उनकी भूमिका की जांच करेंगे। महिला ने दो मई को बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की।

## एक नजर

### दिग्गज बैंकर एन वाघुल का 88 की उम्र में निधन

**मुंबई।** दिग्गज बैंकर एन वाघुल (88) का शनिवार दोपहर को निधन हो गया। वाघुल ने बैंकिंग उद्योग में कई शीर्ष पदों पर काम किया। उन्हें आईसीआईसीआई को एक सार्वजनिक वित्त संस्थान से एक निजी क्षेत्र के बैंक में बदलने का श्रेय दिया जाता है। वह 1985 से 11 वर्षों तक आईसीआईसीआई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रहे। उन्हें चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। उन्हें 2006 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वह 1981 में 44 साल की उम्र में बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बने।

### चारधाम में रील्स बनाई तो होगी कानूनी कार्रवाई

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के दौरान रील्स बनाने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई के लिए कमर कस ली है। चारधाम मंदिर परिसर से 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी पर रोक लगा दी गई है। डीजीपी अभिनव कुमार ने शनिवार को अधीनस्थ अधिकारियों को सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

### कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों में ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** कक्षा एक से लेकर 12 तक सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश हो गया है। शिक्षण कार्य का शनिवार अंतिम दिन था। शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने बताया शैक्षिक कैलेंडर में लागू व्यवस्था के अनुसार प्रदेश भर के विद्यालयों में 18 मई के बाद ग्रीष्मावकाश रहेगा, जो 17 जून तक चलेगा।

#### सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आर-पार के संघर्ष की घड़ी

# पांचवां चरण : कल मतदाता तय करेंगे उप्र में किसका पलड़ा भारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान 20 मई को होगा। इस चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कई सीटों पर कड़ा मुकाबला होना तय है। हालांकि, बीते लोस चुनाव में 14 में से 13 सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा। लेकिन ऐसी छह सीटें हैं जहां भाजपा उम्मीदवार काफी कम अंतर से जीते थे। 2019 के चुनाव में जिन सीटों पर भाजपा एक लाख से कम वोटों से जीती थी, वहां सत्तासीन दल को कड़ी मेहनत करनी होगी।

अभी एक सीट रायबरेली कांग्रेस के पास है, जिसे पाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। दरअसल, 14 सीटों के तहत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। 14 लोकसभा क्षेत्रों में फतेहपुर को छोड़ सभी लोकसभा क्षेत्र में पांच-पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं जबकि फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं।

वर्ष 2019 व 2014 के लोकसभा चुनावों में वर्तमान के पांचवें चरण की छह सीटों कौशाम्बी, फैजाबाद, मोहनलालगंज, अमेठी, बांदा और कैसरगंज पर भाजपा को एक लाख से काफी कम वोटों से जीत हासिल हुई है। इन सीटों पर कांटे की टक्कर होनी तय है क्योंकि विपक्ष भी इन सीटों को अपने पाले में करने के लिए पुरजोर कोशिश में है। भाजपा ने इन सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित कर रखा है क्योंकि मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही भाजपा पिछले दो चुनावों से इन सीटों पर जीत पा रही है।

### मतदान प्रतिशत कम होने का लाभ उठाया था विपक्ष ने

अगर 2009 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो, उस चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा था और इसका लाभ विपक्ष खासकर सपा-बसपा और कांग्रेस को मिला था। मोहनलालगंज से लेकर जालौन, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी व कैसरगंज सीट पर सपा को जीत मिली थी जबकि रायबरेली, अमेठी के अलावा बाराबंकी, फैजाबाद, गोंडा और झांसी सीट कांग्रेस को मिली थी। हमीरपुर सीट बसपा के पाले में गई थी। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 13 व कांग्रेस के खाते में मात्र एक सीट आई थी। वहीं लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को 12 और कांग्रेस को दो सीट मिली थीं।

### थमा चुनाव प्रचार का शोर, 20 को डाले जाएंगे वोट

**लखनऊ।** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों व लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए शनिवार की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। मतदान के लिए 19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं।

#### दुर्लभ संयोग | लोकसभा चुनावों के नतीजों के साथ सियासी दलों व नेताओं का भविष्य भी होगा तय

# ग्रहों की बदली दिशा से महत्वपूर्ण होगी चार जून की सुबह

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** ज्योतिष विज्ञान के अनुसार जून का प्रथम सप्ताह ग्रहों की दिशा के लिहाज से लोकसभा चुनावों के नतीजे के साथ राजनीतिक पार्टियों और नेताओं का भविष्य तय करने में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। जिसका पता चार जून दोपहर तक चल जाएगा। मगर खगोलविदों का नजरिया क्या कहता है, यह अलग विषय है।

इस बार जून का आगमन ग्रहों के दुर्लभ संयोग के साथ बदलने जा रहा है। इस खगोलीय घटना में एक साथ 6 ग्रहों की श्रृंखला आसमान में लामबंद होने जा रहे हैं। दशा प्रभाव के लिहाज से ज्योतिषविद इनके प्रभाव को बेहतर समझा सकते हैं, लेकिन खगोलविदों के लिए ग्रहों की अद्भुत दिशा एक दुर्लभ संयोग होगी। हमारे सौर मंडल में केवल 8 प्रमुख ग्रह हैं। एक पर हम खुद विराजमान हैं, जबकि शुक्र ग्रह इन दिनों सूर्य की चमक में छिपा हुआ है। इनके अलावा अन्य 6 ग्रह हैं, जिनमें शनि, नेपच्यून, मंगल, यूरेनस, बुध और बृहस्पति शामिल हैं।

ये सभी ग्रह जून की शुरुआत से ही सूर्योदय से पहले नजर आएंगे, जो पूर्वी आकाश की शोभा बढ़ाएंगे। इनमें यूरेनस व नेप्च्यून को देखने के लिए दूरबीन की मदद लेनी होगी जबकि अन्य को नग्न आंखों से आसानी से देख सकेंगे। मंगल और शनि को पहचानना सबसे आसान होगा। सूर्योदय से लगभग 20 मिनट पहले इन्हें देखने का उपयुक्त समय होगा। इन्हें देखने के लिए सर्वोत्तम दिन 3 और 4 जून होंगे। ये सभी एक लंबे सर्किल में नीचे से ऊपर की तरफ विराजमान होंगे। जिस कारण इनकी आसानी से पहचान की जा सकेगी।




### 4 जून को कुछ ऐसी होगी ग्रहों की स्थिति

**नैनीताल।** 4 जून सुबह के आकाश में बुध और बृहस्पति एक साथ सबसे करीब दिखाई देंगे। दोनों ग्रह एक डिग्री से भी कम दूर होंगे। इनके ठीक ऊपर यूरेनस होगा। इनके ऊपर चन्द्रमा विराजमान होगा। इनके ऊपर लाल रंग में मंगल होगा। इसके बाद ऊपर की तरफ थोड़ी दूरी पर नेप्च्यून होगा और सबसे ऊपर शनि ग्रह होगा। सूर्य उदय के साथ ही सभी ग्रह अदृश्य हो जाएंगे।


वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा



बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।



सबका साथ | सबका विकास | सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् | डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक | दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झाईंया एक्जिमा दाद।
श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस।
पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से।
पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी।
मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट।
हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका
पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।



अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच
अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना।
मस्तिक का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन।
स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी।
अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइट, हार्नियां, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा



लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी" से एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करते हुए अटल अरोग्य जर्मन होम्यो क्लीनिक के एमडी डा. अतुल मिश्रा व डा. प्रीति मिश्रा।



माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. प्रीति मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच | मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला-हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
पंजाब किंग्स
दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# माही की टीम को 219 का विराट लक्ष्य

## बारिश ने डाला खेल में खलल, विराट ने खेली 47 रनों की पारी, कप्तान डुप्लेसी ने लगाया अर्धशतक, शार्दुल को मिले दो विकेट



**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कप्तान फाफ डुप्लेसी (54 रन) के अर्धशतक और विराट कोहली (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी से शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ पांच विकेट पर 218 रन बनाए।

प्लेआफ के लिए आखिरी स्थान बचा है जिससे लेकर चेन्नई और आरसीबी की यह जंग आज चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत की दहलीज तक किसे ले जाएगी अभी कह नहीं सकते। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई को 218 रनों का लक्ष्य दिया। आरसीबी के लिए घरेलू मैदान पर जहां कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अपना अर्धशतक पूरा किया वहीं विराट ने भी शानदार 47 रनों की पारी खेली। विराट के आउट होने के बाद रनों को बढ़ाने की जिम्मेदारी रजत पाटीदार ने संभली और बेहतरीन 41 रनों की पारी खेली।

रजत पाटीदार के आउट होने के बाद कैमरन ग्रीन ने टीम को 200 की दहलीज तक पहुंचाया। एक छोर पर दिनेश कार्तिक भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए महज 6 गेंदों पर 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। खराब फॉर्म से जूझ रहे ग्लेन मैक्सवेल को काफी नीचे उतारा गया। मैक्सवेल ने आते ही अपने अंदाज में ताबड़तोड़ 5 गेंदों में 16 रन जड़ डाले। देशपांडे की गेंद पर धोनी के हाथों उनकी पारी का अंतक हुए। एक छोर पर अपनी पारी को तेजी से आगे बढ़ाते हुए ग्रीन ने महज 17 गेंदों पर 38 रनों की नाबाद पारी खेली। सीएसके के लिए शार्दुल ठाकुर ने दो जबकि मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे ने एक एक विकेट झटके। अब देखना यह है कि प्लेआफ का टिकट किस टीम को मिलता है। चेन्नई को जीतने के लिए 219 रन बनाने होंगे।



विराट कोहली का विकेट लेने बाद खुशी व्यक्त करते मिचेल सैंटनर और डेरिल मिशेल। ● एजेंसी

**78** रनों की साझेदारी सलामी जोड़ी विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने की

**बेंगलुरु 219/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली कैच डेरिल बो सैंटनर | 47 | 29 | 3/4 |
| फाफ डुप्लेसी रनआउट सैंटनर | 54 | 39 | 3/3 |
| रजत पाटीदार कैच डेरिल बो शार्दुल | 41 | 23 | 2/4 |
| कैमरून ग्रीन नाबाद | 38 | 17 | 3/3 |
| दिनेश कार्तिक कैच धोनी बो देशपांडे | 14 | 6 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल कैच धोनी बो शार्दुल | 16 | 5 | 2/1 |
| महीपाल लोमरोर नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-49-1, शार्दुल 4-0-61-2, तीक्षणा 4-0-25-0, सैंटनर 4-0-23-1, जडेजा 3-0-40-0, सिमरजीत 1-0-19-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

## प्राणवी, दीक्षा और त्वेसा ने जर्मन मास्टर्स में कट हासिल किए



**ब्रेंडेनबर्ग (जर्मनी)।** प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में कट में जगह बनाने में सफल रहीं। प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला।

दो दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर है। त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। टूर्नामेंट में भाग ले रही चार अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह (75) एक शॉट से, वाणी कपूर (77) तीन शॉट से और अमनदीप द्राल (78) पांच शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गई। अवनि प्रशांत दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबले से हट गई। कट का स्कोर पांच ओवर का रहा जिसमें 66 खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहीं।

## निदा का रिकॉर्ड प्रदर्शन पर इंग्लैंड जीता, 2-0 की बढ़त

**नॉर्थम्प्टन, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान की हार के बावजूद के निदा डार टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं हैं। डार ने शुक्रवार को महिला टी-20 में अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर रही ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट (136 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। वह शीर्ष 10 की सूची में एकमात्र पाकिस्तानी महिला हैं।

दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी और नेट साइवर-ब्रंट के उपयोगी योगदान से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 144 रन बनाए। पाकिस्तान के गेंदबाज काफी हद तक प्रभावशाली रहे, उन्होंने रनों की गति को रोका और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। मुनीबा और आलिया रियाज ने कुछ संघर्ष किया लेकिन यह इंग्लिश गेंदबाजों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। मेहमान टीम केवल 79 रन पर आउट हो गई, जिससे इंग्लैंड को 65 रन से जीत मिली और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त मिल गई।

## सिफत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

**भोपाल, एजेंसी**



सिफत कौर सामरा ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा तीसरी बार जीत ली जबकि नीरज कुमार ने पुरूष वर्ग में दूसरी बार जीत दर्ज की। सिफत ने महिलाओं की थ्री पोजिशंस ट्रायल 4 में 461.3 स्कोर करके निच्छल को एक अंक से हराया।

वहीं आशी चौकसी तीसरे , श्रियांका साडंगी चौथे और अंजुम मोद्गिल पांचवें स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में नीरज ने 462.9 स्कोर करके पहला स्थान हासिल की। चैन सिंह दूसरे, ऐश्वर्य तोमर तीसरे, स्वप्निल कुसाले चौथे और अखिल श्योराण पांचवें स्थान पर रहे। चार ट्रायल में तीन जीतकर सिफत इस वर्ग में शीर्ष रही जबकि अंजुम दूसरे स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में ऐश्वर्य तोमर और कुसाले पहले दो स्थान पर रहे। पुरूष और महिला वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल ट्रायल 4 भी शनिवार को हुए। पुरूष वर्ग में कार्तिक राज शीर्ष रहे तो महिला वर्ग में रमिता जिंदल ने बाजी मारी। पिस्टल वर्ग में मनु भाकर शीर्ष रही जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत ने पहला स्थान हासिल किया। अब चार दौर के बाद मनु और रिदम सांगवान शीर्ष दो स्थानों पर है जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत और अर्जुन पहले व दूसरे स्थान पर हैं।

## खेल डायरी

### हार्दिक पर अगले सीजन के लिए एक मैच का निलंबन

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवर गति के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है। अब वह अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उनकी टीम समय पर अपने ओवर खत्म नहीं कर पाई थी। एमआई के लिए यह मैच आईपीएल के मौजूदा सत्र का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीजन के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीजन में यह तीसरी बार था जब एमआई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रहा।

### आकाश-पोयमंती ने जीता डब्ल्यूटीटी खिताब

**नेवसेहिर (तुर्किये)।** भारत के टीटी खिलाड़ी आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने तुर्किये के नेवसेहिर में डब्ल्यूटीटी फीडर कप्पाडोसिया 2024 में मिश्रित युगल का खिताब जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में हमवतन अनिर्बान घोष और स्वास्तिका घोष को रोमांचक मुकाबले में 3-2 के स्कोर से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में पाल और बैस्या ने यूक्रेन के एंड्री ग्रेबेनियुक और दिमित्रेंको को 3-0 से हराया था। गौरतलब है कि पाल और बैस्या का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी खिताब था। भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी ने मार्च में बेरूत में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर हमवतन साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को चौंका दिया था।

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के फाइनल में

**बैंकॉक।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी।

### इटैलियन ओपन फाइनल में ज्वेरेव का सामना जेरी से

**रोम।** पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को 1-6, 7-6, 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है। उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था। इसके एक साल बाद वह राफेल नडाल से हार गए। महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा।

## इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने संतुलन बिगाड़ा : कोहली

**बेंगलुरू, एजेंसी**

● इस नियम ने हरफनमौलाओं पर डाला है विपरीत असर

कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी।

अब कोहली ने कहा मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं। रोहित ने पॉडकास्ट में कहा मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं। इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि यह नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया है ताकि दो खिलाड़ियों को एक मैच में मौका मिल सके। कोहली ने कहा मुझे यकीन है कि जय भाई ने कहा है कि वह इसकी समीक्षा करेंगे और ऐसा निष्कर्ष निकलेगा कि खेल में संतुलन पैदा हो सके।

## ओलंपिक कोटा हासिल करने उतरेगा भारत

**नई दिल्ली।** परवीन हुडा के निलंबन के बाद भारत महिला मुक्केबाजी में 57 किग्रा में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेगा। हुडा को आईटीए द्वारा ठिकाने की विफलता के



लिए निलंबित कर दिया गया था। अब 57 किग्रा वजन वर्ग मेंजैस्मीन लाम्बोरिया थाईलैंड में 24 मई से शुरू होने वाले दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में हिस्सा लेंगी। बीएफआई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने हुडा द्वारा जीते गए कोटा स्थान को अस्वीकार कर दिया है, विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति मिल जाएगी। पंजीकृत मुक्केबाज ही भाग लेने के पात्र हैं, जिससे भारत 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में दावेदारों तक ही सीमित रह गया है।

## टी-20 विश्व कप : अधिकांश भारतीय खिलाड़ी 25 मई को होंगे न्यूयॉर्क रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी-20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।

बीसीसीआई सूत्र के अनुसार रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा। पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जाएगा। आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है। टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी, विराट, सूर्यकुमार, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, जडेजा, अक्षर, कुलदीप, चहल, अर्शदीप सिंह, बुमराह, मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है।

## बॉलीवुड हलचल

### रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेती कृति सैनन की जोड़ी रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकती है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कृति सैनन को हाल ही में मैडॉक के ऑफिस में देखा गया है। तभी से लेकर दोनों की साथ फिल्म करने को लेकर चर्चा है। कहा जा रहा है कि मुराद खेतानी जिस देसी मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं, उसमें सिद्धार्थ नजर आने वाले हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में सिद्धार्थ के साथ कृति सैनन नजर आ सकती है।



### हाउसफुल 5 में होगी अर्जुन रामपाल की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल की एंट्री हाउसफुल 5 में हो सकती है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के बाद अब अर्जुन रामपाल की भी एंट्री हो सकती है। हाउसफुल के पहले पार्ट में अर्जुन रामपाल नजर आए थे। 'हाउसफुल 5' में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।अर्जुन रामपाल भी अहम भूमिका में दिखेंगे। इस बार उनका किरदार गंभीर होने के साथ-साथ मजेदार भी होने वाला है। यह फिल्म इसी साल अगस्त से फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि फिल्म हाउसफुल 5 अगले साल 06 जून को सिनेमा घरों में रिलीज होगी।




अंकतालिका में नंबर दो पर आने के लिए मुकाबले होंगे अहम, केकेआर-राजस्थान शीर्ष पर काबिज

# दूसरे स्थान पर आना चाहेंगे सनराइजर्स

**हैदराबाद, एजेंसी**

पिछले तीन साल में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को यहां जब लीग चरण के अपने अंतिम मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर होगी।

आईपीएल के पिछले तीन सत्र में अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही सनराइजर्स की टीम ने इस साल अति-आक्रामक बल्लेबाजी दृष्टिकोण और बेहतरीन गेंदबाजी के साथ खुद को खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित किया है। सनराइजर्स अभी 13 मैचों में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है। पंजाब किंग्स को हराने के बाद टीम 17 अंक तक पहुंच सकती है। रविवार को खेले जाने वाले एक अन्य मैच में अगर संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम



कोलकाता (केकेआर) नाइट राइडर्स को हराने में सफल रही तो उसके 18 अंक हो जाएंगे और टीम दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। केकेआर का शीर्ष दो स्थान में रहना पक्का है।

सनराइजर्स के हौसले हालांकि इस बात से बुलंद होगे की गुजरात के खिलाफ बारिश के कारण मैच धुलने से पहले उसमे लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। वहीं, अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद पंजाब किंग्स के लिए यह मौका खुद को साबित करने का होगा।

## केकेआर को हराकर दूसरा स्थान पक्का करना चाहेंगे रॉयल्स

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिए कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिए गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और उनकी लय पर असर पड़ सकता है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### युवती के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के धनीरामपुर गांव निवासी महिला किरन देवी ने शिकायती पत्र देकर पुलिस को बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री शुक्रवार की सुबह घर से निकली थी। काफी समय बीत जाने पर भी वापस नहीं आई। जिसपर उसकी आसपास गांव व रिश्तेदारी में खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी एसएनद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई है।

### जमीनी विवाद में मारपीट का वीडियो वायरल

**संदलपुर।** शनिवार को मंगलपुर थाना के संदलपुर चौकी क्षेत्र के कसोलर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें एक पक्ष के कुछ लोग निर्माण कार्य की जगह पर दूसरे पक्ष के एक युवक को पकड़े हुए दिखाई दे रहे और उनमे झड़प हो रही है। इस पूरे मामले का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। सीओ डेरापुर ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। हालाकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर केस दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बहलवापुर काशीपुर निवासी महिला किरन यादव ने बताया कि रात को पड़ोसी शिव सिंह यादव शराब पीकर गाली दे रहे थे। जब उसने मना किया तो वह अपने बेटे शैलेंद्र व योगेंद्र के साथ घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया की पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मामूली विवाद में फावड़े से कर दिया हमला

**रूरा।** रायपुर कमालपुर गांव निवासी अनिल सिंह ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की शाम को गांव में दूध नापने गया था। तभी कन्हैया यादव उससे मामूली बात को लेकर मारपीट करते हुए फावड़े से वार कर दिया। जिससे उसे चोटे आई हैं। थानाध्यक्ष एसएन सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### सांप के डसने से बुजुर्ग की हालत गंभीर

**रसूलाबाद।** शुक्रवार की रात्रि अटियारायपुर निवासी रामकुमार (61) जानवरों को चारा डाल रहे थे। तभी उसके हाथ में सांप ने डंस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन फानन रसूलाबाद सीएचसी ले गए। जहां से हैलट कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# सीजन में पहली बार 45 डिग्री के करीब पारा

## सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा अधिकतम व न्यूनतम तापमान, भीषण गर्मी से लोग बिलबिलाए

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात


तेज धूप व लू के बीच मुंह ढंककर साइकिल से जाती छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी शुरू हो गई है और पारा 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है। शनिवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा रहेगा। लेकिन उसके बाद तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है।

जनपद में शनिवार को काफी तेज गर्मी पड़ी। दिन का तापमान इस सीजन में पहली बार 44.8 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। यह सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह भी सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक पाया गया। दिन में इतनी तेज धूप रही कि लोगों को 45 डिग्री के बराबर गर्मी महसूस हुई। गर्म हवा के थपेड़ों से सुबह भी काफी गर्मी रही। चिलचिलाती धूप की वजह से दोपहर 12 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा दिखने लगा था। ज्यादातर लोग गर्मी और लू से बचने के लिए शाम को ही घर से बाहर निकले। जरूरी काम से निकलने वाले लोग भी सड़कों पर स्कार्फ बांधकर निकले। आसमान में बादलों की उपस्थिति शून्य रही। हवा की रफ्तार भी बहुत ज्यादा नहीं रही। अधिकतम साढ़े पांच किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। इस वजह से गर्मी कुछ अधिक महसूस हुई। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार दिन का तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री तक अधिक रहेगा। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

- गर्मी व चिलचिलाती धूप से पूरी दोपहर सड़क व बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

**ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री 40 प्रतिशत बढ़ी:** पिछले वर्ष गर्मी के सीजन की तुलना में इस वर्ष इस सीजन में ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री 40 प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनियों ने भी लोगों के बजट व मांग का ध्यान रखते हुए उनकी सुविधा के अनुसार नए फ्लेवर वाले ठंडे पेय पदार्थ निकाले है। ठंडे पेय पदार्थों के इस बाजार में इस वर्ष नई कंपनियां भी आई है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों गन्ना का रस, लस्सी, जूस आदि की भी बिक्री बढ़ गई है।

### पीएचसी में हीट स्ट्रोक के मरीजों की भरमार

- राजपुर। भीषण गर्मी में लू के थपेड़े चलने से लोग बेहाल हैं। जिसका असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को राजपुर पीएचसी में दोपहर दो बजे तक 120 मरीज पहुंचे। जिनमें 32 मरीज उल्टी-दस्त व बुखार से पीड़ित थे। हीट स्ट्रोक की चपेट में आई रमऊ गांव की खुशबू को भर्ती कर इलाज किया गया। इसके अलावा पिचौरा गांव के ध्रुव लाल की पत्नी मंजू देवी (35) को पेट में दर्द, बुखार व उल्टी दस्त की समस्या होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीएचसी के डाक्टर शिवकुमार ने बताया कि हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मरीजों को दवाएं देकर सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

# पीएचसी में 5 घंटे बिजली गुल, बेहाल रहे मरीज


बिजली न आने से राजपुर पीएचसी में हाथ के पंखे से मरीज को हवा करती तीमारदार।

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** जैनपुर उपकेंद्र में मनमाने ढंग से हो रही विद्युत कटौती के कारण आम लोगों के साथ ही मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि 18 घंटे की आपूर्ति के रोस्टर वाले राजपुर में रोज लगभग दस घंटे तक विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं।

शनिवार को सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली गुल रही। इससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज बेहाल दिखे। मरीजों के तीमारदार हाथ के पंखे से हवा देते नजर आए तो कोई गमछे से हवा कर रहा है। तीमारदारों ने बताया कि यहां बिजली कटने के बाद जेनरेटर नहीं चलाया जाता। तब हाथ का पंखा ही कुछ राहत प्रदान करता है। अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि रोजाना हो रही अघोषित कटौती के कारण बीमार मरीजों के उपचार करने की बजाय खुद ही बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। राजपुर के जेई सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि विद्युत लाइन में फाल्ट होने से पांच घंटे आपूर्ति बाधित रही है। हालांकि रोस्टर के तहत राजपुर में 18 घंटे बिजली दी जा रही है।

- हाथे के पंखे से मरीजों को राहत देते रहे तीमारदार

# स्कूल प्रबंधक की पत्नी की ट्रेन से कट कर मौत

संवाददाता रूरा

**अमृत विचार।** डीएफसी रेलवे लाइन पार करते समय प्राइवेट स्कूल प्रबंधक की पत्नी मालगाड़ी की चपेट में आ गई। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह थाने पहुंचे पति की शव की शिनाख्त की।


संध्या।

रूरा थाना क्षेत्र के बचीत भरथू निवासी एसयूडी आदर्श विद्यालय के प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी संध्या (40) अकबरपुर में रहकर अध्यापन का कार्य करती हैं। शुक्रवार की देर रात संध्या गांव बचीत भरथू जा रही थी। वह अकबरपुर रोड पर ऑटो से उतर कर पैदल रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी। तभी डीएफसी की अप लाइन पर खंभा नंबर 532/28 के पास मालगाड़ी की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रात भर महिला के घर न पहुंचने पर परिजन परेशान रहे। जानकारी पर शनिवार सुबह थाने पहुंचे पति चरन सिंह ने मृतका की पहचान पत्नी संध्या के रूप में की। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के एक पांच वर्षीय पुत्र अंश है। चौकी इंचार्ज राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

- रात में डीएफसी लाइन पार करते समय हुआ हादसा परिजनों में मचा कोहराम

# किसान को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** उइछा गांव में रात को खेतों की रखवाली कर रहे किसान को मिट्टी लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिससे किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।


रामवीर शर्मा।


किसान की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

मंगलपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुड़ेरा किन्नर सिंह के मजरा उइछा गांव निवासी रामवीर शर्मा (45) खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। शुक्रवार रात वह खाना खाकर खेतों में खड़ी मूंग फसल की रखवाली करने के लिए गए हुए थे। वह खेत किनारे चकरोड पर चारपाई डाले हुए थे। तभी अर्द्धरात्रि को झींझक की तरफ से मिट्टी खनन कर आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रामवीर को कुचल दिया। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी पर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। शव देखकर पत्नी रानी देवी, पुत्र अवनीश, पुत्री पूनम, आदित्य, आरती, निखिल आदि का रो-रोकर बुरा हाल था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई रामकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर सबलपुर गांव निवासी सुमित पर ट्रैक्टर से कुचल देने का आरोप लगाया है। जिसपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर छानबीन शुरू की है।

- मौत की खबर आते ही परिवार में मचा कोहराम, उइछा गांव में देर रात हुआ हादसा

## सार-संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**रसूलाबाद।** दो बाइकों के भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार देर रात्रि कछवाहेन निवादा निवासी प्रदीप कुमार पाल (35) झींझक जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ महेरा निवासी लल्लन (25) रसूलाबाद में बिल्हौर मार्ग पर बाइक मोड़ रहे थे। तभी दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### करंट लगने से विवाहिता झुलसी

**रसूलाबाद।** तार लगाते समय विवाहिता करंट से झुलस गई। शुक्रवार देर रात पितानपुर्वा निवासी अनीता देवी (45) पत्नी कैलाश बोर्ड में तार लगा रही थी। तभी एक तार निकल जाने के कारण अचानक करंट लग गया। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए।

### विवाहिता ने पीया जहरीला पदार्थ

**रसूलाबाद।** पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने जहरीला पदार्थ पी लिया। शनिवार को नरसिंहपुर निवासिनी शीला देवी (32) पत्नी सर्वेश कुमार ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए।

### जातिसूचक शब्दों के प्रयोग करने में तीन पर केस दर्ज

**सिकंदरा।** तहसील परिसर में दलित महिला के साथ मारपीट व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देना तीन लोगों को महंगा पड़ गया। राजपुर थाना क्षेत्र के पैलावर निवासी अर्चना पुत्री श्रीप्रकाश ने सिकंदरा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके साथ तीन लोगों ने बीती एक मई को सिकंदरा तहसील परिसर में मारपीट कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में ज्योति शर्मा, रामशरण व अमन निवासी सरदारपुर के खिलाफ एससीएसटी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# गर्भवतियों से मंगा रहे बाहरी दवा

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स गर्भवतियों को अस्पताल के बाहर की दवाइयां लिख रही है। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज के दावे हवाहवाई साबित हो रहे हैं। वहीं तैनात चिकित्सक ने कहा पर्चे पर दवा लिखना उचित नहीं है। स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा


राजपुर पीएचसी में पर्चे पर सही के निशान लगी दवा बाहर से लाने को लिखी गई।

शनिवार को अफसरिया गांव निवासी हसीन खां अपनी गर्भवती पत्नी करिश्मा के पेट में दर्द की शिकायत पर गांव की आशा राजकुमारी के पास गए। आशा गर्भवती को लेकर राजपुर पीएचसी आई। यहां प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स अभिरुचि ने गर्भवती का चेकअप किया और कुछ दवाईयां दी। साथ ही डुवा डुवालिन नामक दवा पर्चे पर लिखकर बाहर से मंगवा ली। आशा राजकुमारी गर्भवती के पति को साथ लेकर अस्पताल के बाहर से मेडिकल स्टोर से दवा लेकर आईं। मामले में पीएचसी के चिकित्सक डॉ. शिवकुमार ने बताया कि प्रेगनेंसी के दौरान दर्द होने और सुरक्षित प्रसव के लिए उक्त दवा का उपयोग किया जाता है। पर्चे पर बाहर की दवा लिखना स्टाफ नर्स को अधिकार नहीं है। पर्चे पर दवा लिखना उचित नहीं है। लापरवाह स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।

- स्टाफ नर्स ने आशा को दिया पर्चा, चिकित्सक बोले स्पष्टीकरण देना होगा

### पीएचसी में एक महीने से वीगो तक नहीं

- राजपुर पीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट अजीत कटियार ने बताया कि अस्पताल में लगभग एक माह से वीगो तक नहीं है। इसकी जानकारी पीएचसी प्रभारी व ड्रग वेयर हाउस माती को दी जा चुकी है। इसके बावजूद शनिवार तक पीएचसी में वीगो नहीं पहुंच सके हैं। जिससे मरीजों को अस्पताल के बाहर प्राइवेट मेडिकल स्टोर से वीगो लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पीएचसी में वीगो न होने से गर्भवती का पति ध्रुवलाल बाहर मेडिकल स्टोर से खरीद कर ले गया।


पीएचसी की ओपीडी में मरीजों को दवा लिखता फार्मासिस्ट। अमृत विचार

# फार्मासिस्ट ने किया इलाज तो वार्ड ब्वॉय ने बांटी दवाएं

**राजपुर।** पीएचसी में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बदहाल है। मई महीने में भीषण गर्मी से मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की भरमार है। ऐसे में जिम्मेदारों की अनदेखी से मरीजों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। शनिवार को पीएचसी की ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। यहां ओपीडी में चिकित्सक डॉ. शिवकुमार ने गंभीर मरीजों का इलाज किया। जबकि ड्यूटी डाक्टर की जगह पर फार्मासिस्ट अजीत कटियार मरीजों को दवाएं लिखते नजर आए। इसके अलावा सलेमपुर सीएचसी में तैनात वार्ड ब्वॉय गोविंद सिंह ने दवा कक्ष में बैठकर मरीजों को दवा वितरित की। पीएचसी के चिकित्सक डॉ. शिवकुमार ने बताया कि शनिवार को ओपीडी के अलावा इमरजेंसी ड्यूटी में उन्हीं की ड्यूटी थी। फार्मासिस्ट द्वारा मरीज देखने की जानकारी नहीं है। वार्ड ब्वाय की ड्यूटी पर्चा बनाने में लगाई गई है। मामले में जांच की जाएगी।

# बच्चों को खेलों के जरिए कराई पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बच्चों को सबसे ज्यादा खेलना पसंद होता है और अगर उन्हें कुछ सीखना हो तो जबरन सिखाने की जगह उन्हें खेलों के जरिए सिखाने की कोशिश करनी चाहिए। इससे खेल-खेल में उन्हें सीखने को भी मिल जाता है। इसी उद्देश्य से रसूलाबाद ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय उसरी में ग्रीष्मावकाश शुरू होने के पूर्व विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों एवं क्रियाकलापों से बच्चों का ज्ञानवर्धन किया गया।


प्रिंटेड गृह कार्य की प्रतियां दिखाते उसरी प्राथमिक विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

शनिवार को बच्चों ने रोचक गतिविधियों में पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। अंतिम दो दिवसों की गतिविधियों का सभी अध्यापकों व बच्चों ने बहुत ही उल्लास के साथ आनंद लिया। बच्चों का मन भी प्रसन्न रहा और विद्यालय में प्रतिदिन आने के लिए आकर्षण भी बढ़ा। विद्यालय की प्रधानाध्यापक पारुल निरंजन ने सभी बच्चों को बहुत ही रोचक गतिविधियां कराई। प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के सभी बच्चों के लिए प्रिंटेड गृह कार्य की प्रतियां दी। जिन्हें सभी कक्षा अध्यापकों ने बच्चों को प्रदान किया और ग्रीष्म अवकाश के बाद सभी बच्चे से अपना अपना गृह कार्य पूर्ण कर लाने को कहा गया। शिक्षिका प्राची तिवारी व लवी यादव ने बच्चों को विभिन्न खेल खिलाए। शिक्षिका रीना ने सांस्कृतिक प्रोग्राम कराए। शिक्षिका अरुणा शर्मा ने बच्चों को क्राफ्ट वर्क कराया। शिक्षामित्र गीता देवी एवं पिंटू सिंह द्वारा विभिन्न रोचक गीत व कहानी बच्चों को सिखाई गई।

- खेल और विभिन्न गतिविधियों से सीख कर बच्चे आगे चल कर बनते हैं प्रतिभाशाली

**लोकसभा चुनाव-2024** | जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण में दिए कई निर्देश

# पोलिंग पार्टी से संपर्क में रहें सेक्टर मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा लोकसभा सीट से जुड़ी के विधानसभा भोगनीपुर में 20 मई को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराए जाने के लिए डीएम की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट व माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुआ।


सेक्टर मजिस्ट्रेट व माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण देते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

शनिवार को प्रशिक्षण के दौरान डीएम आलोक सिंह ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट व माइक्रो आब्जर्वर की शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मतदान दिवस पर बूथ पर कोई भी समस्या आती है तो उसका निदान सबसे पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट को करना होता है। सेक्टर मजिस्ट्रेट का पोलिंग पार्टी से निरंतर संपर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर सभी महत्वपूर्ण कार्रवाई समय पर प्रारंभ हो, इसकी जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की होती है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रत्येक दो घंटे में रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि मॉकपोल निर्धारित समय पर हो जाए और सभी प्रपत्र जो भरे जाने हैं, वह महत्वपूर्ण होते हैं। उनको समय पर भरकर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएं। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन., एडीएम प्रशासन अमित कुमार, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय समेत सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।

# वोट मांगने गए अध्यक्ष प्रतिनिधि को घेरा

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** अमरौधा विकासखंड क्षेत्र के ट्योंगा गांव में टूटे-फूटे गड्ढों युक्त खड़ंजा, जलभराव व गंदगी से बजबजाती नालियां विकास कार्यों की पोल खोल रही हैं। इसके बाद भी अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। जिससे परेशान ग्रामीणों ने भाजपा के पक्ष में लोकसभा प्रचार के लिए पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि का घेराव कर निस्तारण की मांग की। प्रतिनिधि ने कैबिनेट मंत्री के जरिये समस्या निराकरण का भरोसा दिलाया है।



गांव के कीचड़ व जलभराव वाले रास्ते से जाता बाइक सवार। अमृत विचार

बीहड़ पट्टी के ट्योंगा गांव में सालों से सड़क में जलभराव की भारी समस्या है। पानी निकासी के लिए नाली न होने से रास्ते में जलभराव हो रहा है। जलभराव और कीचड़ से उठती दुर्गंध से लोग परेशान हैं। गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। बजबजाते कीचड़ की दुर्गंध लोगों के घरों के अंदर तक जाती है। वहीं सड़क पर जलभराव से लोगों को पैदल निकलना दुश्वार है। गांव के राजेश कुमार, अनुरुद्ध कुमार, सोबरन सिंह, भागीरथ, नेहरू प्रसाद आदि ने बताया कि बीहड़ पट्टी होने के कारण कोई अधिकारी इधर ध्यान नहीं देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संपूर्ण समाधान दिवस व ब्लाक स्तर पर शिकायतें करने के बावजूद आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे ग्रामीण में आक्रोश है। वहीं चुनाव में जनसंपर्क करने गांव पहुंचे मूसानगर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद निषाद को ग्रामीणों ने घेर कर समस्या से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि मंत्री राकेश सचान से कह कर समस्या का निस्तारण करवाया जाएगा।

- बीहड़ पट्टी के टयोंगा में गंदगी से बजबजा रही नालियों से मच्छरों की भरमार

# मारपीट में चार पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** केशव नगर निवासी विधवा उमाकांती सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसे व उसकी जेठानी मीरा देवी को शंकरगंज झींझक निवासी गण सत्यम सिंह व सास अंजू सिंह तथा दो अज्ञात लोग घर में घुसकर गाली गलौज करने लगे। उसे व उसकी जेठानी को बुरी तरीके से मारा पीटा। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# हार्ट अटैक के पहले से मिलने लगते कई संकेत

सावधान



- विशेषज्ञ बोले, हार्टअटैक में वैक्सीन का किसी भी प्रकार का रोल नहीं
- बच्चों में जन्मजात और 70 फीसदी वयस्कों में खराब जीवनशैली जिम्मेदार



डॉ.सत्येंद्र तिवारी।



डॉ.अवधेश शर्मा।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ने से पहले ही शरीर संकेत देने लगता है, जिसके लक्षण मरीजों में अलग-अलग हो सकते हैं। बस उसको भांपने की जरूरत होती है। खास बात यह है कि हार्टअटैक में 70 प्रतिशत वजह खराब जीवनशैली होती है। वर्तमान में 100 में से 20 लोग ही 40 वर्ष की उम्र से अधिक देखे जा रहे हैं।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में आईएमए सीजीपी में लखनऊ एसजीपीआई के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ.सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि सीने में दर्द, गर्दन में दर्द, जबड़े में दर्द, हाथ व पीठ में दर्द और एसी में बैठने पर भी पसीना आना एक गंभीर समस्या हो सकती है, जिसे नजरंदाज नहीं करना चाहिए। यह हार्ट अटैक आने का संकेत हो सकता है। हार्ट अटैक आने के चार से तीन दिन पहले से यह समस्या संबंधित व्यक्ति में देखी गई है। थकान इतनी होती है कि व्यक्ति को ठीक से चला तक भी नहीं जाता है।

वहीं, युवाओं और महिलाओं में सांस फूलती है, चक्कर आता है, पसीना आता है और चेहरे पर सूजन भी आती है। यह सब लक्षण नजर आने पर व्यक्ति को सावधान रहने की विशेष जरूरत है। हार्ट अटैक आने में 70 प्रतिशत जिम्मेदार हमारी जीवनशैली होती है। वही, इन दिनों फॉस्ट फूड व जंक फूड का चलन भी काफी तेजी से बढ़ा है, जिसमे ट्रासफैटी एसिड काफी अधिक होता है, जिससे लोगों को परहेज करना चाहिए। वहीं, बच्चों में हार्ट अटैक का कारण अनुवाशिंक होता है। बच्चों में दिल में छेद या नसों में दिक्कत होने से समस्या होती है। वैक्सीन हार्ट अटैक का कारण नहीं है।

एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान के प्रोफेसर व प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. अवधेश शर्मा ने बताया कि आधुनिक समय में गलत खानपान, तनाव, धूम्रपान की लत, गुटखा खाना, स्मोकिंग, शुगर व बीपी के कारण युवाओं में हार्ट अटैक की समस्या बढ़ी है। दिल से संबंधित समस्याओं को स्वस्थ खानपान और अच्छी जीवनशैली से काफी कम किया जा सकता है। वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.आरपीएस भारद्वाज, डॉ.मोहम्मद अहमद, डॉ.एके त्रिवेदी व डॉ.उमेश्वर पांडेय ने भी दिल की बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी।

## गर्मी में गश खाकर सड़क पर गिरी वृद्धा





हीट वेब अलर्ट अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जेष्ठ माह की प्रचंड गर्मी सूरज के बढ़ते तापमान से शहरी लोग बेहाल हैं। घंटाघर चौराहे पर शनिवार को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर चलते-चलते अचानक वृद्धा को बेहोशी छाई और वृद्धा सड़क पर गिर गई। गर्म सड़क पर गिरने से वृद्धा के हाथ पैर झुलस गए। वहाँ से गुजर रहे राहगीरों ने वृद्धा को उठाकर सड़क के किनारे छांव में बिठाया और पानी पिलाया तो वृद्धा को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। फोटो – मनोज तिवारी

# कुर्सियां टूटी पड़ीं, वाटर कूलर सूखे, यात्री बेहाल

पड़ताल

कानपुर। गया, बिहार और दिल्ली रूट की ट्रेनों में जनरल कोच में बैठने की जगह नहीं है। लोग इस भीषण गर्मी में खड़े-खड़े सफर करने को मजबूर हैं। यात्रियों की परेशानी यहीं खत्म नहीं होती। सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्मों पर कुर्सियां टूटी हैं। वाटर कूलर सूखे पड़े हैं और उनके आसपास कबाड़ जमा है। स्टेशन परिसर में खुलेआम पान-मसाला बेचा जा रहा है। प्लेटफार्म नौ और आठ पर अवैध वेंडरों का जमघट लगता है, जो ट्रेन आते ही खिड़की-दरवाजे घेर लेते हैं। प्लेटफार्म पर स्टाल लगाने वाले लोगों का कहना है कि किनारे का प्लेटफार्म होने के कारण बाहरी दुकानों पर काम करने वाले लड़के भी ट्रेन देखकर सामान बेचने आ जाते हैं। किसी अधिकारी को आते देखते हैं तो भाग खड़े होते हैं। फल-कोल्डड्रिंक और पानी के साथ स्टेशन पर प्रतिबंधित पान-मसाला भी बेंचते हैं।



नल के पास लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

### मसाला भी बिक रहा

स्टेशन परिसर में खान-पान की सामग्री छोड़कर पान-मसाला बिक्री पर सख्त पाबंदी है। इसके बावजूद अवैध वेंडर खुलेआम प्लेटफार्मों पर घूम-घूमकर बेच रहे हैं। शनिवार दोपहर प्लेटफार्म नौ पर एक युवक झोले में पान-मसाला भरकर पहुंचा और हाथ में लटकाकर बेचने लगा। गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस में बेचने के बाद दूसरी ट्रेनों की तरफ रुख किया।

### आखिर लगने लगे पंखे

इधर गर्मी बढ़ने पर प्लेटफार्मों पर लगे पंखे एक-एक करके बंद होने लगे थे। कई पंखे सिर्फ घूम रहे थे। प्लेटफार्म आठ-नौ पर तो इक्का-दुक्का पंखे ही हैं, लेकिन अब यात्रियों को राहत मिलेगी। शनिवार से प्लेटफार्मों पर नए पंखे लगाने का काम शुरू हो गया है। प्लेटफार्म एक पर पंखे लगा रहे मिस्त्री छोटे ने बताया कि उन्हें करीब 80 पंखे लगाने के लिए दिए गए हैं।



कुर्सियों का यह हाल हो गया। अमृत विचार

## पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रहीं

सीन 01

यात्रियों को शुद्ध और शीतल जल के लिए प्लेटफार्म नौ पर लगाया गया वाटर इस भीषण गर्मी में सूखा पड़ा है। टोटियों पर गंदगी जमा है। वाटर की आसपास कबाड़ जमा कर दिया गया है। वाटर कूलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस सीजन में यह चालू नहीं हुआ है। वहीं गर्मी से बेहाल यात्री प्लेटफार्म पर ठंडे पानी के लिए बोतल लेकर भटकते रहते हैं। टोटियों से गर्म पानी आता है। मजबूरी में यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए पैसे खर्च कर पानी की बोतले खरीदनी पड़ती हैं।



खुलेआम बिक रहा पान मसाला।




नए पंखे लगाए जा रहे। अमृत विचार

## कुर्सियों पर बैठने से लगता डर

सीन 01

प्लेटफार्म पर आठ पर यात्रियों के बैठने के लिए सीटिंग चेयर पड़ी हैं। कुछ सीटिंग चेयर सीमेंट की हैं तो कुछ लोहे की। सीमेंट वाली चेयर के पट्टे हिल रहे हैं। वहीं लोहे की कई सीटिंग चेयर प्लेटफार्म पर टूटी पड़ीं हैं। प्लेटफार्मों पर ट्रेनें के आने का समय जब होता है तो लोग खड़े-खड़े ट्रेन का इंतजार करते हैं। बैठने की जगह नहीं होती है। यात्रियों ने बताया कि कई चेयर हिलती हैं, जिससे गिर भी सकते हैं। इसलिए लोग बैठने के बाद उठकर खड़े हो जाते हैं। यात्रियों को खड़े होकर ही ट्रेनों का इंतजार करना पड़ता है।

## अवैध खनन में लगे तीन डंपर, जेसीबी पकड़ी

**शिवली।** तहसील क्षेत्र में खनन माफिया रात दिन खनन में लगे हैं। नहरीबरी के चार किसानों के खेत की मिट्टी चोरी की रिपोर्ट अभी नही लिख पाई कि खनन माफिया फिर सक्रिय हो गए। शनिवार की सुबह खनन में लगे तीन डंपर व एक जेसीबी को तहसीलदार प्रिया सिंह ने पकड़ा है। तहसीलदार ने एक सूचना पर हिंदूपुर गांव से खनन पर छापेमारी की। दो डंपर में मिट्टी भरी थी। जबकि एक डंपर खाली था। छापेमारी होते ही खनन में लगे लोग भाग निकले।

आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को इलेक्ट्रीशियन की
PLC बेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

## सार-संक्षेप



बैठक में निर्देश देते डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व अधिकारी।

### डीएम-एसपी ने मतदान को लेकर दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जनपद में पांचवें चरण में 20 मई को होने वाले जालौन-गरौठा लोकसभा सीट के मतदान को लेकर शनिवार को पुलिस लाइन माती में डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने निर्वाचन प्रक्रिया में लगे पुलिस, पीएसी व अर्द्धसैनिक बलों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करें। साथ ही सभी जवान अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इस दौरान एएसपी राजेश पांडेय समेत सीओ आदि मौजूद रहे।

### सवारियों की जान जोखिम में डालकर फर्राटा भरते ई-रिक्शा

**रूरा।** ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या और बेतरतीब संचालन रूरा कस्बे में जाम का कारण बन रहा है। वहीं सड़कों पर दौड़ रहे अनफिट ई-रिक्शा और क्षमता से अधिक यात्री बैठाए जाने से हादसे का डर रहता है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी गंभीर नहीं हैं। फर्राटा भरते अधिकांश ई-रिक्शा चालकों के पास लाइसेंस तक नहीं है। जबकि कई जगहों पर नाबालिग भी ई-रिक्शा चलाते हुए देखे जा सकते हैं, जो मनमाने तरीके से सवारियों को ठूंसकर बैठाते हैं।



लोग लटककर जाते दिखे।

## इग्नू के पुखरायां अध्ययन केंद्र में विद्यार्थी लें प्रवेश

**पुखरायां।** कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्रामद्योग परास्नातक महाविद्यालय पुखरायां में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. पर्वत सिंह ने बताया कि जुलाई 2024 सत्र के इग्नू द्वारा प्रवेश प्रारंभ कर दिए गए हैं।

इग्नू में प्रवेश के लिए इग्नू डॉट एसी डॉट इन लिंक पर जाकर विद्यार्थी को रजिस्टर्ड करना होता है। कोर्स सिलेक्ट कर पेमेंट जमा करना पड़ता है। यहां अध्ययन केंद्र पर बीए, बीकॉम, एमए हिंदी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास के अलावा भोजन एवं पोषण, बाल देखभाल, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं। साथ ही मार्गदर्शन, भोजन पोषण में प्रमाण पत्र सहित अनेक कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

# दीक्षा एप के इस्तेमाल में 47वें नंबर पर आया कानपुर देहात

- कानपुर मंडल में जनपद कन्नौज 70वें स्थान पर रहकर सबसे फिसड्डी रहा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मंडल के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक दीक्षा एप का प्रयोग करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। शासन स्तर से मई माह के द्वितीय सप्ताह में पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट का जिलेवार विश्लेषण किया गया। इसमें डिजिटल कंटेंट के प्रयोग में कानपुर नगर ने 34 तो देहात ने 47वीं रैंक के साथ औसत प्रदर्शन किया है। वहीं औरैया 61वें, फर्रुखाबाद 67वें व कन्नौज 70वें की स्थिति औसत से कम है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से बेसिक शिक्षा अधिकारियों को परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों और विद्यार्थियों की प्रोफाइल में विकासखंड और विद्यालय की मैपिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे दीक्षा एप का प्रयोग करने पर डाटा रिपोर्ट में प्रदर्शित हो सके। इसकी निगरानी के लिए जिला स्तर पर जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) और विकासखंड स्तर पर ब्लॉक समन्वयक (गुणवत्ता) को नोडल नामित किया गया है। मई माह के प्रथम सप्ताह में दीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट के विश्लेषण में जिलों की स्थिति का आंकलन किया गया है। इसमें दीक्षा एप के प्रयोग के आधार पर जिला और विकासखंड की स्थिति प्रदर्शित की गई है। रिपोर्ट में प्रथम तीन स्थानों पर सीतापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, लखनऊ ने जगह बनाई है। वहीं कानपुर मंडल में कन्नौज की स्थिति सबसे खराब रही। कई शिक्षकों ने दीक्षा प्रोफाइल में विकासखंड और विद्यालयों की मैपिंग नहीं की है। उनका रिपोर्ट में अनमैप्ड डाटा के रूप में दिखा रहा है। बीएसए को निर्देश दिए गए हैं कि दीक्षा एप के प्रयोग की नियमित समीक्षा की जाए। शिक्षकों की दीक्षा प्रोफाइल में विकासखंड और विद्यालयों की मैपिंग की जाए। इस संदर्भ में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर चुकी हैं। फिर भी शिक्षक इस कार्य में रुचि लेते नहीं दिख रहे हैं। 19 मई से 17 जून तक परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। ऐसे में शिक्षक दीक्षा एप का कितना प्रयोग करेंगे। यह तो बाद में पता चलेगा।

पांचवें चरण का चुनाव — जालौन-गरौठा लोकसभा से जुड़ी भोगनीपुर विधानसभा में कल डाले जाएंगे वोट

# मतदान कराने आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** पांचवें चरण में जालौन-गरौठा संसदीय क्षेत्र से जुड़ी भोगनीपुर विधानसभा में मतदान के लिए आज कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। जिसके लिए देर शाम तक जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गईं।

माती कलेक्ट्रेट परिसर से रविवार को पोलिग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान कार्मिक के साथ ही सुरक्षा बलों को केंद्र तक पहुंचाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से भारी व हल्के वाहनों को अधिगृहीत किया गया है। वहीं चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोक दी। मतदाताओं को लुभाने के लिए पार्टी की नीतियों के साथ ही उनसे आशीर्वाद देने की अपील की गई। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर में डयूटी व मतदान सामग्री वितरण को लेकर छाया के लिए पांडाल लगाया गया है, जहां से संबंधित क्षेत्र की पोलिग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। पोलिग पार्टियों को ईवीएम सहित अन्य चुनाव सामग्री यहीं से दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि जालौन-गरौठा लोकसभा सीट से जुड़ी भोगनीपुर विधानसभा में कुल 294 मतदान केंद्र और 403 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जहां पर 20 मई को सुबह सात बजे से मतदान किया जाएगा। जिसमे विधानसभा क्षेत्र के 3.49 लाख से अधिक मतदाता अपने मतदाधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, पर्याप्त छाया, दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। मतदाता अपने निजी वाहन से भी मतदान केंद्र के 200 मीटर के पहले निर्धारित स्थल पर वाहन पार्क कर मतदान करने आ सकते हैं। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। जहां बीएलओ एल्फाबेट लोकेटर मतदाता सूची के साथ उपलब्ध रहेंगे। जिससे मतदाता सूची में उनके क्रमांक का पता चल सके। डीएम ने सभी मतदाताओं से महापर्व में शामिल होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।



पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए कलेक्ट्रेटमें लगा टेंट व बैरीकेडिंग। अमृत विचार

# अवैध शराब समेत तीन शातिर गिरफ्तार

संवाददाता पुखरायां

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान तीन अलग-अलग जगहों से तीन युवकों के पास से 46 क्वार्टर देशी व 30 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए गिरफ्तार किया है।

भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि वह गश्त पर थे। तभी उमरिया गांव के समीप सामने से एक युवक संदिग्ध हालत में आता दिखाई दिया। शक होने पर उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 24 क्वार्टर शराब बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम आलोक तिवारी निवासी गौर बताया है। वहीं दूसरी ओर अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी सूचना मिली की एक युवक पिपरी गांव के समीप कच्ची शराब लिए खड़ा है। जिसपर उन्होंने छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार किया। युवक के पास से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम रजत निवासी टण्डन बाजार अमरौधा बताया। इसी प्रकार गश्त के दौरान पुलिस ने नोनापुर मोड़ के समीप से गौर गांव निवासी गुड्डू पाठक के पास से 22 क्वार्टर शराब बरामद करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र सह-प्रमाण पत्र अनुक्रमांक- 1225310 व वर्ष-2020 वास्तव में कहीं खो गया है। **नाम- मो. अनस अंसारी पुत्र मो. ताहिर अंसारी, पता- 392/25 साउथ जहानाबाद, रायबरेली।**

**सूचना**
सूचित हो, कि मैं PANCHAM LAL पुत्र **गयादीन, निवासी:- रामखेड़ा, पो. सतवा खेड़ा, जि. रायबरेली** का हूँ, मैंने अपना नाम PANCHAM से बदलकर PANCHAM LAL रख लिया हैं, आज से मुझे PANCHAM LAL के नाम से जाना व पहचाना जाये

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AATIF था अब मैंने बदलकर अपना नाम ATIF ANSARI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ATIF ANSARI S/O: INTISHAR R/O- MOHODDIN PUR MIRZAPUR MALLAWA, HARDOI

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम SIRAJUDDIN से बदलकर MOHD SIRAJUDDIN रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। MOHD SIRAJUDDIN S/O: MOHD YASEEN, R/O : 591 IYA /387, TELIBAGH, BALDEV BIHAR, KHARIKA, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **प्रदीप कुमार पांडेय पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर पांडेय, निवासी** SS2D /137 LDA **कॉलोनी कानपुर रोड लखनऊ।** मैं अपने पुत्र आयुष पांडेय व पुत्रवधू रिया त्रिवेदी एवम् पुत्र हिमांशु पांडेय को गलत आचरण के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किए गये कार्यो से मेराकोई वास्ता नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि शकील अहमद पुत्र रहमत उल्ला के आठ बच्चे हैं। इनमें पुत्र गुफरान अहमद का चाल चलन ठीक नहीं है। वह अपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके कार्य व्यवहार से परिवार के लोगों की छवि खराब हो रही है। ऐसे में गुफरान अहमद को परिवार और चल अचल संपत्ति से बेदखल किया जा रहा है। उसके द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार से कोई लेनादेना नहीं है। – **शकील अहमद पुत्र रहमत उल्ला, निवासी- मोहल्ला- सलारगंज,थाना – दरगाह, बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो मैं **संजय सोनकर पुत्र लल्लू पहलवान , निवासी- 107/35ए, फ्लैट नं0-1 प्रथम तल, बाईसी की मस्जिद, अमीनाबाद पार्क, जनपद लखनऊ, उ0प्र0** मेरे पुत्र का त्रुटिवश आरूष दर्ज हो गया है जबकि उसके आधार कार्ड में सही नाम आरूष सोनकर अंकित है जो कि सत्य वह सही है। अत: पुत्र के स्कूलीय दस्तावेजों में पूर्व दर्ज नाम आरूष के स्थान पर सही नाम आरूष सोनकर दर्ज किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मुन्नालाल वर्मा पुत्र स्व०परशुराम वर्मा, निवासी- ग्राम- करमाकोडरी, पोस्ट- कोंडरी बाजार, तहसील सदर, थाना पूराकलंदर जिला फैजाबाद / अयोध्या** मैने अपने पुत्र आकाश वर्मा, जो झगड़ालू एवं लफ्फाज किस्म का हैं, जिनका आचरण व्यवहार न तो परिवार के हित में है और न ही समाज के हित में है इनके कृत्य से मैं व मेरा परिवार बहुत बुरी तरह से तंग है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर अपनी समस्त चल व अचल संपत्तियों से अपने पुत्र आकाश वर्मा को बेदखल करता हूँ। अब इससे मेरा और का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रोहिणी पत्नी अंकित कुमार, निवासी- ग्राम रमुवापुर मजरा बुंनेहटा लक्ष्मी रामपुर थाना व परगना मछरेहटा, तहसील मिश्रित सीतापुर,** मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका रोल नं0- 1255042 वास्तव में खो गयी हैं। मार्कशीट पर पिता का नाम हरामेश्वरदयाल, निवासी- ग्राम-रंजोतपुर, पोस्ट- बम्भौरा, कमलापुर, पिन कोड- 261302, स्कूल का नाम राजकीय बालिका कन्या इंटर कालेज कमलापुर, सीतापुर अंकित है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **गंगाराम पुत्र दुर्गा प्रसाद, निवासी-ग्राम- अल्लीपुर वाण्डिया, थाना- इमलिया सुल्लानपुर तहसील व जिला सीतापुर,** मैने अपने पुत्र अम्बुज कश्यप व बहु खुशबू देवी व अपने पोते ऋषभ कश्यप व कार्तिक कश्यप का चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

# आज विज्ञान भवन से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

## स्टॉलवार कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी, डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ भी लगाया गया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर से पोलिंग पार्टियों के मतदेय स्थल को रवाना किए जाने की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज यानि 19 मई को विज्ञान भवन से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। शुक्रवार को अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधीनस्थों को दिशा निर्देश जारी किए गए।

विज्ञान भवन से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए विधानसभा वार पंडाल लगाए गए हैं। स्टॉल वार कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है। इसमें कर्मचारी ड्यूटी पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराएंगे। ईवीएम वितरण को अलग से ड्यूटी लगायी गयी है। 20 मई को लोकसभा निर्वाचन होना है। प्रशासन की ओर से हर स्तर से चुनाव को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। जिससे किसी प्रकार की कोई समस्या पोलिंग डे पर न आने पाए। प्रशासन का ध्यान अब मुख्य रूप से पोलिंग पार्टियां रवाना करने को लेकर है। समय से पोलिंग पार्टियां रवाना हो जाएं इसको लेकर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। फतेहपुर सदर, जहानाबाद, बिंदकी, अयाह-शाह, खागा, हुसेनगंज विधानसभा के अलग अलग पंडाल लगाए गए हैं। इन पंडालों में अफसरों के अलावा कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।


पार्टी रवानगी स्थल। अमृत विचार

- पार्टियों को अपने गंतव्य तक समय से पहुंचने के दिये निर्देश

**आंकड़ों पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| कुल मतदेय स्थल | 2143 |
| पोलिंग पार्टियां | 2143 |
| संवेदनशील मतदान केन्द्र | 244 |
| अति संवेदनशील मतदान केन्द्र | 15 |

सहायक निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग पार्टियां सुबह से ही रवाना होने लगेंगी। दूर दराज और दुर्गम क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां समय से पहुंचे। इसको लेकर प्रशासन की ओर से विशेष जोर दिया जा रहा है। पार्किंग के अलावा फूड जोन भी विज्ञान भवन में बनाया गया है। 19 मई को पोलिंग पार्टियां दोपहर 2 बजे तक हर हाल में रवाना करने को लेकर प्रशासन संजीदा है। पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इस पर भी अफसरों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

**कंट्रोल रूम से करें संपर्क:** सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की गई है कि वह 20 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भागीदारी करें। उन्होंने यह भी कहा है कि मतदाता पर्ची नहीं पहुंची है तो कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 11950 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन भी बीएलओ हेल्प डेस्क पर मौजूद मिलेंगे।

### 100 से अधिक सोशल मीडिया के ग्रुपों पर है पुलिस की नजर

**फतेहपुर।** चुनाव को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस ने सोशल मीडिया की भी निगरानी शुरू कर दी है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सऐप आदि निशाने पर हैं। करीब एक सैकड़ा से अधिक ग्रुपों की पुलिस निगरानी कर रही है। भड़काऊ पोस्ट डालने पर संबंधित को प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। पहले चुनाव प्रचार का माध्यम पोस्टर, बैनर व पंपलेट होते थे। कुछ चुनाव से प्रचार का तरीका भी हाईटेक हो गया है। आज हर एक घर में स्मार्ट फोन हैं, ऐसे में सभी दलों ने प्रचार का माध्यम इंटरनेट को बनाया है। हर दल व प्रत्याशी वॉट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ग्रुपों से प्रचार कर रहे हैं। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि मीडिया सेल 24 घंटे वॉट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के ग्रुपों पर नजर रखी जा रही है। भड़काऊ पोस्ट पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ भी रहेगा तैनात

इनदिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए आकस्मिक उपचार के लिए प्रशासन स्तर पर व्यवस्था की गई है। पोलिंग पार्टियां रवाना स्थल पर 19 मई को चिकित्सीय व्यवस्थाओं के लिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गयी है। इस बीच किसी कर्मचारी को कोई दिक्कत आती है तो उसे डॉक्टर की टीम तत्काल उपचार मुहैया कराया जाएगा।

# कई मोहल्लों में नहीं पहुंचीं वोटर पर्चियां, कैसे बढ़ेगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचाया जाना है मतदाता पर्चियां
- मतदान के दो दिन शेष, मतदाता पर्ची का नहीं हो सका वितरण

**अमृत विचार।** एक ओर मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने की तैयारी चल रही हैं तो दूसरी ओर वोटर पर्ची के वितरण में ढिलाई के चलते यह सवाल उठने लगा है कि ऐसे में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा। शहर के कई मोहल्ले में अभी तक वोटरों के पास वोटर पर्ची नहीं पहुंची है जबकि मतदान के लिए अब सिर्फ दो दिन शेष रह गए हैं।

शहर के लाइन पार क्षेत्र में स्थित श्यामनगर, खम्भापुर, विष्णुपुरी कालोनी सहित शहर के कुछ अन्य मोहल्ले में भी अभी तक वोटर पर्चियां नहीं पहुंचाई गई हैं। इन क्षेत्रों के मतदाता इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि संबंधित बीएलओ उन्हें वोटर पर्ची देने आएंगे। वोटर पर्ची के आधार पर ही भाग संख्या और क्रम संख्या को सरलता से खोजा जा सकता है और उससे मतदान में आसानी होती है। मतदाता तक वोटर पर्ची पहुंचने की जिम्मेदारी बीएलओ को सौंपी गई है लेकिन कई मोहल्ला के बीएलओ अभी तक वोटर पर्चियां पहुंचाने ही नहीं गए।

मतदान का दिन जैसे-जैसे निकट आ रहा है इन मतदाताओं की चिंता भी बढ़ रही है कि अभी तक वोटर पर्ची नहीं आई तो फिर भी मतदान कैसे करेंगे। जहां एक और कम मतदान प्रतिशत पर चिंता जताई जा रही है और मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की कवायद चल रही है, जागरुकता अभियान भी चल रहे हैं लेकिन दूसरी ओर वोटर पर्ची वितरण में लापरवाही से तो इस अभियान की हवा निकल जाएगी। वोटर पर्ची न पहुंचना एक बड़ी समस्या उन मतदाताओं के लिए बन गई है जिनके पास अभी तक वोटर पर्ची नहीं पहुंची है।

# प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने दिखाई अपनी-अपनी ताकत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




- शनिवार को शाम पांच बजे थम गया प्रचार का शोर
- मतदाताओं को अपने पाले में लाने को कर रहे गुणा-भाग

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 20 मई को है। इससे पहले ही 18 मई को शाम 6 बजे प्रचार युद्ध थम गया। प्रचार अभियान के अंतिम समय में राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है।

जनसंपर्क में ऐसे इलाकों को कवर करने की होड़ मची है जो इलाके अभियान में छूट गए हैं। बूथ से लेकर सेक्टर और मंडल स्तरीय टीमें अभियान में जोर लगाने का काम कर रही हैं, जिससे कि चुनावी रुख अपने पक्ष में पलटा जा सके। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी अभियान का शोर पूरे शवाब पर है। 20 मई को यहां छह विधानसभा वाली लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। चुनावी अभियान में अभी तक विभिन्न दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने अपने दलों के लिए जोश भरने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा समाजवादी पार्टी से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या की ओर से यहां पर अपने अपने दलों के लिए सभाएं की हैं। प्रचार के अंतिम दिन अब जबकि प्रचार का कुछ ज्यादा समय नहीं रह गया है तो सियासी दलों का सिरदर्द भी बढ़ रहा है। जो क्षेत्र किन्हीं कारणों से छूट गए हैं। विभिन्न दलों की ओर से बूथ स्तरीय और सेक्टर स्तरीय पदाधिकारियों के सहारे भी चुनावी अभियान को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। जनपद की ही छह विधानसभा क्षेत्रों में जिस तरह से सियासी दल अपनी ताकत लगाए हैं उससे लग रहा है कि चुनाव काफी रोमांचक स्थिति में होने जा रहा है। वैसे चुनावी परिणाम की तस्वीर कोई भी हो लेकिन राजनीतिक दलों ने जिस तरह से इस बार के चुनाव अभियान में जोर लगाया है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सभी दलों की नींद उड़ी है।

### अब तक किसने कितना किया खर्च

निर्वाचन व्यय लेखा जांच में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा 58 लाख 17 हजार 753 रुपये, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नरेश उत्तम द्वारा 56 लाख 12 हजार 18 रुपये तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मनीष सचान द्वारा 36 लाख 56 हजार 452 रुपये खर्च किया गया है। केवल एक प्रत्याशी नीरज कुमार जांच में उपस्थित नहीं रहे। व्यय प्रेक्षक ने इनके विरुद्ध नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं।

### 95 लाख है खर्च की सीमा

चुनाव आयोग द्वारा उम्मीदवारों को 95 लाख रुपये तक की खर्च करने की छूट प्रदान की गई है। साथ ही उम्मीदवारों द्वारा किए जा रहे व्यय पर भी निगरानी की जा रही है। साथ ही तीन बार खर्च का मिलान किया जा चुका है।

# अब मैनुअल नहीं ऑनलाइन होगा बिजली बिलों का संशोधन

संवाददाता फतेहपुर

- संशोधन कराने को कराना होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
- विभागीय वेबसाइट पर होगी बिल की शिकायत

**अमृत विचार।** बिजली बिल संशोधन प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है। बिलों के संशोधन अब मैनुअल तरीके से नहीं बल्कि ऑनलाइन किया जाएगा। उपभोक्ताओं को बिल से सम्बंधित शिकायतें विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन दर्ज करानी होगी।

बताया कि महीने भर में सही किए जाने वाले बिलों की डिटेल भी रखनी होगी, जिसकी जांच शीर्ष अफसरों द्वारा की जाएगी। नई प्रणाली के अनुसार अलग-अलग स्तर के बिलों में आने वाली गड़बड़ी को संशोधित किए जाने के लिए एक्सईएन व एसडीओ लेबल की समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें बकायदे तीन सदस्यीय जांच समिति बनेगी। यही समिति ऑनलाइन आने वाले बिल संशोधन से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण करेगी। जिसकी रिपोर्ट भी ऑनलाइन ही अपलोड करनी होगी।

**इस प्रकार रहेगी बिलों की कैटेगरी:** बिल संशोधन की आने वाली शिकायतों को सम्बंधित डिवीजनों के एक्सईएन द्वारा निपटाया जाएगा, जो एलएमवी-1 व 2 तथा नौ किलो वॉट से अधिक भार क्षमता सहित अन्य सभी श्रेणी व भार के बिलों को संशोधित करेंगे। इसके लिए जांच समिति के सदस्य एसई व सहायक लेखाधिकारी होंगे। जबकि शिकायत सम्बंधित उपखंड कार्यालय के एसडीओ द्वारा एलएमवी-1 व 2 के नौ किलो वॉट तक के बिलों का संशोधन किया जाएगा।

### त्रुटि पाए जाने पर की जाएगी कार्रवाई

जांच समिति को बिलिंग प्रणाली पर संशोधित बिलों के मामलों को अपलोड करना होगा। जिसकी जांच की जाएगी। सम्बंधित द्वारा यदि संशोधन में त्रुटि पाई गई तो बिल संशोधन का पुनरीक्षण जांच समिति द्वारा किया जाएगा। बिल संशोधन में त्रुटि पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

# लाइन लॉस से बिजली होने लगी बाधित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी की दस्तक के साथ ही जिले में बिजली की चोरी बढ़ गई है। शहरी क्षेत्र के उपकेंद्रों का लाइन लॉस बढ़ता जा रहा है। दिसंबर माह तक 25-26 प्रतिशत का लाइन लॉस अब बढ़कर 30-35 प्रतिशत पर पहुंच गया है। अफसर चिंतित तो हैं, लेकिन कुछ विशेष प्रयास नहीं करते नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

गर्मी बढ़ने के साथ बिजली अव्यवस्थाओं से लोग बेहाल हैं। वहीं, बिजली की चोरी भी बढ़ती जा रही है। विभागीय अभिलेख बताते हैं कि तापमान बढ़ने के साथ ही लाइन लॉस भी बढ़ता जा रहा है। शहर के कुछ उपकेंद्रों की बिजली चोरी तो 37 प्रतिशत तक पहुंच गई है। ग्रामीण क्षेत्र में संचालित दर्जनों उपकेंद्रों में से अधिकांश विभाग को हर माह लाखों की चपत लगा रहे हैं। जानकार बताते है कि पावर कॉरपोरेशन ने लाइन लॉस को दो श्रेणियों में रखा है। एक श्रेणी में बिजली चोरी के कारण होने वाला लाइन लॉस है।

दूसरी श्रेणी में तकनीकी कारणों जैसे लोकल फाल्ट, जर्जर और लंबी बिजली लाइनों से होने वाला लाइन लॉस है। यह दो वजह ही बिजली की बर्बादी करने भर के लिए पर्याप्त है।



**35** प्रतिशत तक लाइन लॉस बढ़ गया

- गर्मी के साथ बिजली आपूर्ति भी दिखाने लगी नखरे
- ग्रामीणांचलों में भी ट्रिपिंग से परेशान हैं उपभोक्ता

### शहर में फिर कटिया चोरी का खेल शुरू

शहर के कई इलाके ऐसे जहां पर इनदिनों बिजली का लाइनलॉस 30 फीसद से भी आगे जा पहुंचा है। अब इस शुरुवाती गर्मी में बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान के बावजूद लाइन लॉस को लेकर अधिकारी परेशान हैं। यह कह सकते है कि कटिया डालकर बिजली चोरी करने वाले पावर कॉरपोरेशन को चूना लगा रहे हैं वहीं अंधाधुंध कटौती से आम उपभोक्ता त्राहि-त्राहि कर रहा है।

### लोड बढ़ने पर कई घंटे तक हो रही कटौती

बिजली ट्रिपिंग होना आम बात हो गई है। विभाग की मानें तो गेहूं की कटाई, रोस्टिंग वजह बताई जाती है। ग्रामीणांचलों में तो रात-रात भर आपूर्ति बाधित रहती है। इधर लोड बढ़ने से दर्जनों गांव ऐसे हैं, जहां लो वोल्टेज की समस्या अधिक रहती है।

# आग की चपेट में आई युवती की मौत

**बहुआ।** संदिग्ध परिस्थितयों में शुक्रवार की रात एक घर में आग लग गई। आग लगने से एक युवती सोते समय आग की चपेट में आकर जिंदा जल गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ला निवासी सुमन देवी की घर में सोते समय आग की चपेट में आकर मौत हो गई। कस्बा निवासी सुमन देवी अपनी बहन सुमित्रा देवी के साथ रहती थी जो कि शुक्रवार को घर में बड़ी बहन और वह मौजूद थी। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि यह दोनों बहने नशे की आदी थी। इन्होंने ने ही आग लगाई है। रात में कुछ लोग इनके घर में आए थे फिर रात 11 बजे आग लगी है। बहन सुमित्रा देवी ने रात में ही बहुआ चौकी में नशे की हालत में खूब उत्पात मचाया है। वहीं मृतका के माता पिता दोनों की मौत पहले हो चुकी है। बहुआ चौकी इंचार्ज सुमित तिवारी ने बताया कि युवती सोती हुई अवस्था में जली है। मामला संदिग्ध है जांच पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सर्पदंश से वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम कपरिया ऊसर मजरे करनपुर में एक पखवारे पूर्व सर्पदंश से एक बुजुर्ग की शुक्रवार को कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। कपरिया ऊसर मजरे करनपुर गांव निवासी स्व. दयालू प्रसाद का पुत्र शोभालाल को खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया था। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया था। कानपुर में कुछ दिन इलाज चलने के बाद घर ले आए। शुक्रवार को हालत बिगड़ने पर कानपुर ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### पेड़ से गिरकर युवक ने तोड़ा दम

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के बहराना में शुक्रवार की दोपहर पेड़ से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर घर चले गए। क्षेत्र के बहराना गांव निवासी सीताराम का पुत्र राममूरत शुक्रवार को शीशम के पेड़ में चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था तभी अचानक पैर फिसलने से नीचे गिरकर घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां आज सुबह इमरजेंसी में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### गंगा में डूबे युवक का शव 23 घंटे बाद मिला

**फतेहपुर।** गांव के साथियों के साथ गंगा नहाने गया एक युवक शुक्रवार को आदमपुर घाट में नदी में डूब गया था। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश की थी लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। शनिवार को शव घटनास्थल से करीब एक किमी दूर नदी में उतराता मिलने से परिजनों में कोहराम मचा रहा। मलवां थाना क्षेत्र के आदमपुर के मजरे शमशेर का पुरवा निवासी संजय सोनकर पुत्र महावीर शुक्रवार सुबह गांव के अपने कुछ साथियों के साथ गंगा नहाने आदमपुर घाट गया था। गंगा नहाते समय युवक गहराई में चला गया था। युवक के गंगा नदी में डूबने की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया थ। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवकी की तलाश करने का प्रयास किया था लेकिन कहीं उसका पता नहीं चल सका था। इस दौरान एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची थी बावजूद इसके युवक का पता नहीं चल सका था। शनिवार को करीब 23 घंटे बाद घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर पूरब दिशा में मौहारी बाग के सामने संजय का शव उतरता दिखा।

# तीन दिन का समय अन्यथा एफआईआर

**फतेहपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम सी.इंदुमती ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर निर्वाचन अवधि के दौरान 3 बार निरीक्षण किए जाने थे। व्यय प्रेक्षक द्वारा तीसरा निरीक्षण 17 मई को विकास भवन सभागार में किया गया, लेकिन प्रत्याशी नीरज अखिल भारतीय परिवार पार्टी, ग्राम चितनपुर मजरे गढा न ही खुद उपस्थित हुए और न ही अपना अधिकृत एजेंट भेजकर निर्वाचन व्यय रजिस्टर का निरीक्षण कराया गया।

# परिषदीय स्कूलों में बनेगी अब वार्षिक कार्ययोजना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- निपुण बनाने के लिए इसके आधार पर ही कराई जाएगी बच्चों की पढ़ाई
- बीएसए ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को जारी किए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के तहत अब बच्चों की पढ़ाई के लिए परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके आधार पर ही बच्चों को पढ़ाया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से वर्ष 2025-26 में सभी स्कूलों को निपुण बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से सर्वे के आधार पर चिह्नित किए गए ए, बी व सी श्रेणी के स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा है। जिले में कुल 2406 परिषदीय स्कूल हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 80 फीसदी बच्चों को मार्च 2025 तक निपुण बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था। इसके लिए बच्चों की स्कूल में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। माहवार पाठ्य पुस्तकों से कक्षावार पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा। समय सारिणी के अनुसार इसके अनुपालन की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापकों की होगी। कक्षा के अनुरूप दक्षता प्राप्त कराने के लिए साप्ताहिक शिक्षण योजना, शिक्षण कार्य की प्रगति के अलावा अन्य गतिविधियों का प्रयोग किया जाएगा। पोस्टर तालिका चार्ट, बड़ी किताबें, फोटो, टीएलएम व गणित किट आदि के जरिए गतिविधि आधारित व प्रोजेक्ट बेस्ड शिक्षण कार्य कराया जाएगा। बच्चों की समझ एवं प्रगति का आकलन करते हुए परिणामों के आधार पर कक्षावार निपुण तालिका अपडेट की जाएगी। पठन-पाठन की निरंतरता बनाए रखने के लिए समय-समय पर अभिभावाकों से संपर्क स्थापित करने के साथ ही दीक्षा ऐप, रीड एलांग एप आदि का उपयोग किया जाएगा। माना जा रहा है कि इससे व्यवस्था में सुधार होगा।

### भाषा-गणित में 80 फीसदी ज्ञान होना जरूरी

निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों को भाषा और गणित का 80 फीसदी ज्ञान होना जरूरी है। निपुण लक्ष्य हासिल के लिए में भाषा के बालबाटिका में निर्धारित सूची में से दो अक्षर वाले पांच शब्दों को सही से पढ़ लेते हैं। निपुण होने के लिए कक्षा एक के बच्चे को पांच सरल शब्दों से बने वाक्य को पढ़ना जरूरी है। कक्षा दो के बच्चे को प्रति मिनट 45 शब्द प्रवाह के साथ पढ़ना है। साथ ही भाषा के 75 फीसदी प्रश्नों को सही हल करना है। कक्षा तीन के बच्चे 60 शब्द प्रति मिनट प्रवाह के साथ पढ़ना है और 75 फीसदी प्रश्नों को सही हल करना है। इसी तरह गणित विषय का भी मानक निर्धारित किया गया है। विभाग की सोच है कि इससे बच्चों के बौद्धिक कौशल में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी।

**मौसम की मार** भीषण गर्मी में पशुओं द्वारा कम आहार लेना बन रहा कारण, पुश चिकित्सक-पशुओं को सुबह शाम ठंडे पानी से नहलाने की दे रहे सलाह

# गर्मी और तपिश से दुधारू जानवर परेशान, दूध उत्पादन भी घटा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी और तपिश से आम जनजीवन के साथ ही पशु भी बेहाल हैं। गर्मी में हरे चारे पानी आदि की कमी के चलते दुधारू पशुओं ने दूध देना कम कर दिया है। इससे पशुपालक चिंतित हैं। पशु चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में पशु खाना कम खाते हैं ऐसी स्थिति में दूध में भी कमी आ जाती है।

धूप और लू से पशुओं में बीमारियां होने की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में पशुपालकों को अपने पशुओं पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। ऐसे में दुधारू पशुओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

बढ़ती गर्मी में पशुओं की सही देखभाल न की जाए तो उनके बीमार होने का खतरा हो जाता है और दुग्ध उत्पादन में भी कमी आती है।

मलवां निवासी पशुपालक रमेश पटेल बताते हैं कि दुधारू जानवरों की पूरी तरह से हिफाजत कर रहा हूं। सुबह शाम दोनों वक्त नहलाने के साथ ही धूप से बचाने के लिए छप्पर में बांधता हूं। पहले जो भैस 10 लीटर दूध दे रही थी वह घटकर सात लीटर पर आ गई है। भूसा, चूनी, चोकर की बढ़ती कीमत के कारण दूध की कमी खल रही है। उसको खिलाने पिलाने में भी कोई कमी नहीं कर रहा हूं, लेकिन पिछले दस दिन से दूध आधा हो गया है। आने वाले दिनों में भी गर्मी कम होने की संभावना नहीं है।

### इतनी गर्मी में पशुओं को भी होता है हीट स्ट्रोक

पशु चिकित्सक डॉ. अखिलेश सचान ने बताया कि इन दिनों तपिश बढ़ने से पशुओं में हीट स्ट्रोक की आशंका है। हीट स्ट्रोक से पशु को तेज बुखार हो जाता है और पशु सुस्त होकर खाना पीना बंद कर देता है। पशु के सांस लेने की व नाड़ी की गति तेज हो जाती है। पशुओं में यह दशा रुक-रुककर यदि दो महीने से अधिक समय तक बनी रहती है तो पशु को सांस लेने में परेशानी होने लगती है तो वह हांफने लगता है और बेहोश हो जाता है। ठीक से उपचार न मिलने पर उसकी मौत भी हो सकती है। इसलिए पशुओं को पशुपालक ज्यादा देर तक धूप न रहने दें। समय-समय पर चारा पानी देकर छाया में ही बांधें।

### इन उपायों से करें अपने पशुओं का बचाव

- पशुओं को लू से बचाने के लिए धूप में न जाने दें, बार-बार पानी पिलाएं
- दिन में दो बार सुबह और शाम जरूर नहलाएं
- थोड़े-थोड़े अंतराल पर खिलाएं, पशुओं को पेड़ों के नीचे अधिक देर तक न बांधें
- पशु बाड़ा पक्का है या टिनशेड है तो छत पर सूखी घास रखें, जिससे छत ठंडी रहे
- टिनशेड और कम ऊंचाई की पक्की छत के नीचे पशुओं को बांधने से बचें
- सूखे चारे की अपेक्षा हरे चारे का अधिक इस्तेमाल करें
- समय-समय पर बीमारी से बचाव का टीका लगवाएं
- पशुओं को नहलाना, हरा चारा, पानी मिलता रहे तो दूध उत्पादन में कमी नहीं होगी


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# बोलेरो ने किसान को 500 मीटर तक घसीटा, मौत

## ग्रामीणों ने मुआवजे व कार्रवाई की मांग को लेकर लगाया जाम

संवाददाता बहुआ

**अमृत विचार।** ललौली थाना क्षेत्र में बेटों को खाना देने साइकिल लेकर पैदल जा रहे किसान को कानपुर बांदा हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद किसान साइकिल समेत गाड़ी के नीचे फंस गया। वाहन चालक करीब 500 मीटर तक किसान को घसीटता हुआ ले गया। हादसे में किसान की मौके पर मौत हो गई। घटना के दौरान मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क जाम कर दी। घंटो मान मनौव्वल के बाद परिजनों को शांत कराया। महाखेड़ा गांव के रहने वाले किसान शिवकरन शर्मा उर्फ पुतु शर्मा (50) के दो पुत्र शिवमूरत व पप्पू राजा ढाबे के


शिवकरन।

- कानपुर-बांदा हाईवे पर हुआ हादसा, तीन घंटे तक लगा रहा जाम

सामने वाहनों की मरम्मत का कार्य करते है। शिवकरन सुबह अपने बेटों को खाना देने के लिए कानपुर बांदा हाईवे पर साइकिल लेकर सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। तभी गांव के पास ही कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने उनको टक्कर मार दी। हादसे के दौरान शिवकरन साइकिल समेत गाड़ी के नीचे फंस गए।

इस दौरान बोलेरो चालक करीब आधा किलोमीटर तक शिवकरन को घसीटते हुए ले गए, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर बांदा मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। हादसे की सूचना पर सीओ सुशील कुमार दुबे समेत ललौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत करा शव पोस्टमार्टम भिजवाया।

इस दौरान करीब तीन घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा, जिससे दोनो लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर बोलेरो गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# जंगल में खून से लथपथ मिल महिला का शव

संवाददाता जहानाबाद

- हत्यायुक्त शव मिलने से मचा हड़कंप, दामाद समेत ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** मायके में रह रही एक महिला शुक्रवार सुबह जंगल जाने को निकली तो वापस नहीं लौटी। काफी तलाशने के बाद पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार को महिला का खून से लथपथ शव गांव से काफी दूर जंगल से बरामद किया गया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दामाद समेत ससुरालियों पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।


संपत देवी।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के कृपालपुर गांव निवासी राज बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी संपत देवी की हत्या उसके दामाद द्वारा कर दी गई है। बताया कि उसने अपनी बेटी संपत देवी की शादी नौ साल पहले कानपुर के सजेती थाना क्षेत्र के निमधा निवासी रवि के साथ की थी। आरोप है की शादी के बाद रवि व ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे। जिसका मामला कानपुर कोर्ट में विचाराधीन है। बताया कि शुक्रवार की सुबह वह रोज की तरह जंगल गई थी, जहां से उसके वापस न लौटने पर काफी तलाश की गई लेकिन कहीं पता न चलने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई। शनिवार सुबह से वह बेटी की तलाश कर रहा था तभी गांव से करीब डेढ़ किमी दूर जंगल में उसका शव खून से लथपथ हालत में मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी पर एएसपी विजय शंकर मिश्र, सीओ बिन्दकी सुशील कुमार दुबे फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# बेड पर मिला मेडिकल कर्मी शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रावतपुर थाना क्षेत्र का मामला, हाथ में बंधी मिली
- जांच में शराब की बोतल और प्रतिबंधित इंजेक्शन मिले

**अमृत विचार।** रावतपुर थाना क्षेत्र में किराए पर रहने वाले एक मेडिकल कर्मी का अर्द्धनग्न शव कमरे के बेड पर पड़ा मिला। फोन पर बात न होने से परेशान परिजन पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। टीम को शराब की बोतलें, सिरिंज और प्रतिबंधित इंजेक्शन मिले हैं। युवक के हाथ में लीड बंधी होने के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। प्रथम दृष्टया जांच में पुलिस ने दवा के ओवरडोज से मौत होने का अनुमान लगाया है।


अश्विनी पाल।

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के उद्वैतपुर निवासी अवनीश पाल ने पुलिस को बताया कि 30 वर्षीय अश्विनी पाल छपेड़ा पुलिया शिवपुरी में लवकुमार के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहता था। गुरुवार को उसकी पत्नी पूजा पाल से बात हुई थी। उसके बाद से अश्विनी फोन नहीं उठा रहा था, जिसे लेकर घर के लोग काफी परेशान थे। वह अश्वनी के साथ काम करने वाले प्रवीण और संतोष के साथ किराए के कमरे में पहुंचे तो अश्विनी का शव बेड पर पड़ा था।

साथी कर्मचारी प्रवीण ने बताया कि वह और अश्विनी रामा मेडिकल सेंटर मंधना में आईसीयू के स्टॉफ में थे। अश्विनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। अश्विनी पाल का शव फूल चुका था और दुर्गंध आ रही थी। साथी प्रवीण ने बताया कि अश्वनी कम्युनिटी हेल्थ सेंटर फतेहपुर में अर्द्धसरकारी आईसीयू नर्सिंग स्टॉफ में कार्यरत था। साथ रामा मेडिकल कॉलेज में भी काम कर रहा था।

### मकान मालिक बोले सोचा चूहा मर गया है

मकान मालिक लवकुमार ने बताया कि अश्वनी ऊपरी मंजिल में सात माह से किराए पर रह था। शनिवार को बदबू आने पर उन्होंने सोचा कि शायद चूहा मर गया है। फिर वह कैंसर से पीड़ित अपनी पत्नी की दवा लेने चले गए थे। दूसरे किराएदार कुलदीप ने बताया कि गुरुवार रात वह छज्जे पर खड़े थे, लेकिन अश्विनी नहीं दिखा।

### इंजेक्शन लगाकर सुसाइड करने का अनुमान

एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी, रावतपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम के साथ एक एक साक्ष्य एकत्र किए। एडीसीपी के अनुसार मौके से एनेस्थीसिया की दवा, मीजोलम की छह शीशी, रोकुरोनियम की एक शीशी एक इंजेक्शन और तीन शराब की बोतलें मिली हैं। शव दो दिन पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। प्रथम दृष्टया इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या किए जाने का अनुमान है।


मतगणना स्थल का जायजा लेतीं प्रेक्षक ललटनपुई वानचुंग व डीएम सी.इंदुमती।

# प्रेक्षक ने मतगणना स्थल का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी.इंदुमती, सामान्य प्रेक्षक ललटनपुई वानचुंग (आईएएस) ने संयुक्त रूप से मतगणना स्थल मंडी समिति का जायजा लिया। इस दौरान मतदान के बाद विधान सभावार बनाए गए ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम को सुरक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिगत बैरीकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे साथ ही शुद्ध पेय जल, छाया की पर्याप्त व्यवस्था एवं सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए शौचालय, स्नान घर, पानी आदि की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधितों को दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, मंडी सचिव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# कानपुर में नर्स की हत्या कर शव को एटा में फेंका था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अपहृत नर्स की कानपुर में गला घोटकर हत्या कर दी गई थी और फिर शव को एटा ले जाकर कुएं में फेंका गया था। इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए बर्रा पुलिस ने यहां पुलिस लाइन में तैनात सिपाही और उसके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बर्रा थाने में तैनाती के दौरान हत्यारोपी सिपाही के नर्स से प्रेम संबंध बने थे। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी सिपाही ने अपने दोस्त के साथ युवती का अपहरण कर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। युवती के मोबाइल के लोकेशन के आधार पर एटा पहुंची बर्रा पुलिस ने शव की शिनाख्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।


नर्स का हत्यारोपी सिपाही और साथी पुलिस की गिरफ्त में।

- हत्या करने वाला सिपाही अपने साथी के साथ गिरफ्तार, आठ फरवरी को हुआ था प्रेमिका नर्स का अपहरण
- तीन मार्च को बर्रा पुलिस ने दर्ज की थी गुमशुदगी, 18 फरवरी को एटा में बरामद हुआ था शव

मूलरूप से फतेहपुर जनपद के परसेड़ा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक बाबूप्रसाद तिवारी वर्ष 2022 से बर्रा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहते हैं। उनके साथ पत्नी संगीता, बेटे अमित के साथ बेटी शालिनी रहती थी। शालिनी कल्याणपुर स्थित एक मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग का कोर्स करने के बाद दामोदर नगर निवासी पप्पू सिंह परिहार के मकान में किराए पर रहती थी। शालिनी के प्रेम संबंध एटा जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के जैथरा गांव निवासी तत्कालीन बर्रा थाने की पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल मनोज कुमार से हो गए थे। प्रेम संबंध होने के बाद शालिनी लगातार मनोज पर शादी करने का दबाव बना रही थी, लेकिन मनोज शादीशुदा और दो बच्चों का पिता होने के कारण बार-बार टाल रहा था। बीती आठ फरवरी को शालिनी पड़ोसी किराएदार महिला का बैग लेकर अयोध्या जाने की बात कहकर घर से निकली थी, इसके बाद वह नहीं लौटी। कई दिनों तक शालिनी का पता नहीं चलने पर परिजनों ने तीन मार्च को बर्रा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

### मोबाइल की लोकेशन से पुलिस को मिला क्लू

डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि शालिनी का नंबर सर्विलांस पर लगाया गया तो उसकी लोकेशन एटा जनपद में मिली। उसके साथ दो और मोबाइल नंबरों की लोकेशन भी मिली। बर्रा पुलिस एटा पहुंची तो वहां जैथरा गांव में 18 फरवरी को एक अज्ञात युवती का शव मिलने की जानकारी हुई। पुलिस ने शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान शालिनी के रूप में हुई।

### घाटमपुर में भी महिला से थे संबंध

घटना का खुलासा होने के बाद मनोज के कई काले चिट्ठे सामने आए। बर्रा थाने के बाद मनोज की तैनाती घाटमपुर में हुई थी। इस दौरान उसके संबंध घाटमपुर निवासी एक महिला से हो गए थे, जहां अक्सर उसका आना-जाना था। नगर पालिका में विद्युत विभाग के कर्मचारी राजकुमार सोनकर ने उसका विरोध किया तो मनोज ने उसके साथ मारपीट की थी। कर्मचारी ने इसकी आईजीआरएस के माध्यम से की थी। मामले को संज्ञान में लेकर अधिकारियों ने मनोज को सस्पेंड कर दिया था, जिसके बाद से वह लाइन में तैनात था।

### दोस्त ने उगला पूरा सच

डीसीपी ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने भीमसेन क्षेत्र के रामसिंह का पुरवा निवासी राहुल कुमार को हिरासत में लिया गया तो उसने सारा सच उगल दिया। राहुल ने बताया कि उसने सिपाही मनोज के साथ मिलकर शलिनी का अपहरण किया। इसके बाद गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। शव छिपाने के लिए मनोज अपने गांव जैथरा ले गया, जहां कुएं में फेंक दिया था। डीसीपी ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट को अपहरण, हत्या और साक्ष्य छिपाने की धारा में तरमीम कर दिया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### आक्रोशित परिजनों ने हत्यारोपियों के साथ की हाथापाई

शनिवार को घटना के खुलासे के दौरान शालिनी की मां संगीता व भाई अमित भी डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचे। अमित ने बताया कि घटना में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया। प्रेस कांफ्रेस के बाद पुलिस हत्यारोपियों को जेल लेकर जाने लगी, तभी अमित ने हत्यारोपियों के साथ हाथापाई की।

### अयोध्या में फेंका था सिम

डीसीपी साउथ ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद मनोज पुलिस लाइन लौट आया। इसके बाद वह रोजाना की तरह ड्यूटी करने लगा था। वहीं पुलिस को गुमराह करने के लिए मनोज ने शालिनी का सिम अयोध्या में फेंकने की बात कहकर राहुल को दिया था। उसकी बात मानकर राहुल ने अयोध्या में सिम फेंका था।

# शिक्षा विभाग ने रैली निकालकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कल यानि 20 मई को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता निभाने के लिए शनिवार को शिक्षा विभाग द्वारा स्कूटी रैली निकाल कर लोगों को मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया । रैली को सीडीओ ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शनिवार की सुबह 8 बजे स्वीप के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी सी इंदुमती के मार्गदर्शन पर स्वीप सह नोडल, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी, बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव व स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षक, शिक्षिकाओं के सहयोग से मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली निकाली गई। जिसे स्वीप नोडल, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पहले मतदान, फिर


स्कूटी से मतदाता जागरुकता रैली निकालते शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट परिसर से सीडीओ ने झंडी दिखाकर किया रवाना

जलपान, फतेहपुर का अभिमान 20 मई करें मतदान व सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे लगाए जा रहे थे। साथ ही रैली मार्ग में पड़ने वाले सभी चौराहों में रोक कर सभी नागरिकों, दुकानदारों से 20 मई को स्वयं के साथ साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए अपील की गई। सभी स्कूटी गुब्बारों से सुसज्जित थीं। रैली कलेक्टरेट से पटेल नगर, वर्मा चौराहा, ज्वालागंज, कोतवाली रोड, चौक चौराहा, पत्थरकटा चौराहा होते हुए वापस कचहरी में अधिवक्ताओं से अपील करते हुए विकास भवन पहुंचकर समाप्त हुई।

इस अवसर पर डीसी अखिलेश सिंह, विवेक शुक्ल जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, शिक्षिका आशिया फारूकी, स्नेहलता त्रिपाठी, सिन्धुजा पांडेय, पूजा यादव, सीमा चौहान, चम्पा शर्मा, मीनाक्षी श्रीवास्तव, अनीता साहू, शिक्षक आदित्य पांडेय, गौरव द्विवेदी, धीरू, देवेंद्र, शशिभूषण, पंकज, हिमांशु, विनय, रामकुमार, प्रदीप, सौरभ, निर्मल, अमरेंद्र, आचार्य रामनारायन सहित अन्य तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

# पति से विवाद के बाद महिला ने लगाई फांसी

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** किसी बात को लेकर पति से हुए विवाद के बाद एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की जानकारी पर परिजनों के होश उड़ गए और परिजनों में कोहराम मच गया।

किशनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी जितेंद्र सिंह की शादी सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मथुरादासपुर गांव की रहने वाली शांति देवी के साथ करीब साल भर पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद पति-पत्नी के बीच आयेदिन विवाद होता रहता था। शुक्रवार की शाम भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद देर रात पत्नी शांति देवी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह देर तक कमरे से न निकलने पर परिजनों ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खटखटाने पर भी दरवाजा नहीं खुला। किसी तरह परिजनों ने दरवाजा खोलकर अन्दर देखा तो अन्दर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। शांति का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। जिससे परिनजों में कोहराम मचा रहा। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में अभी तक किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है।

### महिला ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** शुक्रवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। असोथर थाना क्षेत्र के सातों जोगा गांव निवासी महेंद्र की पत्नी मधु ने शुक्रवार की शाम जहर खा लिया। जब हालत बिगड़ी तो परिजन अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### यूपीएससी में दोआबा के रोहन को मिली 6वीं रैंक

**फतेहपुर।** दोआबा के लाल ने यूपीएससी की भारतीय वन सेवा में ऑल इंडिया 6वीं रैंक लाकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है बल्कि अपने माता पिता के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है। शनिवार को रोहन का शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फूलमाला के साथ सम्मान किया गया और बधाई दी गई। महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय के प्रधानाचार्य पीके त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व छात्र रोहन तिवारी को यूपीएससी भारतीय वन सेवा में ऑल इंडिया छठवीं रैंक प्राप्त हुई है। दसवीं तक महर्षि स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने के बाद आईआईटी कानपुर से मैटेरियल साइंस में स्नातक के बाद 2018 तक जिंदल स्टेनलेस में काम किया और तब से यूपीएससी की तैयारी में जुट गए। रोहन के माता पिता दोनों डॉक्टर हैं। पिता डॉ. राजीव तिवारी कार्डियोलॉजिस्ट व माता डॉ. शशि तिवारी गैनकोलॉजिस्ट हैं। शुरू से ही पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति प्रेमी परिवार में होने के कारण वन सेवा की ओर रुझान था। इस वर्ष वन सेवा में चयनित होने के लिए सिविल सेवा के मेन्स को भी छोड़ दिया था, जिसके फलस्वरूप उन्हे 6वीं रैंक प्राप्त हुई। आज अपने पूर्व विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी ने माल्यार्पण कर अखिल भारतीय वन सेवा में चयन पर बधाई दी।


रोहन को माला के साथ सम्मानित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से बाइक में लगी आग, दो घायल

**औंग।** थाना क्षेत्र के हाईवे पुल के ऊपर शनिवार की शाम को एक ट्रक ने चलती बाइक में टक्कर मार दी ,बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे घुसकर फंस गई। करीब 50 मीटर तक बाइक घिसटती चली गई, जिससे बाइक में आग लग गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा है। थानाध्यक्ष कांती सिंह ने बताया है कि बाइक सवार अजीत कुमार सिंह पुत्र शिवकरन सिंह निवासी मानिकपुर व मुन्ना सिंह पुत्र शिव दुलारे निवासी बहरौली थाना बिन्दकी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है। ट्रक चालक उतरकर भाग जाने में कामयाब रहा। ट्रक की पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया कि हाईवे पुल के ऊपर बाइक लेन का निर्माण नहीं किया गया है। पुल में सिर्फ तीन लेन चार पहिया वाहनों के लिए बनाए गए हैं जबकि फोर लेन निर्माण के दौरान बाइक लेन का भी निर्माण हुआ था जो सिक्स लेन में गायब कर दिया गया है।

### बालिकाओं को किया गया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### 66 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 66 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### शाखा प्रबन्धक व बड़ौदा बैंक खागा को नोटिस जारी

**फतेहपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने बताया कि निर्दलीय प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार मौर्या द्वारा व्यय प्रेक्षक को अवगत कराया गया कि शाखा प्रबन्धक, बड़ौदा उप्र बैंक, खागा खाता खोला गया था। जिसकी चेक बुक अभी तक निर्गत नहीं की गई। जिसके कारण भुगतान करने में कठिनाई हो रही है। जबकि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले के समस्त बैंकों के प्रबन्धकों की बैठक पूर्व में आहूत कर निर्देशित किया गया था कि सम्भावित लोक सभा के अभ्यर्थियों का निर्वाचन के उदेदश्य से प्राथमिकता के आधार पर अलग बैंक खाता खोलने तथा चेक बुक, नेट बैंकिंग की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। शाखा प्रबन्धक, बड़ौदा उप्र बैंक खागा द्वारा लोक सभा चुनाव में अभ्यर्थियों के लिए खाते से सम्बन्धित सुविधाओं को तत्काल उपलब्ध कराने में लापरवाही की गई। इसलिए उनके खिलाफ नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

सियासत | दिलचस्प मोड़ पर पहुंचा लोकसभा का चुनाव, भाजपा-सपा के लिए हॉट सीट है

# मतदाताओं की खामोशी से प्रत्याशियों की बढ़ी बेचैनी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दिग्गजों की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

**अमृत विचार।** जिले का सांसद चुनने के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। पांचवें चरण में होने वाले 20 मई के मतदान का चुनाव प्रचार शनिवार से थम गया। 19 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में किसी एक की दिल्ली की डगर को आसान बनाएंगे। शायद यह पहला चुनाव है जब चुनावी चकचक ज्यादा सुनाई नहीं पड़ी। तो वहीं आम मतदाता प्रत्याशियों की बेचैनी को बढ़ा दिया है।

मतों के ध्रुवीकरण को लेकर आशंकित राजनीतिक दल हर उस बिंदु पर, जिसमें उन्हें कमजोरी नजर आ रही है, उसे ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं। जीत की हैट्रिक लगाने को भाजपा ने यहां पूरी ताकत झोंक दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित दर्जन भर मंत्रियों एवं बड़े नेताओं के कार्यक्रम लगे।

मास्टर स्ट्रोक लगाने को लेकर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के जरिए लोगों में जोश व जुनून पैदा करने की कोशिश की गई लेकिन वह सफलता हाथ नहीं लगी, जैसा कि भाजपाई चाह रहे थे। अब तो भाजपा के लिए फतेहपुर लोकसभा की सीट अब नाक का सवाल बन गई है, वहीं समाजवादी पार्टी की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

### वादों एवं इरादों का सिलसिला जारी

लोकसभा का चुनाव यहां 20 मई को होने जा रहा है। भाजपा, कांग्रेस-सपा गठबंधन तथा बसपा ने मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है लेकिन जिस तरीके से जिले का चुनावी मिजाज बना है, वह इससे पहले कभी भी देखने को नहीं मिला। मतदाताओं ने चुप्पी साध रखी है तो वही नेताओं के बयानों, वादों, इरादों का सिलसिला जारी है।

### गठबंधन के लोग दे रहे विकास की दुहाई

कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल को चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के कुछ नेता ही आगे आए। अखिलेश की जनसभा के जरिए समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के नेता विकास की बात कर रहे हैं। संविधान व आरक्षण बचाने, नौकरी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई किसानों की कर्ज माफी, महिलाओं को सुविधाओं सहित पांच गारंटी देकर चुनाव अपने पाले में लाने की हर जुगत जुगाड़ लगाने की कोशिश जारी है।

### बसपा अपने अंदाज में लड़ रही चुनाव

बसपा ने सुप्रीमों मायावती की सभा करने के बाद प्रत्याशी व नेता अपने अंदाज में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें अपने परंपरागत मतों एवं सोशल इंजीनियरिंग पर भरोसा है। कुछ भी हो समाजवादी पार्टी तथा भाजपा के लिए फतेहपुर हॉट सीट बन गई है। प्रदेश अध्यक्ष रहे नरेश उत्तम पटेल के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेताओं की अग्नि परीक्षा होगी तो हैट्रिक लगाने को बेताब दिख रही ।

### जातीय समीकरण ने बनाया चुनाव को खास

जातीय समीकरणों के लिहाज से जिले का चुनाव खास मोड़ पर पहुंच गया है। मतों के चल रहे कतरब्योंत ने नेताओं के दिलों की धड़कन बढ़ा रखी है। भाजपा मुद्दों व विकास से कहीं ज्यादा जग के तारणहार भगवान राम व मंदिर के भरोसे चुनावी नैया पार लगाने का भरसक प्रयास कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं नेता गिना रहे हैं। आतंकवाद, पाकिस्तान, गुंडाराज एवं गुंडे भी भाजपा के केंद्र में हैं। राहुल व अखिलेश को भी भाजपा के नेता निशाने पर रखे हैं। चुनावी सभा में अलग-अलग तरीके से मतदाताओं के बीच करंट पैदा करने की कोशिश जरूर की गई लेकिन चुनाव इतना साइलेंट मोड में है कि किसी भी मुद्दे को मतदाताओं ने तरजीह ही नहीं दी।

# बाग में लगी भीषण आग, पेड़ जले

**थरियांव।** थरियांव थाना क्षेत्र के असवा बक्सपुर गांव निवासी हिमांशु के बाग में आग अज्ञात कारणों से लग गई। मामले की जानकारी पर बाग मालिक मौके पर हिमांशु पहुंचाया। आग लगने से आम और नीम के पेड़ जल गए है। नलकूप में रखा सामान आग की चपेट में आकर जल कर राख हो गया। नलकूप मालिक ने बताया कि कोठरी में पांच पानी लगाने वाले पाइप जल गये है। वही स्टार्टर में आग लगने से वह भी जल गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाने की पुलिस ने दमखल विभाग को सूचना पहुंचा दिया लेकिन दमकल विभाग मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के न आने पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास करती रही। वहीं थोड़ी देर बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग में काबू पा लिया।

# एक्सप्रेस-वे पर खड़ी बस में घुसा ट्रक, 36 सवारियां घायल

## सकरावा थाना क्षेत्र में हुआ भीषण हादसा, नौ घायलों को मिनी पीजीआई सैफई व 11 को मेडिकल कॉलेज भेजा गया

संवाददाता, सौरिख-कन्नौज

**अमृत विचार।** गोरखपुर से गुजरात जाते समय सकरावा थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किमी संख्या 139 पर खड़ी स्लीपर बस में तेज रफ्तार ट्रक घुस गया। हादसे में करीब 36 सवारियां घायल हो गई। गंभीर घायलों में से नौ को मिनी पीजीआई सैफई एवं 11 को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया गया।

जोधपुर के शिव कॉलोनी प्रतापगढ़ निवासी बस चालक महावीर पुत्र पुख सिंह, सांवरिया ट्रेवल्स की स्लीपर बस में 60 सवारियां लेकर गोरखपुर से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते गुजरात के सूरत जा रहा था। शनिवार को तड़के करीब साढ़े तीन बजे सकरावा थाना क्षेत्र के किलोमीटर 139 मिश्राबाद गांव के पास चालक बस को पीली पट्टी पर खड़ी कर लघुशंका के लिए चला गया।

तभी पीछे से गेहूं लदा ट्रक लेकर आ रहा चालक जयदेव पुत्र मिश्रीलाल मसूरपुर थाना खजुरिया जनपद रामपुर स्टेयरिंग पर नियंत्रण न रख सका और ट्रक बस में घुस गया।

हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी होते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह व सहायक सुरक्षा अधिकारी आरपी कनौजिया घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस की मदद से घायलों को बस से बाहर निकलवाया और सभी को स्थानीय सीएचसी भेजा गया। घायलों की गंभीर हालत देखकर उन्हें सैफई स्थित मिनी पीजीआई व तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजकर भर्ती कराया गया।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई स्लीपर बस। अमृत विचार


अस्पताल में भर्ती शैलेंद्र व अन्य घायल। अमृत विचार


घायलों को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस। अमृत विचार

### आठ एंबुलेंस से भेजे गए घायल

अस्पताल तक पहुचने के लिए छिबरामऊ, सौरिख तथा हसेरन से 108 सेवा की आठ एंबुलेंस बुलाईं गईं। इनसे घायलों के अस्पताल पहुंचाया गया। शेष सवारियों के अन्य वाहन से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। एंबुलेंस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक उनका उपचार करने में लगे हैं।

### यह लोग हुए घायल

घायलों में मीना कुमारी पांडेय, इनके पति जुगल किशोर पांडेय, बेटी पलक, बेटा करन, राधेश्याम पुत्र रामदेव, राजन पुत्र राधेश्याम, निवासीगण इकडगा थाना नवाबगंज गोंडा, कुबेर पुत्र भगेलू निवासी मदनपुर देवरिया एवं देवरिया जनपद के आकोला थाना क्षेत्र के घीड़ा गांव निवासी विजय शंकर पुत्र रामनरेश को मिनी पीजीआई सैफई एवं संत कबीर नगर के खलीलाबाद गांव निवासी सबा पत्नी राहिल, सुशील मौर्य पुत्र जयराम निवासी मोहनपुर गोरखपुर, करन पुत्र राजेंद्र सिंह मेदावल संत कबीर नगर, दयाशंकर पुत्र लल्लन यादव भेड़ी इकौना देवरिया, शैलेंद्र साहनी पुत्र मोहनलाल साहनी राजी राजधानी गोरखपुर, रानी बेन पत्नी चेतन कुमार सूरत गुजरात, मुकेश पुत्र रमेश शर्मा ताजपुर साकरकाता गुजरात, सूरज पुत्र राम शंकर निवासी बड़ा चौराहा संत कबीर नगर, धर्मेंद्र पुत्र हरिओम निवासी हिम्मतनगर गुजरात एवं मस्ती पत्नी धर्मेंद्र नवाबगंज गोंडा को यूपीडा, 108, 102, एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया गया। अन्य घायलों को सौरिख सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित हो गया। यूपीडा की क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर आवागमन सुचारु किया गया।

# दुष्कर्म पीड़ित किशोरी के बच्चे की हालत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में किशोरी ने दिया था बेटे को जन्म

**अमृत विचार।** राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जन्मे दुष्कर्म पीड़िता किशोरी के बच्चे की हालत बिगड़ गई है। बताया गया है कि कानपुर के बाद उसे सैफई में इलाज चल रहा है। आरोपी जेल में बंद हैं।

थाना तालग्राम क्षेत्र के एक गांव निवासी करीब 16 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया था। तब पीड़िता ने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। करीब छह महीने बाद जब किशोरी के गर्भवती होने के लक्षण मिले तो परिजनों ने डॉक्टरों को दिखाया। वहां पीड़ित किशोरी के गर्भवती होने की जानकारी हुई।

इससे परिजनों ने नाराजगी जताई और किशोरी से पूरी बात पूछी। इसके बाद आरोपी के खिलाफ तालग्राम थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी को अनौगी स्थित जिला जेल भेज दिया। इधर, कुछ दिनों पहले पीड़िता के प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां से तिर्वा के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय रेफर कर दिया गया। यहां महिला डॉक्टर के नेतृत्व में टीम ने किशोरी का सुरक्षित प्रसव कराया गया। अब बताया गया है कि नवजात की हालत बिगड़ गई है। यहां से कानपुर रेफर कर दिया गया।

कानपुर के बाद सैफई में इलाज चल रहा है। परिजनों का कहना है कि बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। पीड़िता दोहरे मानसिक दबाव में है। एक तो बच्चे की पैदाइश को लेकर उसने दर्द सहा। दूसरा उसको भी जिंदगी मौत के बीच झूलते देख रही है।

> जच्चा-बच्चा दोनों की देखरेख की जा रही है। पीड़ित किशोरी और उससे जन्मे बच्चे के स्वस्थ होने पर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। आगे की प्रक्रिया समिति के जरिए ही चलेगी। वर्तमान में बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड लाइन के कॉउंसलर व सोशल वर्कर भी केस को देख रहे हैं।
>
> इरा आर्या, जिला प्रोबेशन अधिकारी

# पुलिस ने दो लुटेरे दबोचे, माल बरामद

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** एसओजी, सर्विलान्स व छिबरामऊ कोतवाली पुलिस ने थाना छिबरामऊ व थाना सौरिख क्षेत्र में छिनैती व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक किशोर शामिल है। एक साथी फरार हो गया। गिरफ्तार लुटेरों से लूटे गये मोबाइल, एटीएम, जेवरात व नकदी बरामद हुई हैं।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने शनिवार को पुलिस लाइन में खुलासा करते हुए बताया कि क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के नेतृत्व में एसओजी प्रभारी कमल भाटी व छिबरामऊ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह की संयुक्त टीम ने तालग्राम रोड के बाबा बगिया रोड के पास से छिनैती व लूट की घटनाओं में वांछित आरोपी अंशुल गिहार पुत्र गिरीश गिहार निवासी ग्राम निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज व एक किशोर को घेराबन्दी कर गिरफ्तार किया। लुटेरों से दो मोबाइल फोन वीवो कम्पनी, एक मोबाइल रीयल मी कम्पनी, दो लेडीज अंगूठी, एक जोड़ा झाला, एक आधार कार्ड, एक पैनकार्ड, एक एटीएम कार्ड, एक वीजा स्टेट बैंक, पांच चाबी, 10102 रुपये नकद बरामद किये गये। माल बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमे में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी की गयी। बताया कि लुटेरों ने पूछताछ में बताया कि वे रास्ते में आने जाने वाली महिलाओं से लूट करते हैं। शनिवार को भी इसी उद्देश्य से निकले थे कि पुलिस ने पकड़ लिया। यह लोग ई-रिक्शा से आने-जाने वाली महिलाओं को लक्ष्य कर पर्स छीन कर भाग जाते थे। इसी से परिवार का भरण पोषण करते हैं। पुलिस लुटेरों के साथी राजेश गिहार पुत्र सुनब्बा गिहार निवासी ग्राम निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज की तलाश कर रही है। दोनों लुटेरों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षत छिबरामऊ जितेंद्र प्रताप सिंह, एसओजी परभारी कमल भाटी, कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार रावत, दरोगा सुरेश चन्द्र, हेड कांसटेबल, तेज प्रताप सिंह, सुधीर कुमार, दुष्यन्त कुमार, सिपाही मनीष सिंह, गौरव आदि रहे।


पुलिस हिरासत में लुटेरे तथा खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

- रास्ते में महिलाओं से करते थे लूटपाट

# छायाचित्रों के जरिए देखे भारत के प्रमुख संग्रहालय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राजकीय पुरातत्व संग्रहालय ने विश्व संग्रहालय दिवस पर प्रदर्शनी लगाई। इसमें भारत के प्रमुख संग्रहालयों पर आधारित छायाचित्रों को देखने का मौका छात्र-छात्राओं को मिला।

वीथिका सहायक डॉ. पवन तिवारी ने बताया कि एमपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं प्रदर्शनी देखने आए थे। प्रदर्शनी में एशिया महाद्वीप और भारत के सबसे पुराने संग्रहालय इंडियन म्यूजियम कोलकाता, सालारजंग संग्रहालय हैदराबाद, नेशनल म्यूजियम न्यू दिल्ली, इलाहाबाद संग्रहालय, डॉल संग्रहालय, रेल संग्रहालय एवं अन्य प्रसिद्ध संग्रहालयों से संबंधित छायाचित्रों को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया है। पूजा राठौर, अरविंद सिंह, ब्रजपाल, नवाब शेर, रजनेश शर्मा, रमेश चंद्र मौजूद रहे।


पुरातत्व संग्रहालय के बारे में बताते वीथिका सहायक डॉ. पवन तिवारी।

# बिजली चोरी करने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अब गांव में बिजली चोरी करने वालों पर विभाग शिकंजा कसेगा। मीटर से बाईपास कर बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। विभागीय बाबू व अधिकारियों ने मीटर रीडर व लाइनमैन के साथ गांव-गांव घर-घर सर्वे का काम शुरू किया है।

गांव में मीटर से बाईपास कर बिजली चोरी करना महंगा पड़ेगा। शासन ने गांव में हो रही बिजली चोरी को गंभीरता से लिया है। इसी को देखते हुए सर्वे का काम शुरू किया है। इसके तहत कनेक्शन धारक का नाम, मोबाइल नंबर और मीटर की रीडिंग के अलावा अब तक मीटर में कितनी रीडिंग हुई, मीटर से पहले केबल काट कर बाईपास से चोरी तो नहीं की जा रही, इस की जांच मौके पर पहुंच कर विभागीय अधिकारी कर रहे हैं। बिजली चोरी करने वालों की डिटेल बनाई जा रही है। यही नहीं ऐसे लोगों के कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं। शनिवार को बिजली विभाग ने गांव नजरापुर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभागीय टीम के बाबू ह्देश कुमार पटेल, लाइनमैन अनमोल दास व मीटर रीडर अवधेश तिवारी ने घर-घर जाकर चेकिंग की।

कुछ देर के बाद अधिशाषी अभियंता मगन सिंह भी गांव पहुंचे। उन्होंने कई घरों का खुद निरीक्षण किया। कुछ लोग बिजली चोरी करते मिले। उन्होंने तत्काल कनेक्शन कटवा दिया। लोगों के कहने पर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। कहा कि कोई भी मीटर से बाईपास कर बिजली चोरी नहीं करेगा। यदि चेकिंग में चोरी मिलती है तो रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी। एक्सईएन ने बताया कि इसी तरह की चेकिंग अब प्रत्येक गांव में शुरू की गई है।


नजरापुर गांव में मीटर चेक करते एक्सईएन मगन सिंह व कर्मचारी। अमृत विचार

- गांव-गांव, घर-घर विभाग ने शुरू किया सर्वे
- जेई, एसडीओ व एक्सईएन भी चेक कर रहे मीटर

## भाविप का दायित्व ग्रहण समारोह 21 को

**गुरसहायगंज।** भारत विकास परिषद की शाखा गुरसहायगंज के पदाधिकारियों का दायित्व ग्रहण समारोह नगर के जीटी रोड स्थित दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में 21 मई को शाम छह बजे किया जाएगा। यह जानकारी भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर दीक्षित ने दी।

बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ. रमेश शुक्ला व रमेश मेहरोत्रा शपथ अधिकारी के रूप में मौजूद रहेंगे। उधर समारोह में अध्यक्ष अतुल गुप्ता भारती, सचिव अजीत मिश्र एडवोकेट, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता आदि पदाधिकारी कर्तव्य व दायित्व ग्रहण करेंगे।

# कैंप लगाकर मरीजों को बांटी दवा

**खबर का असर**

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पंचायत समधन में चिकनपॉक्स फैलने की खबर अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। एमओआईसी ने टीम भेजकर मोहल्ले में कैंप लगवाया और मरीजों का परीक्षण कराकर दवा वितरित कराई।

कस्बा समधन में भीषण गर्मी के चलते चिकनपॉक्स की दस्तक से लगातार रोगियों की संख्या बढ़ रही थी। समस्या का संज्ञान लेते एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने स्वास्थ्य टीम को मोहल्ला लोहिया नगर में भेजकर कैंप लगवाया। इसमें डॉ. नीरज कुमार, फार्मासिसट विजय कुमार, आकाश कुमार, अखिलेश कुमार, एएनएम श्रद्धा देवी, हरेंद्र कुमार ने स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की। स्वास्थ्य टीम ने स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में खानपान और पहवाने का विशेष ध्यान रखें। भरपूर मात्रा में पानी, फल, जूस आदि का सेवन करें। बासी भोजन व तली भुनी चीजों का सेवन न करें। धूप से बचाव रखे। सुबह शाम ही घर से निकले। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे, घर के आसपास जलभराव न होने दें।


कैंप में परीक्षण कर दवा वितरित करती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

# युवक को बांधकर पीटा, चेक पर जबरन कराए हस्ताक्षर

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- निकाले 50 हजार रुपये, कोर्ट के आदेश से चार साल बाद रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** युवक को बांधकर मारपीट करते हुए चेक पर जबरन हस्ताक्षर कराकर 50 हजार रुपये निकाल लिए गए। चार साल पहले की इस घटना में पुलिस ने कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना व कस्बा ठठिया निवासी गरिमा सिंह पत्नी सौरभ सिंह ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि पति देश समेत विदेश तक व्यापार करने जाता है। उसके पास वीजा भी है। जब पति आते तो उसके पड़ोसी जितेंद्र, रितिक, सतेंद्र, योगेंद्र व सतीश रुपये मांगते। मना करने पर 5 मई 2021 की रात छत के रास्ते से उक्त लोग असलाह लेकर घर के अंदर घुस आए और पति को बांधकर मारपीट की और उससे चेक पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद 50 हजार रुपये निकाल लिए। इसके साथ ही घर पर नगद रखा दो लाख रुपया और जेवरात भी एटीएम व चेकबुक चोरी कर ली। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सार-संक्षेप


बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत कार्यकर्ता। अमृत विचार

### समधन में बिजली संकट को लेकर प्रदर्शन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कस्बा समधन में अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों सहित स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। भाकियू के पदाधिकारियों ने विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने पर विद्युत विभाग को धरना देने की चेतावनी दी है। भाकियू टिकैत समधन नगर अध्यक्ष मुईन अहमद के नेतृत्व में पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों ने अघोषित विद्युत कटौती, लो वोल्टेज, ट्रिपिंग, ओवरलोड आदि को लेकर प्रदर्शन कर विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। नगर अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत समधन को मात्र छह घंटे विद्युत आपूर्ति मिल रही है। ओवरलोडिंग और फाल्ट के साथ रात-दिन ट्रिपिंग की समस्या रहती है। विभागीय लापरवाही के कारण भीषण गर्मी में लोगों को आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। इससे व्यापार चौपट है और बिजली व पानी का संकट बना हुआ है। नगर अध्यक्ष मुईन अहमद सहित अनवर खान, असगर खान, आफताब हुसैन, नरेश राजपूत, राजेश सिंह, भूरा सिंह आदि ने प्रदर्शन करते हुए बिजली घर का घेराव कर धरना देने की चेतावनी दी है।

**लोकसभा चुनाव** — नवीन मंडी परिसर में चार जून को सुबह आठ बजे से की जाएगी वोटों की गिनती

# तीनों विस क्षेत्रों की होगी 14-14 टेबिल पर मतगणना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने ताना-बाना बुनना शुरू कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रत्याशियों के साथ बैठक कर मतगणना की तैयारियों और चुनाव आयोग के प्रारूपों के बारे में जानकारी दी। कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में निष्पक्ष तरीके से मतगणना कराई जाएगी।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों की अलग-अलग पंडालों में मतगणना नवीन मंडी परिसर में की जाएगी। वहीं, बिधूना विधानसभा क्षेत्र की जिला मुख्यालय औरैया तथा रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र की मतगणना अकबरपुर डिग्री कॉलेज कानपुर देहात में होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना में 14-14 टेबिलें लगाईं जाएंगीं, जबकि पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए 12 टेबिलों की व्यवस्था की गई है। स्क्रीनिंग के लिए 15 टेबिलें लगाईं जाएंगीं। मतगणना पंडाल में केवल प्रत्याशी एवं अभिकर्ता ही रहेंगे। एक प्रत्याशी सात अभिकर्ताओं की नियुक्त कर सकता है, जिसके लिए प्रारूप 18 भरना पड़ेगा। प्रत्येक अभिकर्ता का पास जारी किया जाएगा। उसके पास फोटोयुक्त पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

अभिकर्ता कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस या कैलकुलेटर नहीं जाएंगे। केवल पेन, पेंसिल, सादा कागज व फार्म 17 सी ही अंदर ले जा सकेंगे। प्रत्याशी, अभिकर्ता समेत उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार उपस्थित रहे।


प्रत्याशियों को जानकारी देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एडीएम आशीष कुमार सिंह।

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों के साथ बैठक कर दी जानकारी

### मतगणना स्थल का ब्लूप्रिंट तैयार, जायेगा चुनाव आयोग

मतगणना स्थल का लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भुवनेश प्रताप सिंह ने नक्शा तैयार किया, जिसे भारत निर्वाचन आयोग को भी भेजा जाएगा। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक दस मीटर पर एक सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा, जो लाइव वेबकास्ट करेगा। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। तीनों पंडालों का त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा रहेगा। मंडी के प्रवेश द्वारा से पहले जीटी रोड पर दो बैरियर लगाए जाएंगे। यहां भी कैमरे रहेंगे। पूरे पंडाल की बेरीकेडिंग की जाएगी तथा लोहे की जाली लगाई जाएगी। सहायक अभियंता ने बताया कि तीनों पंडालों का लेआउट तैयार किया गया है। इसके अलावा एआरओ टेबिल भी लगाई जाएगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्मृति मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत कटियार सहित राजनैतिक दलों के प्रत्याशी व चुनाव एजेन्ट उपस्थित थे।


मतगणना स्थल का नक्शा तैयार करते सहायक अभियंता।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्थी राख

**सौरिख,कन्नौज।** शार्ट सर्किट से झोपड़ी में आग लगने से कपड़ा, गेहूं, आलू, चारपाई समेत हजारों का घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

थाना क्षेत्र के जमाली नगरिया गांव निवासी नसरुद्दीन पुत्र अली मोहम्मद मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। पत्नी अफसाना बेगम समेत पांच बच्चियों के साथ झोपड़ी में रहता है। शनिवार को नसरुद्दीन मजदूरी करने गया था। तभी शार्ट सर्किट से आग लग गई। ग्रामीणों ने पानी, बालू एवं अन्य संसाधनों से कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। तब तक झोपड़ी में रखें परिजनों के कपड़े, दो क्विंटल गेहूं, एक पैकेट आलू, चारपाई, पंखा, सिलेंडर समेत हजारों का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं लेखपाल विक्रम सिंह ने जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी। लेखपाल ने बताया कि रिपोर्ट भेजी गई है।

### गर्मी से बचाव का दिया संदेश...



**कन्नौज।** इन दिनों प्रचंड गर्मी व लू का प्रकोप है। बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की जा रही है। साथ ही छात्र-छात्राओं के बीच बचाव को लेकर प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर व राजकीय हाईस्कूल गुगरापुर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। हीटवेब लू व प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए सलाह को लेकर भी प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतिभागियों ने सिरदर्द, पेटदर्द, दस्त आना, चक्कर आना, उल्टी होना, जी मिचलाना, बुखार आना बीमारी के लक्षण बताए। इस मौके पर दिव्या शर्मा व शिवानी गुप्ता मौजूद रहीं।

# इस गर्मी ने तोड़ा तीन साल का रिकॉर्ड

## दोपहर में गर्म हवाओं ने झुलसाया, घरों में कैद रहे लोग, 16 से 18 किमी प्रतिघंटा के वेग से चलीं गर्म हवाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पश्चिमी विक्षोभ और सोलर रेडिएशन के असर से पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। हीटवेब के कारण 16 से 18 किलोमीटर प्रतिघंटा के वेग से दोपहर में चलीं गर्म हवाओं ने बदन झुलसा दिया। भीषण गर्मी व लू से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया तो बेजुबान भी परेशान रहे। मौसम विभाग ने दावा किया है कि शनिवार को दिन के अधिकतम तापमान ने पिछले तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दिन में 44.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी अधिक था।

शनिवार को वातावरण में सुबह से ही गर्मी थी। दोपहर में जब भगवान भाष्कर ने रौद्र रूप दिखाया तो लोग घरों में कैद हो गए। बाजार और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। यहां तक कि हमेशा व्यस्त रहने वाले जीटी रोड व आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भी इक्का-दुक्का वाहन ही रेंगते नजर आए। दोपहर में स्कूलों की छुट्टी होने के बाद बच्चे धूप में तपते हुए घर पहुंचे तो शिक्षिकाएं भी हाथ-मुंह ढककर निकलीं। लोग छाया तलाशते रहे। बाइक सवार भी गमछे से मुंह बांध कर निकले। भीषण गर्मी व लू से इंसान तो क्या बेजुबान भी परेशान रहे। मौसम विभाग का कहना है कि इस समय उत्तर-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से हीटवेब चल रही है तो सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ रहीं हैं। अधिकतम तापमान ने तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



दोपहर में कुछ इस तरह सड़क पर निकलीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**इस तरह बढ़ा तापमान (डिग्री सेल्सियस में)**

| वर्ष | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| मई 2021 | 43.2 | 22.4 |
| मई 2022 | 42.6 | 23.4 |
| मई 2023 | 43.8 | 24.6 |
| मई 2024 | 44.4 | 26.6 |

### कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

**कन्नौज।** जिला कृषि विज्ञान केंद्र ने हीटवेब को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि हीटवेब का मानव व पशु-पक्षियों के शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता है। सूर्य से निकलने वालीं अल्ट्रावायलेट किरणों से त्वचा खराब हो जाती है तो आंखों की रोशनी पर भी असर पड़ता है। इसलिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और काला चश्मा लगाकर बाहर निकलें। दिन में लगातार पानी पीते रहें। पशुपालक भी अपने मवेशियों का ख्याल रखें। पशुओं को छायादार स्थान पर बांधे और दिन में हरा चारा खिलाएं। पशुओं को भी दिन में कई बार पानी पिलाएं। पक्षियों के लिए भी छत पर छायादार स्थान पर दाना-पानी रखें। फसलों में सिंचाई शाम के समय करें और दोपहर में कीटनाशक या खरपतवारनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं करें।

डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) होने पर तत्काल चिकित्सक के पास जाएं। वहीं, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने भी एडवाइजरी जारी कर लोगों को हीटवेब से बचाव की जानकारी दी है।



डॉ. अमरेंद्र कुमार।

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी हीटवेब से बचाव की जानकारी

**कन्नौज।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हीटवेब से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर जिले के विभिन्न विद्यालयों में निबंध, पोस्टर व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं व नाटकों का आयोजन किया गया। शनिवार को हुई प्रतियोगिताओं में राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज गंगधरापुर, राजकीय हाईस्कूल मुरैयां बुजुर्ग, बाबू सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, स्वामी एकरसानंद इण्टर कॉलेज तेराजाकेट, जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिबरामऊ व सुभाष एकेडमी छिबरामऊ में बच्चों ने जागरुकता पोस्टर बनाए और लोगों को हीटवेब से बचाव के बारे में जानकारी दी।




लू से बचने का पोस्टर प्रदर्शित करते बच्चे। अमृत विचार

## भूमि विवाद में मारपीट पांच लोग घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। इसमें महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। तीन को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया।

ग्राम रसूलाबाद में शुक्रवार को जमीन के विवाद को लेकर रानू, नौशाद, नईम व फईम के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के लोगों ने मारपीट की और ईंट-पत्थर चलाए। इसमें एक पक्ष से शिबू (22), नसरीन (40), साजिद (45), अरबाज (18) जबकि दूसरे पक्ष से शमीम (40) घायल हो गए। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंची थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने दोनों पक्षों से कई लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से नसरीन, अरबाज व शमीम को गंभीर हालत होने पर तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रानू की तहरीर पर नौशाद, नईम, वीरू उर्फ फईम, इकबाल, शमीम सहित चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि समीम, नौशाद, नईम, शिबू, इरशाद, अरबाज, रानू को शांतिभंग में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल मतौली में गृह कार्य के साथ विद्यार्थी।

## कल लगेंगी कक्षाएं, एक जुलाई से खुलेंगे मा. स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **जिलेभर के 363 विद्यालयों में 41 दिन बंद नहीं होगा शिक्षण कार्य**
- **30 जून तक सभी विद्यालय बंद रहेंगे, परिषदीय में भी 17 जून तक छुट्टी**

**अमृत विचार।** जिलेभर के 363 माध्यमिक स्कूलों में 21 मई से अवकाश रहेगा। 41 दिन छुट्टियां होने के बाद पहली जुलाई से शिक्षण कार्य फिर शुरू हो जाएगा। दूसरी ओर शनिवार को सभी 1459 परिषदीय विद्यालयों में कक्षाएं लगने के बाद 17 जून तक की छुट्टी कर दी गई है।

प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में कई शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को ग्रीष्म अवकाश को लेकर गृह कार्य भी दिया। उसे बच्चे छुट्टियों में हल करेंगे। डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक 20 मई को सभी राजकीय विद्यालय, शासकीय सहायता प्राप्त व वित्तविहीन विद्यालयों में कक्षाएं लगेंगी। छात्र-छात्राएं व शिक्षक भी पहुंचेंगे। उसके बाद 30 जून तक विद्यालय बंद रहेंगे। इस दौरान शिक्षण कार्य नहीं होगा।

पहली जुलाई से विधिवत पढ़ाई शुरू हो जाएगी। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि छुट्टियों के दौरान बच्चों में पढ़ाई के प्रति मन लगा रहे, इसके प्रयास शिक्षक-शिक्षिकाएं करते रहेंगे। बताया गया है कि परिषदीय स्कूलों का समय सुबह साढ़े सात से दोपहर एक बजे तक है। माध्यमिक विद्यालयों में कक्षाएं सुबह साढ़े सात से दोपहर डेढ़ बजे तक लगेंगी।

## काली नदी में डूबने से कक्षा एक की छात्रा की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मेहंदीपुर गांव के सामने काली नदीं में स्नान कर रही कक्षा एक की छात्रा नदी में डूब गई। जानकारी पर लोगों ने उसे खोज निकाला। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर निवासी अजय पाल की छह वर्षीय पुत्री प्रज्ञा गांव के ही स्कूल में कक्षा एक की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार शनिवार की दोपहर स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह घर पहुंची। स्कूल बैग घर में रखने के बाद वह गांव के सामने काली नदी में अन्य बच्चों के साथ नहाने लगी। इसी दौरान वह गहरे पानी में चली गई। कुछदेर के बाद वह डूबने लगी तो अन्य बच्चों ने शोर मचाया। इस पर गांव के लोग मौके पर पहुंच गये। उन्होंने काली नदी में छलांग लगा कर खोज की। इस दौरान प्रत्ज्ञा गहरे पानी में मिली। आनन फानन में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टर ने जांच करने के बाज उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर गंगागंज चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## तमंचे के बल पर की महिला से छेड़छाड़

**सौरिख।** सकरावा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके गांव के दो लड़के 16 मई की शाम सात बजे उसे अकेला देख घर में घुस आए और दरवाजा बंद कर कनपटी पर तमंचा लगाकर अश्लील हरकत करने लगे। शोर मचाने पर पास पड़ोस के लोग आ गए और दरवाजा खोलने की आवाज लगाई। इस पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से निकल गए। बताया, लगभग 15 दिन पहले खड़नी बाजार जा रही थी। रास्ते में चार पहिया वाहन पर उसे जबरन बैठा लिया और अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बना लिया। अब वायरल करने की धमकी दे रहे हैं।

## दहेज की खातिर विवाहिता की गला दबाकर हत्याकरने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- **पांचवें दिन पंहुचे मृतका के परिजनों ने पति, ससुर व देवर को किया आरोपित**

**अमृत विचार।** पांच दिन पहले तालाब से विवाहिता का शव मिलने के मामले में मृतका के परिजनों ने पति समेत तीन लोगों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ठठिया के कौलेपुर्वा गांव मे मंगलवार की रात को गांव के बाहर तालाब से पुलिस ने निक्की पत्नी शीलू का शव बरामद किया था। शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम कराया था जिसमें गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। शरीर पर चोटों के निशान भी मिले थे। परिजनों के आने में देरी होने से मृतका की चचेरी बहन के ससुरालियों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था।

घटना के पांचवे दिन शनिवार को थाने पहुंचे मृतका के पिता बिहार के पूर्णिया जनपद के बरहरा थाना क्षेत्र के कलमबाग गांव निवासी हरिमोहन राम ने तहरीर देते हुए बताया कि चार अप्रैल को बेटी निक्की (20) की शादी ठठिया थाना क्षेत्र के कौलेपुर गांव निवासी शीलू दोहरे के साथ की थी। कुछ दिन बाद ही पति शीलू, ससुर राकेश दोहरे व देवर रुसु अतिरिक्त दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे थे। बेटी ने असमर्थता जताई तो 12 मई की रात को बेटी के साथ तीनों ने मारपीट की और गला दबाकर हत्या कर दी। शव को तालाब में फेंक दिया। 15 मई को देर रात पुलिस को गांव के बाहर तालाब से उसका शव मिला था। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पति, ससुर व देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## किसानों ने बिजलीघर का किया घेराव

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

- **दर्जनों गांवों की फसलें सिंचाई के अभाव में सूख रहीं**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में अंधाधुंध बिजली कटौती से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजलीघर का घेराव किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली के अभाव में खरीफ की फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई और बिजली विभाग के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं।

विकासखंड के सिकंदरपुर बिजली उपकेंद्र से करीब एक दर्जन से अधिक गांवों को आपूर्ति होती है। एक दर्जन से अधिक गांव में पिछले दो माह से अंधाधुंध बिजली कटौती और लो वोल्टेज होने के कारण पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते लगभग एक दर्जन से अधिक ट्यूबवेल ठप पड़े हुए हैं जिससे किसानों की सैकड़ो बीघा की मक्का, मूंगफली आदि फसलें सूख रही हैं। गुस्साए सैकड़ों किसानों ने शनिवार को बिजलीघर का घेराव करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उपखंड अधिकारी अगस्त्य कुमार मौर्य ने कहा कि जल्द ही बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सुनील ठाकुर,पवन कुमार चौहान,शुभम दुबे, सतराम, गौरव यादव, सुनील शाक्य के साथ ही अन्य लोग मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार

## सपाइयों का उत्पीड़न कर रहे भाजपाई

- **समाजवादी पार्टी ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन कार्रवाई की मांग**
- **जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायकों ने दी जिला प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दिन और उसके बाद भी भाजपाई सपाइयों का उत्पीड़न कर रहे हैं। भाजपा सांसद के इशारे पर सपा कार्यकर्ताओं या सपा के पक्ष में मतदान करने वाले वोटरों को धमकाया जा रहा है और उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। भाजपाइयों के यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसको संज्ञान में लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को ज्ञापन देते समय यह बात समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां ने कही। पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कई सपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई है और चार जून के बाद देख लेने की धमकी दी गई है। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि सत्तापक्ष द्वारा सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। यदि इन पर रोक न लगाई गई तो समाजवादी पार्टी व्यापक आंदोलन करेगी। इस दौरान प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, हसीब हसन, जयकुमार तिवारी बउअन, पिंटू यादव, नेम सिंह यादव, शिल्पी यादव, शिवम जाटव, भानु प्रताप सिंह, मुजम्मिल खां, जीशान वारसी, सुधीर कश्यप, अरुण यादव, मोहित प्रताप सिंह यादव आदि रहे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां व कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



पदाधिकारियों के साथ मौजूद भाकियू बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष। अमृत विचार

### किसानों के हक व सम्मान के लिए संघर्ष का आह्वान

**तालग्राम।** लखनऊ से छिबरामऊ जाते समय तालग्राम स्थित निकवा एक्सप्रेस-वे कट पर भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी का संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा कर किसानों के हक व सम्मान के लिए संघर्ष करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष पाठक, प्रदेश सचिव विजेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री इशाक जमील आशु, सौरव यादव, एडवोकेट अभिषेक यादव, आमिर खान, अतुल सैनी, श्याम वीर, श्याम सिंह यादव, राजीव यादव, राहुल शाक्य, जिलाध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह, देवेंद्र यादव, श्यामवीर, बृजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर छेड़छाड करने के साथ मारपीट

**तिर्वा।** ठठिया गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बंसरा गांव निवासी भगवानदीन पुत्र राजाराम छेड़छाड़ करता था। इसकी जानकारी पर पति ने उसके गांव जाकर घर पर उलहना दिया तो इस रंजिश को लेकर भगवानदीन, योगेश, सोनू, रामचंद्र घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कूड़ा डालने पर विवाद, मारपीट में तीन घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना इंदरगढ़ के रामपुर गांव निवासी जसंवत सिंह पुत्र सियाराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 16 मई को उसकी पत्नी कूड़ा डालने जा रही थी। रास्ते में गांव के ही निवासी उपेंद्र ने इसका विरोध किया। पत्नी नही मानी तो उपेंद्र, पुष्पेंद्र, ओमबाबु घर में घुस आए और पिता सियाराम, पत्नी विनीता के साथ उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विवाहिता की मौत पर ससुरालियों व मायके पक्ष में मारपीट

**तिर्वा।** ग्राम पट्टी पवोरा निवासी अनुज कुमार की 30 वर्षीय पत्नी कंचन ने 13 मई को किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। बताया गया है कि इलाज के दौरान कानपुर में कंचन की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत से गई। ससुराल पक्ष ने मायके में सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराया था। इसके बाद परिजन महिला के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे उसी समय महिला के मायके वाले आ गए। उन लोगों ने कंचन के तीन नाबालिग बच्चों के भरण पोषण के लिए कंचन के पति की जमीन को बच्चों के नाम बैनामा करने की बात कह कर शव का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में कहासुनी व मारपीट हो गई। रिश्तेदारों व मौके पर पहुंची पुलिस ने बीचबचाव कर समझौता करवा दिया। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं रहा। अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

### फातहे बिलग्राम मिशन की जानिब से मेडिकल कैंप आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार को फातहे बिलग्राम मिशन की जानिब से फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पानी की टंकी बारात घर के पास किया जाएगा। मेडिकल कैम्प में कानपुर के डॉक्टर वसीम खान एमबीबीएस पेट व छाती क्षय रोग, चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ व स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शायना परवीन मरीज़ों की जांच कर दवाइयां देंगे।

### महिलाओं सहित 11 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**तालग्राम, कन्नौज।** शनिवार को थानाध्यक्ष पारूल चौधरी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह ने शांतिभंग की आशंका पर ग्राम रसूलाबाद तालग्राम देहात निवासी समीम, नौशाद, नईम, शिबू, इरशाद, अरबाज, रानू सहित ग्राम दलापुर्वा निवासी अर्चना, शिवानी, कुलदीप शर्मा, शारदा देवी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

### किशोरी से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 18 मई की सुबह लगभग 10 बजे उसकी पुत्री गली से गुजर रही थी। तभी पड़ोसी लालाराम ने अश्लील हरकतें करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर दी है।

### रोशनदान से घुसे चोरों ने लाखों का माल उड़ाया

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी अरविंद सिंह पुत्र वलवीर सिंह शुक्रवार की रात परिवार समेत आंगन में सो रहे थे। रात 12 बजे के बाद अज्ञात चोर पक्के मकान के रोशनदान की सरिया तोड़ कर कमरे में प्रवेश कर गये। चोरों ने बक्से व अलमारी के ताले तोड़ दिये। इसके बाद चोर एक लाख 90 हजार रुपये नकद व लाखों रुपये के जेवरात जिसमें चार सोने की चेन, पांच अंगूठी, हाफ पेटी, तोड़िया शामिल हैं समेत अन्य सामान चोरी कर ले गये। सुबह परिजन जागे और कमरे में गए तो सामान बिखरा और अलमारी व बक्से के ताले टूटे थे। जानकारी पर गांव के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई तो फॉरेंसिक टीम व पाल चौराहा चौकी प्रभारी धीरेंद्रकुमार मौके पर पहुंचे और जांच की। पीड़ित परिवार की ओर से घटना की रिपोर्ट लिखाने के लिए तहरीर दी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

**दवाइयों का वितरण** — जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

## स्वास्थ्य शिविर में आए बीपी और शुगर के अधिक मरीज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **न्यायिक अधिकारियों कर्मचारियों, अधिवक्ताओं सहित 192 लोगों ने कराया परीक्षण**

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों व अधिवक्ताओं समेत 192 लोगों ने हेल्थ चेकअप कराया। शिविर में 50 वर्ष से अधिक कई लोगों में ब्लड प्रेशर व शुगर की शिकायत मिली, जिस पर उन्हें खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी गई और दवाइयों का वितरण भी किया गया।

शनिवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ जिला जज चंद्रोदय कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने लोगों को बताया कि स्वास्थ्य के प्रति सभी को सचेत रहना चाहिए। जब शरीर स्वस्थ होगा तो सभी कार्य आसान हो जाएंगे। किसी भी तरह का तनाव या मानसिक अवसाद नहीं रहना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एडीजे लवली जायसवाल ने कहा कि न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी व अधिवक्ता समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं। कार्यक्रम को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार, नोडल अधिकारी डॉ. ओपी गौतम व अपर जिला जज लोकेश वरुण ने भी संबोधित किया। संचालन चीफ ऑफ डिफेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण तिवारी ने किया। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अलका यादव, अपर जिला जज (एफटीसी-द्वितीय) हरेंद्रनाथ, अपर जिला जज (एफटीसी-प्रथम) इंद्रजीत सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इदरीश खां, सचिव लोकेंद्र तिवारी सहित सभी न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य शिविर में बीपी चेक कराते जिला जज चंद्रोदय कुमार। अमृत विचार

### जिला जज ने चेक कराया बीपी व ब्लड शुगर

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला जज चंद्रोदय कुमार व एडीजे लवली जायसवाल समेत सभी न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने बीपी और ब्लड शुगर चेक कराया। वहीं, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जनपद सलाहाकार डॉ. रवि प्रताप सिंह ने तंबाकू व धूम्रपान से बचाव के बारे में जागरूक किया। सचेत किया तंबाकू जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। शिविर में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. वीके पपने, डॉ. मोनिका सचान, डॉ. गरिमा श्रीवास्तव, डॉ. वरुण कटियार, स्टाफ नर्स महेशा देवी, रजनी, संजीव मिश्रा, लैब टेक्नीशियन राधेश्याम, मीनू वर्मा व कौस्तुभ कुमार, वार्ड ब्वाय अरुण वर्मा व मोहित तिवारी उपस्थित थे।

## संपत्ति के विवाद में फायरिंग, एक घायल

**गुरसहायगंज।** संपत्ति के विवाद में परिवार के लोगों में फायरिंग हो गई। इसमें किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हनुमंतखेड़ा निवासी अरविंद सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि शुक्रवार की शाम वह खेत में बकरी चराने गया था। जहां परिवार के अवधेश, राघवेंद्र, विनय व प्रभात ने संपत्ति के विवाद में चल रही रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली की चपेट में आने से उसका भतीजा अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। कोतवाली पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लिया है।

## एक नजर


निरीक्षण करते तहसीलदार।

### तहसीलदार को गेंहू क्रय केंद्रों पर मिला सन्नाटा

**अमृतपुर फर्रुखाबाद** । तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने साधन सहकारी सिमिति अमृतपुर, हुसैनपुर हड़ाई, तथा पिथनापुर का निरीक्षण किया। किसी भी साधन सहकारी सिमिति पर गेहूं की खरीद होती नही पाई गई। जिस पर तहसीलदार ने नाराजगी जाहिर की। सिमिति प्रभारियों ने बताया किसान अपना गेहूं लेकर नहीं ला रहा है जिससे खरीद नहीं हो पा रही है। गेहूं के सरकारी रेट 2275 रुपए है ।जबकि खुले बाजार मे 2375 तक बिक रहा है। जिससे किसान अपना गेहू खुले बाजार मे बेंच रहा है। तहसीलदार ने बताया तीन साधन सहकारी समितियों का निरीक्षण किया किसी भी स्थान पर सरकारी गेंहू की खरीद होती नही मिली। निरीक्षण आख्या जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

### महिला को पति ने मारपीट कर घर से निकाला

**फर्रुखाबाद** । थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव रमापुर निवासी पीड़ित महिला आरती ने शनिवार को एएसपी डॉक्टर संजय कुमार सिंह को शिकायत प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि मेरे पति रजनेश आए दिन गालियां देते है। विरोध करने पर मारपीट करते है। तभी पति रजनेश ने पत्नी आरती को मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। इस के संबंध में एएसपी डॉक्टर संजय कुमार सिंह को रजनेश के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

### महिला ने जहर पीया सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शंभू नगला निवासी अनिल कुमार की 40 वर्षीय पत्नी संतोषी ने जहर पीकर जान देने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

### जेठ ने मां-बेटी को पीटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद** कोतवाली क्षेत्र के गांव पचरौली निवासी धनीराम शाक्य शुक्रवार रात खेत पर मूंगफली की रखवाली करने चले गए ।उनकी पत्नी सुशीला व बेटी मधु घर पर थीं। सुशीला के जेठ नशे की हालत में आए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर जेठ ने मां–बेटी को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने सुशीला व मधु का मेडिकल कराया है।

### छत से गिरकर बालक हुआ घायल

**कायमगंज ,फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव सत्तार नगर निवासी भोले का 6 वर्षीय पुत्र सूर्या छत से गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल लाये जहाँ उसका उपचार जारी है।

### बालिका झुलसी, गम्भीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल क्षेत्र के गांव पथरामई निवासी आशाराम का 3 वर्षीय पुत्री मंजेश घर पर जल गई। गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाये जहाँ उसका उपचार जारी है।

### ऊंचाई से गिरकर घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के सी पी स्कूल निवासी राजीव ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया जहाँ उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है।

12 जनवरी 2020 को दर्ज कराया गया था मुकदमा, कल सभी को सुनाई जाएगी सजा

# नाबालिग बेटी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पिता व दादी सहित पांच दोषी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 12 जनवरी 2020 को पीड़िता के ही पिता चर्चित लेखपाल समेत उसके दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने आरोपी पिता के दोस्तों के नाम भी उजागर कर दिये थे। विवेचक जसबंत सिंह ने पीड़िता के बयान के आधार पर शहर के सिकत्तरबाग व हाल निवासी जिला मेरठ थाना मेडिकल कालेज मेरठ मकान नंबर 74 द्वारिका टावर सेक्टर 5 जागृति विहार दवा व्यापारी विष्णु शरण रस्तोगी, रेलवे रोड निवासी दवा व्यापारी मनोज शाक्य, उसका दोस्त विकास नगर कॉलोनी बढ़पुर निवासी लेखपाल विमल, फतेहगढ़ निवासी लैब संचालक सोनू को आरोपित बनाया था। पीड़िता की दादी पर आरोप है कि उन्होंने सहयोग किया। मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राकेश कुमार ने आरोपियों को दोष सिद्ध किया है। इन सभी की सजा आगामी 20 मई 2024 को सुनाई जायेगी।

पूरा मामला पीड़िता की मां ने दर्ज करायी गयी एफआईआर में बताया था। कि मेरी बेटी पीड़िता जो कि 16 वर्ष की है। उसके साथ काफी समय से मेरे पति दुराचार कर रहे है । तथा मुझे इसका पता नहीं चल पाया। जब मुझे इस बात का पता चला तो मैंने अपनी पुत्री को वनस्थली विद्यापीठ जयपुर पढ़ने के लिए भेज दिया। लेकिन उसने वहां पर भी मेरी बेटी को जबरदस्ती वहां से ला कर दुराचार किया। तथा अपने दोस्तों को भी साथ ले जाकर उसके साथ दुराचार कराता था। जब वह उसे बाहर ले जाने का विरोध करती थी तब वो मुझे व मेरी बेटी को बहुत मारता था।

मेरी बेटी को जान से मारने की धमकी देकर चुप करा के रखा था। मेरी बेटी ने मुझे बताया कि मेरे पापा ने मेरे साथ गलत काम किया। तथा वो मुझे कुछ गोलियां भी खिलाते थे। इसके बाद वो मेरे साथ दुष्कर्म करते थे तथा दुधवा नेशनल पार्क तथा लखनऊ के होटलों में अपने दोस्तों के साथ काफी बार दुष्कर्म किया। इस वजह से वो गर्भवती भी हो गयी। तब उसको आवास विकास के किसी डाक्टर के पास ले जाकर उसका गर्भपात कराया। ये बताकर की वो उसका चाचा है। मेरी बेटी ने बताया कि उसकी दादी ने भी कई बार पिता के साथ जबरन । कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ धारा 376, 313, 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। जिसमे विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया गया था।

## वृद्ध की हत्या में दो आरोपित गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** वृद्ध की मारपीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छह दिन पहले बाग में रखवाली करते समय वृद्ध को चार लोगों ने पीटकर घायल कर दिया था। पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा गैर इरादतन हत्या में तरमीम कर लिया है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव महरूपुर सहजू निवासी विद्याराम 13 मई को आम के बाग की रखवाही कर रहे थे। धीरज, व अजय सहित चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर विद्याराम को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पत्नी सोनकली ने धीरज सहित चार लोगों के खिलाफ 14 मई को तहरीर दी थी। घायल विद्याराम को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार रात इलाज के दौरान विद्याराम की मौत हो गई। इसकी भनक लगने पर पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव उठाने से इंकार कर रहे थे। सीओ सिटी प्रदीप कुमार सिंह ने कार्रवाई करने का भरोसा देकर परिजनों को शांत किया। पुलिस ने शनिवार को आरोपी धीरज व अजय को गांव महरूपुर की गुमटी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर हरिश्याम सिंह ने बताया कि मुकदमा गैर इरादतन हत्या में तरमीम कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## मार्ग दुर्घटना में घायल दुकान की हुई मौत

**फर्रुखाबाद** । मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में मार्ग दुर्घटना में घायल दुकान दार की दिल्ली ले जाते समय मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरगांव निवासी शिवकुमार (27) की मुरहास कन्हैया पर बिजली की दुकान है। 14 मई को शिवकुमार बाइक से दुकान जा रहा था। पट्टी खुर्द तिराहे पर जब वह पहुंचा, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल से उसकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना में शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर शिवकुमार को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने शिवकुमार को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में भी शिवकुमार की हालत में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने उसको हैलट कानपुर भेज दिया। शुक्रवार को परिजन हैलट से शिवकुमार को दिल्ली एम्स लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही शिवकुमार की मौत हो गई। परिजन शव लेकर देर रात घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। पति की मौत पर पत्नी पूजा चार माह की पुत्री झनक को गोद में लेकर बुरी तरह बिलख रही थी। शिवकुमार के एक चार वर्ष का पुत्र रौनक भी है। चाचा सिचकुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया।

## सार-संक्षेप

### भैंस चोरी करने से रोकने पर तमंचे की बट मारी


घायल को देखने को लगी भीड़। अमृत विचार

**फर्रुखाबाद** । क़ायमगंज क्षेत्र में मवेशी चोर गिरोह फिर सक्रिय हो गए है। चोरों ने एक गांव में किसान की भैंस खोल ली। उसने जब विरोध किया तो तमंचा की बट मार कर घायल कर दिया कोतवाली क्षेत्र के गांव झब्बूपुर निवासी रेखपाल पुत्र केदार सिंह कश्यप अपने घर के बाहर लेते हुए थे। तभी देर रात चोर आए। और भैंस खोलने लगे रेखपाल ने यह देखकर विरोध किया। तो चोरों ने रेखपाल के तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर कर चोर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की जानकारी कोतवाली में दे दी है।

### कार सवार दबंगों ने मार-पीट कर घायल किया

**फर्रुखाबाद** । बकरी चराकर घर जा रहे किशोर को पकड़ कर कार सवार दबंगों ने पिटाई कर दी ।घटना की शिकायत एएसपी से की गई है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव नगला धुली निवासी योगेश कुमार पुत्र जिलेदार सिंह ने शनिवार को एएसपी डॉ संजय सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि 15 मई 2024 को समय करीब शाम साढ़े 6 बजे अपनी बकरियों को चरा कर घर वापस जा रहा था ।उसी समय रास्ते में गांव वीरपुर विद्यालय के पास कार सवार शिवम पुत्र ओंकार और दीपांशु पुत्र दरोगा, बंटी पुत्र रामसनेही यह सभी शराब के नशे में धुत थे। कार से उतरे और योगेश को लाठी–डंडों से पीट दिया। पीड़ित योगेश कुमार ने थाना नवाबगंज पुलिस से शिकायत की ।लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर पीड़ित युवक योगेश कुमार ने शनिवार को एएसपी डॉक्टर संजय सिंह को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### स्कूल का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में कॉलेज के ताले तोड़कर चोर जनरेटर, टेबलेट, एलईडी टीवी सहित लाखों का सामान चोरी करके चंपत हो गए। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सूचना पर प्रधानाचार्य मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। प्रधानाचार्य ने चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव धीरपुर में भगवान सिंह इंटर कॉलेज सिनौड़ा ईश्वरीय है। शुक्रवार शाम कॉलेज में ताले डलवाकर प्रधानाचार्य अमित कुमार घर चले गए थे। रात में किसी समय चोर ताला तोड़कर कॉलेज के अंदर घुस गए। चोर कॉलेज में रखा जनरेटर, एक एलईडी टीवी, एक टेबलेट, कैमरा, दो पंखे, एक सौर उर्जा प्लेट, एक साउंड मशीन, एक बड़ा स्पीकर व कॉलेज के प्रपत्र चोरी करके ले गए। शनिवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कॉलेज खोलने पहुंचा तो कार्यालय के व कमरों के ताले टूटे देखकर दंग रह गया। उसकी सूचना पर प्रधानाचार्य अमित कुमार सहित स्टॉफ के अन्य लोग कॉलेज में पहुंचे। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर जांच कर प्रधानाचार्य सहित अन्य लोगों से जानकारी की। प्रधानाचार्य अमित कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लाखों का सामान चोरी करने की तहरीर दी है। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने का भरोसा दिया। इंस्पेक्टर मनोज भाटी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



वाटर कूलर के पास लगा कचरा। अमृत विचार

## वाटर कूलर के पास बायो मेडिकल कचरा जलाया

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- स्वास्थ्य विभाग दवा देने के बजाय खुद बीमार करने में लगा
- सीएमएस बोले दर्ज कराई जाएगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सीएचसी के इमरजेंसी गेट पर वाटर कूलर के पास शनिवार को बायो केमिकल कचरा जला दिया गया हैं। स्वास्थ्य विभाग लोगों को दवा देने के बजाय खुद ही बीमार करने में लग गया है। पिछले सप्ताह एक सफाई कर्मी की हरकत खुली तो उस पर कार्रवाई भी हुई थी। अब बायो केमिकल कचरा जलाया जाने लगा है।

कायमगंज सीएचसी की ओपीडी में रोजाना 350 से 500 मरीज आ जाते हैं। यहां सफाई की व्यवस्था पर हमेशा सवाल उठते रहते हैं। इलाज कराने के लिए आने वाले मरीज संक्रमण के खतरे से अनजान हैं। पिछले सप्ताह शुक्रवार को इमरजेंसी गेट के पास जहां मरीज व तीमारदार ठंडा पानी पीते हैं। उसके पास ही बायो मेडिकल कचरे का ढेर लगा दिया गया था। इसकी छानबीन हुई थी। सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए थे। एक सफाईकर्मी की हरकत सामने आई थी। चिकित्सा प्रभारी ने एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति करते कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। शनिवार को सुबह इसी वाटरकूलर के पास किसी ने बायो मेडिकल कचरा लाकर ढेर लगा दिया। फिर उसमें आग लगा दी। कचड़ा नगरपालिका की गाड़ी उठाकर ले जाती है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शोभित शाक्य ने बताया आज के दिन ही पिछले सप्ताह ढेर लगाया गया था। उसकी छानबीन कर कार्रवाई की गई। यह कचरा किसने जलाया इसकी जांच कराई जाएगी। यह हरकत जान बूझकर की जा रही है। इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हो सकेगा तो उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

## भाजपा को वोट देने पर दुकानदार को जमकर पीटा

**फर्रुखाबाद** । थाना कमालगंज क्षेत्र में भाजपा को वोट देने पर दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव दरौरा निवासी मोहनलाल ने गांव के एक युवक के खिलाफ थाना कमालगंज में तहरीर दी। उसमें बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6 बजे वह गांव के स्कूल के पास दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान वहां पहुंचे गांव के युवक ने उससे पूछा कि वोट किसको दिया। इस पर दुकानदार मोहनलाल ने बताया कि भाजपा को वोट दिया है। तभी युवक गाली-गलौज करने लगा। युवक धमकी देकर वहां से चला गया कि सपा सरकार आने पर तुमको हम बताएंगे। तभी युवक के खिलाफ पीड़ित मोहनलाल ने थाना कमालगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## जिम में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में बीएस मेंशन की जिम में आग लग गई। आग की लपटें देख भगदड़ मच गई

शॉर्ट सर्किट की वजह से रिसेट जिम में आग लग गई। जिस बिल्डिंग में लगी उसी बिल्डिंग में लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत का चुनाव कार्यालय है। अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। जिम में मौजूद लोग बाहर को भागने लगे। जिम में मौजूद स्टाफ ने आग पर काबू पाने के लिए बालू, पानी डालना शुरू किया । आग तेज होने की वजह से काफी दूर से देख लोग दौड़ पड़े। धुएं का गुबार पड़ोस में मौजूद एक निजी के स्टाफ अपने अग्निशमन यंत्रों को लेकर मौके पर पहुंचा ।जिसके बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, वरना बहुमंजिला इमारत के आग के चपेट में आने से बड़ा हादसा हो सकता था।


जिम में लगी आग। अमृत विचार

- शॉर्ट सर्किट बना आग लगने का कारण
- इसी बिल्डिंग में मुकेश राजपूत का चुनाव कार्यलय भी है

### चाय बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, दंपती झुलसे

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिससे पति पत्नी दोनों झुलस गए। गम्भीर हालत में घायल दंपती को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव खिलमिनी निवासी वृंदावन रसोई में चाय बनाने गए हुए थे। उन्होंने जैसे ही गैस जलाई तो सिलेंडर में आग लग गई। चीखपुकार के बाद अफरातफरी मच गई। पत्नी बबली ने भी शोरगुल कर दिया। पड़ोस के कमरे में छोटे भाई की पत्नी नन्ही देवी भी अपने कमरे से बच्चों को लेकर मकान के बाहर चली गई। मोहल्ले वालों ने काफी प्रयास के बाद सिलेंडर की आग बुझा पाई ।उसी मकान में रखे 7000 समेत लगभग 100,000 का सामान जलकर राख हो गया। वृंदावन और पत्नी बबली को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि वृंदावन और बबली की गंभीर हालत को देखते हुए बर्न वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया।

## बाइकों की भिड़ंत में दो घायल एक की हालत गम्भीर

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में बाइको की हुई भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल हो गए ।एक की हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र निवासी जगमोहन गंगा दरवाजा से खाद लेकर घर जा रहे थे। जब वह बुढ़िया पुल के पास पहुँचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइकसवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। रमाकांत पुत्र सर्वेश निवासी पंछी नगला अपने छोटे भाई शिवकांत के साथ कायमगंज बाजार से वापस घर जा रहा था। जब दोनों बाइक सवार बुढ़िया पूल के पास पहुचे तभी सामने से टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

## माननीयों के बूथों पर हुआ सबसे कम मतदान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को हुए लोक सभा चुनाव में माननीयों के मतदान केंद्र पर नजर डाली जाए तो इनके मतदान केंद्रों पर चुनाव का प्रतिशत सबसे कम रहा है।

शहर का सेनापति मोहल्ला पूर्व ऊर्जा मंत्री स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी का मूल निवास है। जिनका नाम आज भी अयोध्या आंदोलन के साथ तो लिया ही जाता है वहीं साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के बेहद करीबियों में सुमार है ।जिसमे वर्तमान में उनके पुत्र मेजर सुनील दत्त द्विवेदी सदर विधान सभा के विधायक है। इसके वोटर लोहाई रोड कनौडिया स्कूल में मतदान करते है। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के साथ ही पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल उनकी पत्नी वत्सला अग्रवाल का बूथ भी यही है। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार बात करें इस तो इस मतदान केंद्र के बूथ संख्या 197 पर कुल मतदाता है 1024 जिसमे से 552 पुरुष व महिला 472 हैं। लेकिन उनमे से 260 पुरुष व 215 महिला कुल 475 ने ही मतदान किया। वहीं बूथ संख्या 198 पर 578 पुरुष व 556 महिला कुल 1134 मतदाता हैं। जिसमे 309 पुरुष व 243 महिला कुल 552 मतदाताओं नें मतदान किया। दोनों बूथों को मिलाकर बात करें तो कुल 47.59 प्रतिशत ही मतदान हुआ।


वार्ड में परेशान तीमारदार। अमृत विचार

## पीकू वार्ड में बिजली जाते ही बिलबिलाए मरीज व तीमारदार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल का मामला, सभी ने जाग कर काटी रात

**अमृत विचार।** डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के पीकू वार्ड में भर्ती बच्चों का गर्मी से बुरा हाल है। आलम यह है कि न तो यहां एसी चल रहे और न ही इन्वर्टर काम कर रहा है। शुक्रवार शाम से ही बिजली गुल होने से स्टाफ, मरीज व तीमारदारों ने रात अंधेरें में जागते हुए काटी। कर्मियों ने सीएमएस को समस्या बताई तो समाधान की जगह फटकार सहनी पड़ी। सुबह गुस्साए कर्मचारी एकत्रित होकर सीएमएस के दफ्तर पहुंच गए। उन्होंने सीएमएस को ज्ञापन सौंपा।

बीमार बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। तापमान भी 43 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। ऐसे वक्त में भी लोहिया अस्पताल में दिक्कतों का अंबार है। पीकू वार्ड में शुक्रवार को सभी 10 बेड फुल थे। गर्मी के सीजन में भी वार्ड के एसी खराब पड़े हैं। वार्ड का इन्वर्टर भी खराब होने से न तो पंखा चल रहे और न ही 24 घंटे रोशनी मिल रही। शुक्रवार शाम को अचानक पूरे वार्ड की बिजली भी गुल हो गई। दो घंटे तक कर्मचारी जिम्मेदार इलेक्ट्रीशियन पवन तिवारी को फोन करके बुलाते रहे, मगर वह नहीं आए। देर रात पहुंचे तो बिजली आपूर्ति चालू नहीं करवा सके। तीमारदारों के दबाव में आकर स्टाफ ने जब सीएमएस को फोन किया तो उन्हे फटकार दिया गया। बिजली न आने से मरीजों ने रात जागकर गुजारी। सुबह इस मामले की जानकारी अन्य कर्मियों को हुई तो वह पीकू वार्ड के कर्मचारियों के साथ सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी के कमरे में पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार कर्मचारी नहीं सुनते तो आपको समस्या बताना मजबूरी है। समस्या समाधान की बजाय उन्हें फटकार लगाई गई। उन्होंने सीएमएस को ज्ञापन देकर कहा कि पीकू वार्ड स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।

गर्मी ने दिखाये तेवर | कल से 44 डिग्री पर पारा पहुंचने का अनुमान, 15 से 25 किलो मीटर की गति से चलेंगी हवाएं

# भीषण गर्मी पर मौसम विभाग ने जारी किया हाई अलर्ट

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में पारा 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने की वजह से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। जिलाधिकारी वीके सिंह ने भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। उन्होंने आम जनता से कहा है कि धूप में ना निकले नहीं तो लू के शिकार हो सकते है ।उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में 21 मई तक पारा 44 के आसपास रहेगा ।इस वजह से इन तीन दिनों में काफी सावधानी बरते ।जिलाधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 18 मई से लेकर 21 मई तक 15 से 25 किलोमीटर की गति से हवाएं चलेंगी, और इन दिनों में पारा भी 44 डिग्री सेल्सियस रहेगा ।मौसम विभाग के अनुसार 22 मई को 2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 42 डिग्री सेल्सियस रह जाएगा ।तब तक लोगों को बहुत सावधानी से कार्य करना चाहिए ।जारी अलर्ट में कहा गया है कि धूप में निकलने से बैसे तो हर व्यक्ति को बचना चाहिए विशेष कर रोगी तथा बच्चे लू लगने का शिकार हो सकते हैं ।ऐसे में धूप के समय रोगियों और बच्चों को पूरी तरह से बचाव करना चाहिए। जारी अलर्ट में कहा गया है कि बढ़ रही सूरज की तपिश में उर्द, मूंग, गन्ना और मक्का की फसलों को सिंचाई करते रहना चाहिए। इन फसलों के खेतों की नमी नहीं दूर होना चाहिए। नमी दूर होने से मक्का तथा गन्ना की फसल सूख सकती है। बताते चले की जिले में तकरीबन 2000 हेक्टेयर भूमि पर आलू खोदने के बाद मक्का की फसल तैयार की गई थी। यहां चल रही गर्म हवाओं और आसमान से बरस रही आज की वजह से मक्का की फसल टूट टूट कर गिरने लगी है। और खेतों में ही सूखने लगी है। आलू किसानों को उम्मीद थी की मक्का की फसल से उन्हें खासा मुनाफा होगा। लेकिन भीषण गर्मी ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है। और मक्का खेतों में ही सूखने लगी है। पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने की वजह से खेतों में ही मक्का सूख गई है। आज पारा 43 डिग्री अधिकतम और 29 डिग्री न्यूनतम रिकॉर्ड किया गया। जबकि मौसम विभाग के अनुसार 19 मईको पारा 44 डिग्री और 20 मई को 44 डिग्री रहेगा ।इन तीनो दिनों में भीषण गर्मी रहेगी21 मई को पारा नीचे गिरकर 42 डिग्री पर पहुंच जाएगा तब तक लोगों को अपनी फसलों को बचाने के लिए उनमें पानी लगाते रहना चाहिए और हर व्यक्ति को इस भीषण गर्मी से बचाव करना चाहिए। भीषण गर्मी में भूलकर भी बाहर नहीं निकलना चाहिए यदि निकलने का प्रयास किया तो लू लग सकती है ।लू जान लेवा साबित हो सकती है ।इस वजह से तीन दिन तक बचाव करने की बहुत जरूरत है ।लोगों का कहना है कि यहां पड़ रही भीषण गर्मी का मक्का मूंगफली की फसलों पर काफी बुरा असर पड़ा है। इनको बचाना किसानों को भारी पड़ रहा है। आज मौसम विभाग ने भी चेतावनी जारी कर दी है ।जिलाधिकारी ने जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है और लोगों को भीषण गर्मी से सावधान रहने की हिदायत दी है।


गर्मी के चलते सूखी पड़ी मक्का की फसल। अमृत विचार

### बिजली कटौती से लोग हलकान

**फर्रुखाबाद** । जनपद में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी और पसीना लगातार निकलने से आम जनमानस परेशान है। 43 डिग्री पारा पहुंच गया है। ऐसी अवस्था में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक रोजाना कई बार लोगो को अघोषित बिजली कटौती का सामना भी करना पड़ रहा है। ओवरलोड के कारण जर्जर हो चुकीं विद्युत लाइनों में फाल्ट और उनके टूटने की घटनाएं हो रही हैं। जिसके कारण बार–बार बिजली गुल हो रही है। दिन में भी बिजली की कटौती अधिक है। ग्रामीणों का हाल बेहाल है। बिजली गुल होने के कारण शहरी और ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं। भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती लोगों के लिए परेशानी का सवव बनी हुई है। ऐसे में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती होने पर लोगों का घर में रहना मुश्किल हो गया है। जिससे भीषण गर्मी के बीच लोग त्रस्त हैं।

# संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था कि "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।"

गांव गली में शोर है-कौवा कान ले गया। किसी ने नहीं देखा। इसने उससे कहा। उसने अगले से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव में भारी बहुमत पाकर संविधान बदल देंगे। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई सरकार संविधान समाप्त कर सकती है? क्या कोई सरकार बिना संविधान के ही शासन की संस्थाओं, न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का संचालन कर सकती है? क्या कोई सरकार संविधान के आधारिक लक्षणों-बेसिक फीचर्स का संशोधन या निरसन कर सकती है? सारे प्रश्नों का उत्तर है-नहीं। कौवा कान ले गया लेकिन कान अपनी जगह ही है। कौवा कांव कांव कर रहा है। झूठ मूठ।

बचपन में कथा सुनी थी। एक बारात के सारे लोग भाग रहे थे। एक ने दूसरे से पूछा-आप क्यों भाग रहे हैं? दूसरे ने कहा-आप भी भाग रहे हैं? अगले ने कहा-मुझे क्या पता? सब भाग रहे हैं। सो हम भी भाग रहे हैं। बहुत खोज करने पर पता चला कि एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चाभी खो गई थी। वह तेज रफ्तार दौड़कर चाभी खोजने गया था। बाकी लोग देखा देखी अकारण भाग रहे थे। संविधान खात्मे की बहस व्यर्थ है। संविधान साधारण अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र का राजधर्म है। आवश्यकतानुसार संविधान में संशोधन होते रहते हैं। लगभग 105 संशोधन हो चुके हैं। संविधान में ही संविधान संशोधन के प्रावधान हैं। संविधान बदलने और संशोधन करने में मूलभूत अंतर है। संविधान संशोधन विषयक प्रावधान (अनुच्छेद 368-मसौदा संविधान अनुच्छेद 304) पर संविधान सभा में बहस चली थी। एच. वी. कामथ ने कहा था, "संशोधन आखिरकार क्या है? संशोधन का अर्थ हो सकता है संविधान में कुछ परिवर्तन। उसमें कुछ जोड़ना या उसका निरसन।" लेकिन चुनाव में संविधान संशोधन को लेकर कोई बहस नहीं है। संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद है।

संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था कि, "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।" शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमण्डल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।" उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया कि, "हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियां में बांटते हैं। एक श्रेणी में संसद का साधारण बहुमत पर्याप्त है। दूसरी श्रेणी के संशोधन में दो तिहाई बहुमत आवश्यक है। तीसरी श्रेणी में देश की आधे से अधिक विधानसभाओं का समर्थन आवश्यक है।" यहां संशोधन की पूरी प्रक्रिया औचित्यपूर्ण है।

संविधान सभा में संशोधन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग थी कि आमजन राजनैतिक प्रणाली को बदलने की मांग कर सकते हैं। जन असंतोष प्रकट करने का कोई मार्ग भी होना चाहिए। डॉक्टर आंबेडकर ने कहा, "जो संविधान से असंतुष्ट हैं उन्हें दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। यदि वह व्यस्क मत के आधार पर निर्वाचित संसद में दो तिहाई बहुमत भी नहीं पा सकते तो यह मान लेना चाहिए कि संविधान के प्रति असंतोष में जनता उनके साथ नहीं है।" उच्चतम न्यायालय ने स्थापना दी थी कि हमारे संविधान का कोई भाग ऐसा नहीं है जिसका संशोधन नहीं हो सकता। गोलकनाथ के चर्चित मुकदमे में 11 जजों की विशेष न्यायपीठ ने 6 न्यायाधीशों के बहुमत से पूर्व विनिश्चय को उलट दिया था और कहा था कि, "यद्यपि अनुच्छेद 368 में कोई अलग अपवाद नहीं है। लेकिन मूल अधिकारों की प्रवृत्ति ही ऐसी है कि वह अनुच्छेद 368 में संशोधन प्रक्रिया के अधीन नहीं हो सकते। यदि ऐसे किसी अधिकार का संशोधन करना है तो नई संविधान सभा बुलानी पड़ेगी।"

फिर केशवानंद वाद का चर्चित फैसला आया। गोलकनाथ के वाद के समय से ही प्रश्न उठाया जा रहा था कि, "क्या मौलिक अधिकारों (भाग-3) के बाहर भी संविधान का कोई उपबंध है जो संशोधन की प्रक्रिया से मुक्त है?" केशवानंद के मुकदमे में बहुमत ने गोलकनाथ के मत को उलट दिया कि अनुच्छेद 368 के अधीन मूल अधिकारों का संशोधन नहीं हो सकता। एक अन्य बड़ी बात भी न्यायालय ने कही है कि संविधान के कुछ आधारिक लक्षण हैं जिनका संशोधन नहीं किया जा सकता। यदि संविधान संशोधन अधिनियम संविधान की आधारिक संरचना में परिवर्तन के लिए है तो न्यायालय उसे शक्तिवाह्य के आधार पर शून्य घोषित करने का अधिकारी होगा। न्यायालय ने भारत की सम्प्रभुता, अखण्डता, परिसंघीय प्रणाली, न्यायायिक पुर्नविलोकन, संसदीय प्रणाली आदि अनेक विषयों को संविधान के आधारिक लक्षण बताए।

दरअसल चुनाव के मूलभूत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इंडिया गठबंधन संविधान खत्म करने की निराधार कल्पना दोहरा रहा है। संविधान में आपातकाल के लिए देश की आतंरिक अशांति को आधार बताया गया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी ही आतंरिक अशांति से पीड़ित थीं। देश में शांति थी। लोकतांत्रिक आन्दोलन बेशक थे। उन्होंने आपातकालीन प्रावधान (अनुच्छेद 352) का दुरूपयोग किया। इंडिया गठबंधन को आपातकाल 1975-77 के समय पारित 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 का अध्ययन करना चाहिए। 42 वें संशोधन के माध्यम से संविधान के 53 अनुच्छेद एक साथ बदले गए। सातवीं अनुसूची में भी परिवर्तन किए गए। महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को बदल दिया गया। संविधान के किसी उपबंध का उल्लंघन करने के आधार पर उसकी संवैधानिकता को चुनौती देने के लिए संघ और राज्यों के कानून में भेद किया गया। यह उपबंध किया गया कि कोई उच्च न्यायालय किसी केन्द्रीय विधि या जिसमें ऐसी विधि के अंतर्गत अधीनस्थ विधान भी सम्मिलित हैं, संविधान विरुद्ध होने के आधार पर अविधि मान्य नहीं कर सकेगा।"

42वां संशोधन न्यायपालिका की शक्ति को घटाने वाला था और मौलिक अधिकारों की भी। उच्चतम न्यायालय अपनी अधिकारिता (अनुच्छेद 32) में किसी राज्य विधि को असंवैधानिक घोषित नहीं करेगा। संविधान संशोधन अधिनियमों के न्यायायिक पुर्नविलोकन के अधिकार का भी संशोधन हुआ। उपबंध किया गया कि जिस विधि को संविधान संशोधन विधि बताया जाएगा, उसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। नीति निदेशक तत्व (अनुच्छेद 37) किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। लेकिन उपबंध किया गया कि किसी निदेशक तत्व को क्रियान्वित करने वाली विधि को मूल अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर न्यायायिक पुनर्विलोकन से मुक्त रखा जाएगा। यह मूल संविधान के ठीक उल्टा है। संविधान क तहस नहस करने का यह प्रयास निन्दनीय है।

श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान और उसकी आत्मा को ही कुचल दिया था। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी की सरकार आई। नई सरकार ने 43वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से न्यायायिक पुर्नविलोकन के न्यायपालिका के अधिकार की बहाली की। सभी जनविरोधी प्रावधानों को निरस्त कर दिया गया। भारतीय संविधान के इतिहास में संविधान के साथ छेड़खानी का निन्दनीय कृत्य दूसरा नहीं मिलता। संविधान के प्रति भारतीय जन गण मन की निष्ठा है। संविधान बदलने या पूरा संविधान ही खारिज करने और तानाशाही लाने जैसे आरोप हास्यास्पद हैं। वे संविधान बदलने या हटाने की बात उठाकर आपातकाल की संवैधानिक त्रासदी याद दिला रहे हैं। इस दृष्टि से उनका यह कृत्य उपयोगी है। आपातकाल संवैधानिक त्रासदी है। आपातकाल की तानाशाही अत्याचार और संविधान को तहस-नहस करने के कृत्यों का पाठ और पुर्नपाठ जरूरी है।

# स्वपक्ष की स्थापना


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हम में से मुझ जैसे सचमुच के "रिटायर्ड" लोग निष्क्रिय जीवन जीने के लिए नियतिबद्ध हैं। ऐसे में बीवी से झगड़ने, सोशल मीडिया पर विचरण करने और टीवी देखने के अलावा कोई काम नहीं। टीवी पर लगातार घमासान।

मन में वैराग्य भाव आना सहज है, लेकिन नहीं आता। कुछ चुने हुए लोग हैं, जिन्हें हर चैनल पर एक-दूसरे का पानी उतारने की कला आजमाने का मौका मिलता है। कुछ देर बाद दो लोग एक साथ तारसप्तक में बोलना शुरू कर देते हैं। फिर तो किसी का भी कहा समझ में नहीं आता। झुंझलाकर एक चैनल बंद कीजिए तो दूसरे पर फिर वही चीख पुकार। भारतीय टीवी अतिशय उत्सवधर्मी है। हर चीज को उत्सव में बदल देना उसके लिए बाएं हाथ का खेल है। आगजनी हो रही हो, मारपीट हो रही हो, गोली चल रही हो, मिसाइल और रॉकेट चल रहे हों, उसके सतत उत्सव के हिस्से बन जाते हैं। दृश्य की त्रासदी और बीभत्सता से जुगलबंदी करते स्वर का उत्साह और उन्माद में चिचियाना काबिले तारीफ है। बिना स्वर साधना के ऐसी एकतारता नहीं आ सकती।

भारतीय टीवी जीवन की नश्वरता का बोध कराने के लिए रामबाण है। कोई भी स्कूप भयंकर से भयंकर हो, एक ही दिन स्कूप रहता है। एक दिन सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम निर्णय ने दिन भर तहलका मचाया। बीच-बीच में समय मिला तो पाकिस्तान, नहीं राजनीतिक पहलवानों का दंगल। अभी तक के सबसे बड़े पहलवान की हुंकार और उसे चित करने के लिए कई छोटे पहलवानों का जमघट। फिलहाल पाकिस्तान और दंगल यही दोनों स्थाई राग हैं। पहलवानों का दंगल और सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक माने जा रहे फैसले तो कुछ-कुछ समझ में आते हैं, लेकिन पाकिस्तान में क्या हो रहा है, समझ से परे है। हमारे यहां की तरह वहां भी टीवी पर लोग वही घमासान मचाए हुए हैं। उसी स्टाइल में। अंतर सिर्फ इतना है कि वहां सिर्फ दो पक्ष हैं, लेकिन दोनों घनघोर। एक दिन तो ऐसा लगा, जैसे यूक्रेन युद्ध का लघु रूप सरक कर हमारे पड़ोस में आ बैठा हो, जो भी हो, दुःखद है। इस गुमान में न रहें कि हमारे यहां ऐसे हालात नहीं पैदा हो सकते।

हम दोनों के जीन्स एक ही हैं भाई। नैयायिक वाद-विवाद-संवाद के अखाड़े के धुरंधर पहलवान थे। तर्क-वितर्क-कुतर्क पर जितना काम कर गए हैं, उससे एक इंच आगे बढ़ना शिव का धनुष तोड़ना है। बटुली के चावल की तरह बस पांच दाने देख लेना पर्याप्त होगाः- वाद उस विचार को कहते हैं जिसमें प्रमाणों और तर्कों के सहारे विपक्ष का खंडन करके स्वपक्ष की स्थापना की जाती है और जिसमें अंतिम निर्णय किसी सर्वस्वीकृत सिद्धांत के विरुद्ध नहीं जाता। वाद में वादी और प्रतिवादी दोनों अपने मत की पुष्टि और विपरीत मत का खंडन करना चाहते हैं, किंतु दोनों का उद्देश्य यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना ही होता है।

तर्क-उस युक्ति को कहते हैं जिससे प्रतिपाद्य विषय की सिद्धि के लिए उसकी विपरीत स्थापना का दोष दिखाया जाता है। जैसे कार्य-कारण संबंध दिखाने के लिए कहा जाता है, जिस चीज में धुआं होगा, उसमें आग भी होगी, क्योंकि आग ही धुएं का कारण है और बिना कारण के कोई कार्य होता नहीं। विरोधी कह सकता है, कहीं-कहीं बिना आग के भी धुआं हो सकता है। (नैयायिकों के अनुसार) इसका जवाब होगा, यदि बिना कारण के कार्य हो सकता है तो खाना पकाने के लिए आप आग क्यों खोजते हैं? (बिजली को भी आप आग का एक आधुनिक रूप मान सकते हैं)। यहां यह स्पष्ट कर दिया जाए कि 'तर्क' का उद्देश्य हमेशा यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना होता है।

# अति पर्यटन से जाम में फंसता उत्तराखंड


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है।

गर्मियों की शुरुआत और चारधाम यात्रा के शुरू होने के साथ ही उत्तराखंड की सड़कों में पर्यटकों की भीड़ नजर आने लगी है। कुमाऊं में हल्द्वानी से आगे नैनीताल मार्ग पर और गढ़वाल में हरिद्वार-ऋषिकेश, देहरादून-मसूरी और यमनोत्री-गंगोत्री की सड़कों पर रोज जाम की स्थिति बनी हुई है। मई-जून में बच्चों के स्कूल बंद होते ही लोग नैनीताल,मसूरी और चारधाम की यात्रा पर दौड़ने लगते हैं। अगर देहरादून मसूरी, हरिद्वार और नैनीताल की बात करें तो इन नगरों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि ये अपने आकार में बहुत छोटे हैं और अचानक आने वाली भीड़ को बमुश्किल संभाल पाते हैं।

हल्द्वानी से नैनीताल की ओर जाने वाली सड़क कम चौड़ी है। हर कोई अपने वाहन से ही नैनीताल जाना चाहता है। अप्रैल से जुलाई तक के चार महीना में यहां पर्यटकों की भीड़ ऐसे टूट पड़ती है,जैसे साल के बाकी बचे महीना में यहां घूमने,फिरने,देखने लायक चीजों का अकाल पड़ जाएगा। नतीजन कई किलोमीटर का जाम लग जाता है। नैनीताल में पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थल नहीं है और न ही नैनीताल में इतनी भीड़ को सहने की क्षमता है। यही कारण है कि पुलिस को वाहनों को नैनीताल से कुछ किलोमीटर पहले रोकना पड़ता है और वहां से सटल सेवा के द्वारा लोगों को नैनीताल पहुंचाया जाता है। यह ठीक है कि दिल्ली से रुद्रपुर, हरिद्वार-देहरादून तक फोरलेन हाईवे बन जाने के बाद हर वक्त लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिली है,लेकिन उससे आगे की सड़क कम चौड़ी होने के कारण आए दिन वाहनों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। इसलिए यदि आप इन जगहों पर जा रहे हैं तो मानसिक रूप से तैयार होकर जाइए की कई जगहों पर आपको जाम में फंसना पड़ेगा।

गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। धामों के कपाट खुलते ही यात्री इनके दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। कुछ दिन पहले गंगोत्री राजमार्ग पर गंगनानी से हर्षिल तक करीब 60 किलोमीटर क्षेत्र में वाहन जाम में फंस गए। इस कारण कई श्रद्धालु उत्तरकाशी से बिना दर्शन किए ही वापस लौट गए। सरकार चाहे कितनी भी घोषणाएं करें,कागजों पर कितनी भी व्यवस्थाएं बनाएं, लेकिन पर्यटन और धार्मिक स्थल के आसपास लोगों को परेशानी से बचाने का कोई समुचित तंत्र आज तक विकसित नहीं हो पाया है। चारधाम यात्रा के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में इस बार 45 प्रतिशत यात्री ज्यादा पहुंचे हैं। अब इनमें से कितने असल धार्मिक यात्री हैं और कितने सिर्फ घूमने फिरने वाले यूट्यूबर हैं,यह बता पाना कठिन है। सरकार भले ही बढ़ती भीड़ को देखकर उसे अपनी उपलब्धि बताएं, पर भूवैज्ञानिक मानते हैं कि यात्रियों की बढ़ती भीड़ और अति पर्यटन आपदा को निमंत्रण है। ज्यादा लोग यानी ज्यादा गाड़ियां और ज्यादा कार्बन उत्सर्जन,जो सीधे-सीधे हिमालय के ग्लेशियर को प्रभावित करता है।

वाहनों का शोर,उनसे निकलता धुआं और हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट से पहाड़ की जैव विविधता प्रभावित हो रही है। वन्य जीवों के व्यवहार में परिवर्तन देखा गया है और वे अपने प्राकृतिक आवास स्थलों से पलायन कर रहे हैं। पहले पहाड़ पर जाने के कुछ अलिखित नियम थे। यात्रा आस्था और विश्वास से जुड़ी थी। साथ ही उन अलिखित नियमों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी थे। जिन पहाड़ी कंदराओं पर हमारे पूर्वज जोर से आवाज करने को भी प्रतिबंधित मानते थे,आज वहां बेधड़क हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट गूंज रही है। सड़क चौड़ीकरण के लिए धड़ल्ले से डायनामाइट फोड़े जा रहे हैं और चार धाम परियोजना जिसे ऑल वेदर रोड का सुनहरा नाम दिया गया है,उसके लिए साठ हजार से अधिक हरे पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई। केदारनाथ की शांत वादियों में उसकी सांस्कृतिक मौलिकता में बदलाव नजर आने लगा है। कपाट खुलने के बाद वहां ढोल- नगाड़ों की थाप पर लोग नृत्य कर रहे हैं। रीले बन रही है,सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाए जा रहे हैं। आस्था के नाम पर नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन असल सवाल यह है लोगों को इतने संवेदनशील क्षेत्र में ऐसा करने की अनुमति किसने दी और शिव के धाम में इन सब का होना कितना जायज है।

यह सही है कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के आंकड़ों को देखकर सरकार भी खुश होती है। कई लोगों की जीविका इस यात्रा पर निर्भर है,लेकिन यहां पर हमें यह भी याद रखना होगा की जो फसल हमारा पेट भरती है,उसके बीजों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हमें यात्रा के नाम पर अति पर्यटन से बचना होगा, क्योंकि किसी भी चीज की अति अंततः नुकसान ही पहुंचाता है। हमें तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना होगा। चारो धामों को तीर्थ स्थल ही बने रहने दें। उन्हें मौज मस्ती और पिकनिक का स्थान न बनाया जाए। बद्रीनाथ और केदारनाथ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यात्रियों की संख्या को निर्धारित किया जाना चाहिए। इसके अलावा सुविधा के नाम पर केदारनाथ में शुरू की गई हेलीकॉप्टर सेवा को भी सीमित किया जाए और पैदल यात्रा को प्रोत्साहन मिले।

# 'बेटी संरक्षिका दंपति' का प्रशस्ति-पत्र


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सामान्यतया महिला सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया जाता है। सरकार द्वारा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव भी संसद में लाया गया,लेकिन लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बहुत उत्साहवर्धक नहीं रही। महिला सशक्तिकरण के तहत केवल सुसंपन्न एवं उच्च आभामंडल के अलावा मध्यम तथा निचले तबके की महिलाओं की भी भागीदारी होनी चाहिए।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अन्य प्रभावकारी कदम उठाने की जरूरत है। मसलन किसी दंपति को सिर्फ बेटियां ही हैं और परिवार में उनका बेटे जैसा ही पालन-पोषण हो रहा तथा अब बेटे होने की कोई उम्मीद नहीं है तो ऐसी दंपत्ति को 'बेटी संरक्षिका' संबंधित प्रशस्तिपत्र दिया जाना चाहिए। ऐसी दंपति में माता या पिता कोई भी शासकीय सेवा में हैं तो उन्हें उनकी सेवा पुस्तिका में भी प्रशस्ति अंकित किए जाने के साथ 'बेटी संरक्षण' का इंक्रीमेंट दिया जाना चाहिए। यदि ऐसी दंपति सरकारी सेवा में नहीं हैं तो उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ वरीयता के आधार पर दिया जाना चाहिए। सिर्फ बेटियों वाले घर की छात्राओं को शिक्षा में विशेष सुविधाएं दी जानी चाहिए।

इस तरह के निर्णय से प्रथमतः लिंग-परीक्षण एवं भ्रूण-हत्या जैसे कदम पर रोक लगेगी। सिर्फ बेटियों के माता-पिता होने की हीन भावना पैदा किए जाने पर भी नियंत्रण होगा तथा समाज में तेजी से घटती महिलाओं की संख्या में कमी आएगी। अन्यथा 'मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की' जैसी स्थिति बनी रहेगी। केवल भाषणों में महिला सशक्तिकरण की राग अलापने के बहुत सार्थक परिणाम नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

# मेघ की लिपि


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मुझे जल्दी तो हो रही थी, किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी, भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे, भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है।

बीते दिनों यहां बादल छाये हुए थे,उन्हें देखकर प्रसन्न तो हुआ था,किंतु अपने अज्ञान पर लज्जित भी हुआ था कि इन्हें देखकर मैं कुछ भी नहीं पढ़ सका हूं। पुरानी बात याद आई,अवकाश के दिनों में तिरुपति-विश्वविद्यालय के प्रोफेसर-अध्यक्ष डॉ.चन्द्रभान रावत घर पर ही आ जाते थे,जब तक वे लोहवन में रहते,तब तक या तो वे मुझे बुला लेते अथवा वे स्वयं ही संध्या के समय मेरे घर पधारते। एक दिन लोहवन में उनके घर जा रहा था,जैसे ही लोहवन के दगरे में उतरा कुछ बादल पूरब की ओर से उठे, रास्ते में अथाई पर कुछ लोग बैठे हुए थे,बुलाया, पानी पी जाओ।

मुझे जल्दी तो हो रही थी,किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी,भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे,भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है। मुझे मेघ का ज्ञान तो था नहीं और तब तक धरती पर एक भी बूंद नहीं आई थी,मैंने सोचा कि बूंदा-बांदी भी हुई तो रावतजी का घर यहां से आधी किलोमीटर ही तो है। बहुत तेजी से कदम बढ़ा दिए,किंतु बादल की तेजी के सामने मेरी तेजी फेल हो गई। इतनी तेजी से पड़पड़ी आई कि मैं तो एक-दो मिनिट में ही आपाद-मस्तक भीग चुका था।

अथाई पर बैठे उस जनपद-जन के मेघ संबंधी ज्ञान को आज तक याद कर लेता हूं,मुझे उसका आदेश मानना चाहिए था,सोच लेता हूं कि वह जानपद-जन गुरु के रूप में नमस्करणीय था। उससे एक विद्या सीख सकता था! मेघ-विद्या कैसा पढ़ा-लिखा हूं? मेघ की लिपि को पढ़ना नहीं सीखा?

# किसी व्यक्ति के बौद्धिक स्तर का कारण: एक वैज्ञानिक विश्लेषण


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है।

परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राएं,माता-पिता और गुरुजन के परिश्रम के अतिरिक्त, अपनी अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने के लिए स्वयं उत्तरदायी हैं। उनकी शारीरिक और मानसिक संरचना और माता-पिता द्वारा प्राप्त जीन्स इसके लिए उत्तरदायी हैं। साथ ही इस संरचना में वातावरण और परिस्थितियों का भी योगदान है। गर्भावस्था की अनेक परिस्थितियां भी बच्चों की इस शारीरिक और मानसिक संरचना के लिए उत्तरदायी हैं।

वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है। ये दोनों बातें व्यक्ति के जीन्स और गर्भकाल की परिस्थितियों और बाद में जीवन भर की विशेष रूप से बचपन की परिस्थितियों और वातावरण पर निर्भर करती हैं। उदाहरण के लिए डाउन सिन्ड्रोम, फ्रेजाइल एक्स सिन्ड्रोम, फेनाइल कीटोनूरिया, रेट सिन्ड्रोम, प्रेडर विली सिन्ड्रोम, रे सैक्स डिजीज, विलियम्स सिन्ड्रोम जैसी अनेक बीमारियां होती हैं, जो क्रोमोजोम्स पर निर्भर करती हैं, जो जीन्स द्वारा निर्धारित होती हैं। ये जीन्स के म्यूटेशन्स के कारण उत्पन्न हो सकती हैं, जो आनुवांशिक होती हैं और व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना तथा उनके इन गुणों को प्रभावित करती हैं। इन शारीरिक दोषों के होने पर व्यक्ति की बुद्धिमत्ता प्रभावित होती है। ये दोष गर्भावस्था में ही निश्चित हो जाते हैं। बुद्धिमत्ता को निर्धारित करने के अनेक जीन्स होते हैं। यह एक बहुत जटिल तंत्र होता है। ये जीन्स पीढ़ी दर पीढ़ी जाते हैं। इसलिए बुद्धिमान परिवार में पैदा हुए बच्चे आम तौर पर बुद्धिमान होते हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं होता है। बुद्धिमान माता-पिता की संतान कम बुद्धि की अथवा कम बुद्धि के माता-पिता की संतान अधिक बुद्धि की हो सकती है। यदि माता-पिता के जीन्स में कमी नहीं है, केवल उनके मस्तिष्क की किसी बीमारी या दोष के कारण उनकी बुद्धिमत्ता प्रभावित हुई है तो उनकी संतान सामान्य होगी। अथवा किसी के जीन्स में भी कोई कमी या अच्छाई होने के बावजूद ऐसा हो सकता है कि उनकी संतान विपरीत गुणों की हो। ऐसा जीन्स के जटिल संयोजनों, पुरानी जीन्स के सामने आ जाने,नए जीन्स के छिप जाने, डॉमिनेन्ट और रिसेसिव जीन्स की परस्पर क्रियाओं और म्यूटेशन्स एवं अन्य जटिल कारणों के कारण हो सकता है। आनुवांशिक और जेनेटिक कारणों के अतिरिक्त बुद्धिमत्ता बच्चे की बचपन और उसके बाद की भी परिस्थितियों पर भी निर्भर करती है। उसे पढ़ने का कैसा वातावरण मिला है, उसके माता-पिता का व्यवहार कैसा है, उसके गुरुजन कैसे हैं, उसका स्वास्थ्य कैसा है, उसे कैसा भोजन और कैसे पौष्टिक पदार्थ मिल रहे हैं और वातावरण में प्रदूषण तो नहीं है, जैसे अनेकानेक कारण इसे निर्धारित करते हैं।

इस संदर्भ में हेलेन केलर की कहानी प्रासंगिक है। अमेरिका की हेलन एडम्स केलर का जन्म 27 जून 1880 को हुआ था। जन्म के समय वह एक सामान्य बच्ची थी। 19 माह की आयु में उसे दिमागी बुखार हो जाने के कारण उसके मस्तिष्क पर प्रभाव पड़ा,क्योंकि हमारा मस्तिष्क ही हमारे सभी संवेदी अंगों को नियंत्रित करता है, संवेदनाओं को समझता है, अंगों को चलाता है, इसलिए वह दृष्टिहीन और बधिर हो गई। वह बधिर थी इसलिए वह मूक भी हो गई, क्योंकि बच्चे सुनकर ही बोलना सीखते हैं। उसके माता-पिता बहुत दुःखी हुए। वे समझ नहीं पा रहे थे कि वे अपनी पुत्री को जीवन निर्वहन के योग्य कैसे बनाएं, कैसे वह अपना जीवन काटेगी। वह बेचारी बच्ची भागती थी, अवरोधों से टकराती थी और गिरती थी। उसके माता-पिता ने उस बच्ची के साथ संपर्क करने के लिए उसे कुछ घरेलू चिन्ह सिखाए। उसके जीवन में एक मोड़ तब आया जब 7 वर्ष की आयु में उसे अध्यापिका एनी सलीवान मिली। एनी अपने जीवनभर केलर के साथ रहीं। एनी सलीवान स्वयं लगभग दृष्टिहीन थीं। 5 वर्ष की आयु में उन्हें ट्रेकोमा रोग हो जाने के कारण उनकी दृष्टि लगभग समाप्त हो गई थी। सलीवान ने हेलन को लिखना और पढ़ना सिखाया। यह एक बहुत श्रमसाध्य कार्य था। हेलन पढ़ती गईं। उसने स्कूली शिक्षा और फिर कॉलेज की शिक्षा प्राप्त की। उसने किसी व्यक्ति के होठों और गले को छूकर यह जानना सीखा कि वह क्या बोल रहा है। स्वयं हेलन ने बोलना सीखा।

हम इस बात की दुष्करता को समझ सकते हैं कि कैसे उसने बिना सुने बोलना सीखा होगा। वह एक बहुत प्रसिद्ध लेखिका बनीं, सामाजिक कार्यकत्री बनीं, राजनेत्री बनीं और व्याख्यान कत्री बनीं। अनेक देशों में गईं और वहां पर अपने भाषण दिए। उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए। उनके ऊपर नाटक खेले गए। उनके ऊपर पुस्तकें लिखी गईं और उनके ऊपर फिल्म बनाई गई। उनको मिलने वाला वातावरण यह दिखाता है कि कैसे किसी व्यक्ति के मानसिक स्तर और उसकी शैक्षिक और बौद्धिक उपलब्धियों में जीन्स और परिस्थितियों दोनों की ही भूमिका होती है।

# अकेलेपन का दंश


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है।

वर्तमान भौतिकवादी युग में जबकि मनोरंजन के अनेकों साधन उपलब्ध हैं। मनुष्य में व्यक्तिवाद की भावना हावी होती जा रही है। यही कारण है कि मनुष्य अकेलेपन या एकांकी जीवन जीने को मजबूर हो रहा है। खासकर उम्र के उस पड़ाव में जब इंसान रिटायर होकर घर बैठ जाता है तो उसका अपने दोस्तों और सहकर्मियों से संवाद भी कम होने लगता है। यही से वो अपने को अकेला महसूस करने लगता है या एकांतवासी होने लगता है।

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है। यह वो समय है जब बच्चे नौकरी के लिए तनाव में हैं या नौकरी के लिए शहर से बाहर हैं और घर पर भी हैं तो संवादहीन हो चले हैं जिससे बुजुर्गों का एकाकीपन और भी ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है।

यह अकेलापन व्यक्ति को अवसाद और नकारात्मकता की ओर ले जाने का बड़ा कारण भी है। विगत कई वर्षों से कोरोना,बेरोजगारी,महंगाई, बीमारी आदि के तनाव से भी मनुष्य अवसाद कुंठा और निराशा से घिर रहा है। जरूरत है समाज को खुशहाल बनाकर,गिरते हैप्पीनेस इंडेक्स को सुधारने की ताकि अकेलेपन में जी रहे लोगों को इससे उबारा जा सके,उनमें खुशी का एहसास पैदा किया जा सके। इसके लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता होगी। संवाद के साथ-साथ लोगों को समाज में जोड़ने और छोटी-छोटी खुशियों और आयोजनों में शामिल करने के सार्थक प्रयासों की जरूरत होगी अन्यथा समाज में एकांकी जीवन जीने वाले इस दंश से बाहर नहीं निकल सकते।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरे युवक की टायर के नीचे आने से मौत

## भूसा भरी ट्रॉली के ऊपर बैठा था, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

संवाददाता इकदिल, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना-कन्नौज मार्ग पर शुक्रवार देर रात भूसा से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठा युवक झटका लगने से उछलकर सड़क पर गिर गया। जिससे ट्रॉली का पहिया चढ़ने से उसकी मौत हो गई।

थाना जसवंतनगर के गांव मुहम्मदपुर नगला भगत के रहने वाले अखिलेश नागर का 32 वर्षीय बेटा बबलू उर्फ मनीष कुमार शुक्रवार देर रात एक बजे भूसा से लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठकर भूसा पलटने जा रहा था। रोड पर गड्ढे में पहिया जाने से ट्रॉली में झटका लगा जिससे युवक उछल कर ट्रॉली के आगे गिर पड़ा। ट्रॉली का पहिया उसके ऊपर से चढ़कर कर निकल गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया, वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शादी 12 साल पहले थाना भरथना के गोविंद नगर के गिरधारीपुरा से हुई थी। मृतक के पिता ने बताया सुबह सूचना मिली। बेटा मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उसकी चार छोटी-छोटी बेटिया हैं। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

### मेला देखने निकले युवक की हादसे में गई जान

**बकेवर, इटावा।** गुरुवार को दो दोस्तों के साथ पशु मेला जाने की कहकर बाइक से निकले व्यक्ति की संदिग्ध हालात में सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक के परिजन हादसे को लेकर साजिश की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। औरेया जिले के एरवाकटरा थाना क्षेत्र में गांव नगला वैसे निवासी 45 वर्षीय राजेश अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से गुरुवार को शहर इटावा आया था। मृतक राजेश के बेटे सुरजीत ने बताया कि पिता के साथ में दो लोग आए हुए थे वह घर से पिता को बाइक से पशु मेला परशुपुरा ले जाने की कहकर निकले थे। गुरुवार को पिता के एक मित्र द्वारा सूचना मिली कि पिता का एक्सीडेंट हो गया है वह सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। जानकारी मिलते ही परिवार वहां पहुंच गया। शुक्रवार देर रात दो बजे राजेश ने दम तोड़ दिया मृतक के पुत्र ने किसी साजिश की आशंका व्यक्त की है।




## दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु, दिनभर जाम से जूझे लोग

**बकेवर।** लखना में मां कालिका देवी के मंदिर पर शनिवार के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लाखों की संख्या में आकर श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के साथ आकर पूजा अर्चना करने तथा माता के दरबार में मत्था टेका। वहीं दिन में कई बार बकेवर- लखना रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। वैशाख के शनिवार को भी भारी संख्या में इटावा आसपास के अन्य जनपदों औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, मध्य प्रदेश के भिंड, ग्वालियर, मुरैना से हजारों की संख्या में वाहनों से लोग माता के दरबार में कालका मां की पूजा करने के लिए आए। अधिकांश लोग अपने परिवार के साथ नववरवधुओं अथवा अपने नन्हें मुन्हे बच्चों का मुंडन संस्कार कराने आये। मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# विभिन्न स्थानों पर मारपीट में दस लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जिला अस्पताल में कराए गए भर्ती, छानबीन में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में दस लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की छानवीन कर रही है।

पहली घटना फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के विजयनगर में रामनगर फाटक के पास हुई जहां पारिवारिक विवाद के चलते चचेरे भाइयों ने छोटी बहन वैष्णवी और उसकी मां राखी देवी पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया जिससे दोनों लोग घायल हो गई ।

दूसरी घटना बसरेहर थाना क्षेत्र गांव पत्तापुरा में हुई जहां रविंद्र सिंह व भतीजे राजवीर सिंह अपनी बाइक से इटावा की तरफ आ रहे थे तभी गांव के ही कुछ लोगों ने घेर कर लाठी डंडों के साथ उन पर हमला कर दिया जिससे वह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीसरी घटना इकदिल थाना क्षेत्र के अड्डा नावली में हुई जहां मामूली कहांसुनी पर आपस में मारपीट हो गई जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। जिसमें रेशमा उसके पिता अशोक छोटा भाई विवेक उसकी मां बसंती देवी और बड़ा भाई अमित के गंभीर रूप से चोटे आई है। बेटी रेशमा ने बताया कि गांव के ही कुछ दबंग लोग आए दिन कमेंट किया करते थे जब इस बात का विरोध रेशमा ने किया तो इसी बात से नाराज होकर गांव के कुछ दबंग लोगों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया।

चौथी घटना बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर में हुई जहां पिता पुत्र ने माँ बेटे को लाठी डंडो से मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल किया। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मामला दर्ज किया।


शपथ ग्रहण कराते आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे। अमृत विचार

# ग्रामीणों को बताए हीट वेव से बचाव के उपाय

संवाददाता महेवा, इटावा

- आपदा प्रबंधन विभाग ने ग्लूकोज पाउडर और गमछे वितरित किए

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशन में ग्राम बहेड़ा में जिला आपदा प्रबंधन इकाई ने आयोजित स्वास्थ्य गोष्ठी में हीट वेव से बचाव के उपाय ग्रामीणों को बताए। ग्रामीणों को एक एक गमछा तथा ओ आर एस तथा ग्लूकोज पाउडर वितरित किए ।

डा अभिषेक मौर्या ने कहा कि जरूरी न हो तों धूप में न निकलें ,निकलना ही पड़े तो सर ढककर निकलें। डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि दिन-प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है। सभी लोगों को बचाव रखने के उपाय करने चाहिए ओआरएस, ग्लूकोज, नीबू पानी आदि पर्याप्त मात्रा में पीना चाहिए।

जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे ने सभी ग्राम वासियों को हीटवेब से बचने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि डॉ. यतेंद्र राजपूत ने ग्रामीणों को खीरा, तरबूज, खरबूज, नारियल पानी, ककड़ी, पालक, लौकी आदि का सेवन करने की सलाह दी है। प्रधान प्रतिनिधि सुरजन सिंह, अनिल तिवारी, पंचायत सहायक नंदिनी ठाकुर, शिक्षक हरशरण तिवारी, रविंद्र तिवारी, अवध पोरवाल, दीपेंद्र पांडेय, संजीव पांडेय, पीयूष शुक्ला, भानु पाठक आदि शामिल रहे।

## कथा में श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान

**ताखा।** कायमपुरा में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी और गोवर्धन पूजा की कथा का बखान किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे।

चौथे दिन कथा वाचक रोली शास्त्री ने कहा कि बालक कृष्ण बाल लीलाओं से सभी का मन मोह लेते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थीं कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो। तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। परीक्षत साहब सिंह, आयोजक मोहर सिंह, संजीव यादव, श्रोता लखन यादव, गोलू यादव, हरिओम यादव, रिंकू यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कंपनी बनाकर निवेशकों की रकम हड़पने का एक और मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कंपनी बनाकर धोखाधड़ी करके भूमि बेचकर निवेशकों की लाखों की रकम हड़पने का मुकदमा पांच महीने पहले अन्य निदेशक द्वारा दर्ज कराया गया था। इसके तहत आरोपी निदेशक दंपति इन दिनों जेल में है। अब प्रबंधक ने इसी आशय का मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली सदर में पुलिस संयुक्त उपायुक्त से आदेश कराकर शहर में अशोक नगर चौहान कॉलोनी में रहने वाले गिरजेश कुमार ने शहर में कचहरी रोड पर पाठक कांप्लेक्स में संचालित की जाने वाली पीपुल्स एग्रो केयर इन्फ्राडीबीडबलपर कंपनी के निदेशक लखनऊ के गोमती नगर में रहने वाले अरविंद कुमार द्विवेदी इनकी पत्नी अंजली तथा भाई आनंद कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

- निदेशक दंपति इन दिनों जेल में अब प्रबंधक ने दर्ज कराया

मुकदमा के अनुसार एजेंटों ने निवेशकों की रकम जमा कराई। इन दोनों ने 19 दिसंबर 2013 को इस रकम में से साढ़े 18 लाख रुपये से कानपुर में प्लॉटिंग करने के लिए भूमि खरीदी। निवेशकों को प्लॉट देने का वादा करते रहे और 26 दिसंबर 2022 को महज 17 लाख रुपये में यह भूमि अपने भाई आनंद कुमार के नाम कर दी।

### मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाया

इस कंपनी में निदेशक रहे शहर के न्यू कॉलोनी चौगुर्जी में रहने वाले विवेक कुमार दीक्षित ने डीजीपी से आदेश कराकर उपरोक्त आशय का मुकदमा थाना सिविल लाइन में 29 नवंबर 2023 को अरविंद उनकी पत्नी अंजली तथा भाई आनंद के खिलाफ दर्ज कराया। 17 मार्च से अरविंद तथा 10 मई से उसकी पत्नी जेल में है। अब विवेक दीक्षित ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली सदर में दर्ज कराया है। कहा गया है कि 16 मई को पक्का बाग से रामलीला रोड से घर आ रहा था, इन चारों ने घेरकर मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाया, चीख पुकार सुनकर लोगों के आने पर भाग गए। शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि इन मामलों की जांच कराई जा रही है, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# जीवित सेवानिवृत्त लिपिक को विभाग ने मृत घोषित किया

**इटावा।** जिले में एक इंटर कॉलेज के लिपिक सेवानिवृत्ति के बाद सात साल से पेंशन से वंचित कर दिए गए थे। अब पता चला कि उनको विभागीय कार्यालय ने मृत घोषित भी कर दिया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ ने जिलाधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग की है।

महासंघ के नेताओं ने बताया है कि श्री ज्ञानचंद्र जैन वैद्य इंटर कॉलेज इकदिल में लिपिक के पद पर कार्यरत रहे दिनेश कुमार तोमर 30 जून 2017 को सेवानिवृत्त हो गए थे। तब से वह पेंशन, उपादान आदि के भुगतान से वंचित हैं। प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई तो शिकायत के निस्तारण में प्रस्तुत आख्या में विभागीय अधिकारियों द्वारा जीवित सेवानिवृत्त लिपिक दिनेश कुमार मृत घोषित कर दिया गया।

मामले को लेकर महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी अवनीश राय से मिलकर प्रकरण की जानकारी दी। प्रतिनिधि मंडल में जिला संयोजक सुनील कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष अमित कुमार दुबे, जिला मंत्री श्रीकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष नृपेंद्र सिंह यादव, संघर्ष समिति के अध्यक्ष उदयवीर सिंह कुशवाह शामिल रहे।

## 20 मई से लगेगा समर स्पोर्ट्स कैंप

**इटावा।** समर स्पोट्स टैलेंट आइडेंटिफिकेशन कैंप 20 मई से 5 जून तक लगेगा। यह प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से शुरु होगा। इसमें खेल किड्स एथलेटिक्स, किड्स क्रिकेट, स्केटिंग, कराटे,बास्केटबॉल एवं टेबल टेनिस खेल कुशल प्रशिक्षक द्वारा संचालित किए जाएंगे। प्रशिक्षक सिद्धार्थ कृष्ण ने बताया कैंप खिलाड़ियों को फिजिकल ट्रेनिंग और खेल के प्रत्येक जागरूक करने के लिए सुदिति ग्लोबल एकेडमी में लगाया जा रहा है।

# कर्मचारी नेता बीएन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**इटावा।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बीएन सिंह की पुण्य तिथि पर कर्मचारियों ने सिंचाई संघ भवन पर श्रद्धांजलि दी और उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव ने कहा कि बीएन सिंह के संघर्ष से कर्मचारियों की कई समस्याओं का समाधान हो सका। इस दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक दिलीप मिश्रा, प्रदीप सक्सेना कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, सिंचाई संघ के अध्यक्ष अवधेश अनुरागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप कांत यादव, जयप्रकाश यादव, कृषि विभाग के जिला मंत्री गजेंद्र सिंह ऑडिटर सुनहरी लाल, संगठन मंत्री आबिद अली, सुधीर तिवारी, पंचायती राज के जिला अध्यक्ष अजय कुमार मौजूद रहे।

# कर्ज से दबे चालक ने की खुदकुशी

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** 15 लाख रुपये के कर्ज के बोझ तले दबे अधेड़ चालक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन करके अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया।


ओमप्रकाश।

सैफई थाना क्षेत्र में गांव नगला मियां में रहने वाले 50 वर्षीय ओमप्रकाश उर्फ मनोज ने अज्ञात कारण के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई, परिजनों द्वारा उनको सैफई विवि लाया गया जहां डॉक्टर ने चेकअप करके मृत घोषित कर दिया।

मृतक के बड़े भाई जिलेदार ने बताया कि ओमप्रकाश करीब 15 लाख रुपये के कर्ज होने से परेशान रहा करता था। उसने कुछ लोगों पर कर्ज अदा करने का दबाव डालने की बात कही थी जिससे वह परेशान रहा करता था। वह अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए ड्राइवर का काम करके किया करता था ।

अपने चार बच्चे जिसमें तीन बेटियां और एक बेटा है। कुछ दिन पहले ही बड़ी बेटी निशा की शादी भी तय की थी चार बच्चों में तीन बेटियां हैं सबसे बड़ी निशा नैना, फिर बेटा शेर सिंह और नंदिनी है। इस घटना की जानकारी जब परिवार में लगी तो घर में कोहराम मच गया पत्नी सरोज का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया।

**खेल-खिलाड़ी** — ईकरी में क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरुआत

# बजरंग क्लब-असदपुर का मैच टाई

संवाददाता लखना, इटावा

**अमृत विचार।** महेवा विकास खंड के ग्राम ईकरी में बजरंग स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन लखना नगर पंचायत के चेयरमैन गणेश शंकर पोरवाल ने किया ।

उन्होंने कहा कि खेल भाईचारे का प्रतीक हैं। इसमें किसी की हार-जीत नहीं होती है। उद्घाटन मैच बजरंग स्पोर्ट्स क्लब ईकरी और रॉयल क्रिकेट क्लब असदपुर की टीमों के बीच खेला गया। यह मैच टाई रहा।

टॉस जीतकर ईकरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निधारित 15 ओवर में 126 रन बनाए। सोम तिवारी ने 21 रन, सोहन ने 14 रन की पारी खेली। जवाब में असदपुर की टीम 9 विकेट खोकर 126 रन ही बना सकी और मैच टाई हो गया।


क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत कराते चेयरमैन लखना गणेश शंकर पोरवाल।

असदपुर टीम के कप्तान शिवा ने सर्वाधिक 18 रन, कल्लू ने 17 रन का योगदान दिया। आयोजक कल्लू (हरिओम), मटरू कुमार, अवनीश कुमार ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। जीतने वाली टीम को 10 हजार तक के इनाम दिए जाएंगे।

इस अवसर पर रजत तिवारी जिला महामंत्री किसान मोर्चा भाजपा, गणेश त्रिपाठी, देवनारायण त्रिपाठी के अलावा पूर्व क्रिकेटर आदित्य शुक्ला, सर्वेश तिवारी, अशोक तिवारी, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, पुत्तन त्रिपाठी असदपुरा कल्लू, हरिओम, अवनीश, छोटू, अनुज, अभिषेक, बेटू, नंदन आदि मौजूद रहे।

## बीईओ ने विद्यालयों का निरीक्षण किया

**महेवा।** बीईओ महेवा उदय राज सिंह ने कंपोजिट विद्यालय दाउदपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया । उन्होंने विद्यालयों में बच्चों से हिंदी की पाठ्य पुस्तक का वाचन कराकर व अन्य विषय से संबंधित प्रश्न पूछ कर शिक्षण की गुणवत्ता को परखा। विद्यालय में निशुल्क पाठ पुस्तकों की वितरण की स्थित, मिड डे मील की गुणवत्ता , स्पोर्ट किट की उपलब्धता और विद्यालय में 19 पैरामीटर सम्बन्धी कार्य के पूर्ण होने के बारे में जानकारी की। इस अवसर पर एआरपी राजेंद्र दीक्षित, प्रधानाध्यापक संजय कुमार त्रिपाठी, सहायक अध्यापक मनोज कुमार पांडे ,अंशुल सिंह ,निधि कुशवाहा ,नेहा सिंह और आदित्य त्रिपाठी उपस्थित रहे । जिला पूर्ति अधिकारी ने भी प्राविं बकेवर प्रथम व उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट विद्यालय बकेवर का निरीक्षण किया गया।


सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य राम पाल सिंह। अमृत विचार

# ज्ञान स्थली में किया गया मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित

**इटावा।** विजयनगर स्थित ज्ञान स्थली एकेडमी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रामपाल सिंह राजावत ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित किया। उन्होंने कहा कि जो छात्र छात्रायें मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करते हैं, उन्हें निश्चित ही सफलता मिलती है। शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा लगता है। शिक्षा के बिना हम ज्ञान समझ और सोचने की क्षमता से वंचित रह जाते हैं। इस अवसर पर मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही टेलेंट हंट कार्यक्रम में चयनित छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप


सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद को मानस ग्रंथ देते डीआईओएस मनोज कुमार।

### शिक्षा क्षेत्र में राजेंद्र प्रसाद का अविस्मरणीय योगदान

**जसवंतनगर, इटावा।** हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज के राष्ट्रपति से पुरस्कृत प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव के सेवानिवृत होने पर उनको विदाई दी गई। अतिथियों एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने रामचरितमानस, राधा-कृष्ण की मूर्ति और शाल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद यादव एक आदर्श प्रधानाचार्य के रूप में जाने जाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हिंदू विद्यालय को शिखर पर पहुंचने के लिए ही नहीं बल्कि इटावा जिले के शिक्षा विभाग में उनके महत्वपूर्ण योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी मेहनत, कर्तव्य परायणता यश और कीर्तिमान की बदौलत ही गौरवमयी राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया। एडीआईओएस डॉ. मुकेश कुमार यादव, प्रबंधक राहुल गुप्ता, प्रधानाचार्य संजीव कुमार, प्रबंध समिति के जितेंद्र नाथ गुप्ता, प्रेमनाथ गुप्ता, शांतनु गुप्ता आनंद गुप्ता, विनोद यादव, संजीव गुप्ता सुधांशु गुप्ता समेत कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### हजरत पीर बाबा के उर्स का समापन

**इटावा।** चौपला मूंज स्थित दरगाह हजरत शेख सैयद हाजी पीर बाबा रहमतुल्लाह अलेहिस्सलाम का 28 वां दो दिवसीय सालाना उर्स बाद नमाज ईशां महफ़िल ए मिलाद शरीफ से आग़ाज़ हुआ।महफिल की निजामत इंतखाब आलम उर्फ रौनक इटावी ने की। महफिल का आगाज मौलाना राशिद ने कलाम पाक की तिलावत करके किया। सैयद एजाज ने हजरत सैयदा फातिमा, हजरत मौला अली, हजरत इमाम हुसैन, हजरत इमाम ए हसन, हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम की बीती जिंदगी पर रोशनी डाली। इसके बाद कुल शरीफ हुआ। सलातो सलाम पेश किया गया। दरगाह की कमेटी ने अपनी जिम्मेदारी पर एक सिविल कैंप भी लगवाया जिसमें लोगों को खांसी जुकाम वह पेट दर्द गैस बुखार आदि की दवाएं डा अल्ताफ खान ने मरीजों को दी। उर्स में तमाम अकीदतमंद अपनी अपनी दुआओं को लेकर बाबा के दरबार में हाजिर हुए। लोगों ने अपनी-अपनी दुआएं मांगी दरगाह शरीफ में आए सभी लोगों ने लंगर भी चखा।

### युवक का शव नदी में पड़ा मिला

**जसवंतनगर, इटावा।** कस्बे से गुजरने वाली सिरसा नदी में शनिवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस के प्रयास के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र 30 वर्ष के आसपास है। कस्बा के बीचों बीच स्थित सिरसा नदी पुल के पश्चिम दिशा में नदी में शनिवार की सुबह राहगीरों ने पानी में उतराता हुआ युवक का शव देखा। कस्बा इंचार्ज इमरान फरीद मय फोर्स के पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि यहां पर देर शाम को आकर नव युवक जमावड़ा लगाकर बैठते है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अज्ञात युवक नशे की हालत में नदी में गिर गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई। कस्बा इंचार्ज इमरान ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आशंका है कि यहां नदी किनारे बनी पक्की पटियों पर बैठा करते है। यही पर यह युवक आया होगा और लुढ़क कर पानी मे गिरने उसकी मौत हो गई होगी। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सही कारणों का पता चल सकेगा।



एपिक न्यू स्विफ्ट की लांचिंग करते तरन पाल सिंह एवं जसदीप सिंह कालरा।

### कुलदीप मोटर्स ने लांच की एपिक न्यू स्विफ्ट

**इटावा।** कुलदीप मोटर्स प्रालि. एरिना के शोरूम में मारुति सुजुकी की एपिक न्यू स्विफ्ट की शानदार लांचिंग मैनेजिंग डायरेक्टर तरनपाल सिंह कालरा और जसदीप सिंह कालरा ने की। यह नई स्विफ्ट, जिसे प्रीमियम हैचबैक के चौथी पीढ़ी के रूप में उन्नत किया गया है, सुरक्षा और दक्षता के नए मानक स्थापित करती है। इसमें उन्नत सीरीज 1.2 लीटर इंजन है और यह छह एयरबैग्स, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल डायनामिक्स और एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम के साथ हिल होल्ड जैसी अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। एपिक न्यू स्विफ्ट में न केवल सुरक्षा की गहनता है, बल्कि इसमें 25.75 किलोमीटर प्रति लीटर की अद्वितीय माइलेज भी प्रदान की गई है।इसके अलावा, कार में पचास आधुनिक फीचर्स और नौ विविध रंग विकल्प उपलब्ध हैं। लांचिंग के अवसर पर ग्राहकों ने बढ़ चढ़कर इस नई कार की बुकिंग की। कुलदीप मोटर्स के जनरल मैनेजर नवीन नारंग ने कहा, 'हम ग्राहकों को नवीनतम तकनीक और उच्चतम सुरक्षा सुविधाओं के साथ सर्वश्रेष्ठ वाहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एपिक न्यू स्विफ्ट इसी कड़ी में नवीनतम योगदान है।

### कमरे में आग लगने से ग्रामीण की मौत

**चकरनगर, इटावा।** सहसों थाना क्षेत्र के ग्राम सिंडौस के रहने वाले 35 वर्षीय राम सिंह घर के कमरे में सो रहा था। अचानक आग लग गई। जिससे उसकी जलने से मौत हो गई। मृतक के पिता छोटेलाल ने बताया कि उनका पुत्र राम सिंह शराब पिया करता था। शुक्रवार रात को शराब पीने के बाद वह कमरे में बीड़ी पीकर सो गया जिससे उसकी चिंगारी से कपड़ों के साथ कमरे में आग लग गई। गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक राम सिंह की मौत हो चुकी थी। पिता छोटेलाल ने बताया कि राम सिंह की पत्नी व तीन बच्चे जिसमें दो बेटी और एक बेटे के साथ मायके गई हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बकेवर, इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी बीए में पढ़ती है। 17 मई को वह अपनी पुत्री को घर पर अकेली छोड़कर खेतो में बकरियां चराने चली गई। जब वह वापस घर पहुंची तो उसकी पुत्री घर पर नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित मां के प्रार्थना पत्र पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### आज होगी भजन संध्या

**इटावा।** 19 मई को छिपैटी पटीगली स्थित खाटू श्याम मंदिर पर शाम 6 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शाम 6 बजे से होगा। इसके साथ ही छप्पन भोग भी लगाया जाएगा तथा आकर्षक श्रृंगार भी किया जाएगा। यह जानकारी रमेश सक्सेना व राजेश कुमार शर्मा ने दी है।

### एसडीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**चकरनगर।** एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद कठेरिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर का औचक निरीक्षण किया। मरीजों के वार्डों को देखा। लू लगने से बीमार लोगों को क्या उपचार दिया जा रहा है, इसकी जानकारी ली। एसडीएम ने दवा स्टोर रूम से लेकर मरीजों के वार्डों का निरीक्षण किया। सीएचसी केंद्र अधीक्षक महेश कुमार को बदलते मौसम में आ रहे मरीजों के उपचार के बारे में दिशा निर्देश दिए।

### दस घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**ताखा।** ऊसराहार में स्थिति 33 केवीए के बिजलीघर पर सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक बाधित रहेगी। अवर अभियंता सतेंद्र कुमार ने बताया उपकेंद्र पर क्षमता बढ़ाने के लिए पांच एमबीए की जगह 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। जिसके चलते दिन में आपूर्ति बाधित रहेगी उपभोक्ता अपनी पानी की आपूर्ति को समय पर कर लें जिससे असुविधा का सामना न करना पड़े।

### ऊसराहार उपकेंद्र में 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा

**ताखा, इटावा।** बिजली विभाग की पहल पर ऊसराहार के विद्युत उपकेंद्र पर पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर को हटवाकर दस एमवीए का ट्रांसफार्मर रख दिया गया है। अब किसानों के लिए नलकूप और उपभोक्ताओं के लिए एक साथ दोनों फीडर चलाए जा सकेंगे, जबकि पहले एक लाइन ही चल पाती थी। ऊसराहार में स्थापित 33 केवीए के विद्युत उपकेंद्र पर शनिवार को पावर क्षमता को बढ़ा दिया गया है। पिछले एक वर्ष से ऊसराहार में ओवरलोडिंग की समस्या बहुत ज्यादा चल रही थी।

# स्कूल प्रबंधक ने होटल में की खुदकुशी

## हाईवे पर अनंतराम टोल प्लाजा के पास स्थित चंद्रा होटल की घटना, सुसाइड नोट में घरेलू कलह का जिक्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर अनंतराम टोल प्लाजा के पास स्थित एक होटल के कमरे में निजी स्कूल के प्रबंधक ने सुसाइड कर लिया। काफी देर तक गेट न खुलने पर होटल मालिक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को बुलवाया और कटर से कुंडी कटवाई तो शव पंखे से लटका मिला। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

इटावा जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के गांव सुनवर्षा निवासी सेना से सेवानिवृत्त हर गोविंद त्रिपाठी के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र राजू त्रिपाठी गांव में खेती करता है। जबकि छोटा पुत्र गौरव अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बाबरपुर कस्बे में भटा रोड पर किंडर गार्डन पब्लिक स्कूल के नाम से निजी स्कूल का संचालन करता था। गौरव की शादी लगभग तीन वर्ष पहले आगरा के रंगाहार की रहने वाली रागिनी पुत्री हरिओम से हुई थी। उसकी पत्नी स्कूल संचालन में उसका सहयोग करती थी।



होटल की जांच करती पुलिस। अमृत विचार


गौरव।

शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे गौरव त्रिपाठी नेशनल हाईवे पर अनन्तराम टोल प्लाजा के पास स्थित चंद्रा होटल पर कमरा लिया। रात आठ बजे तक जब युवक कमरे से बाहर नहीं आया तो होटल कर्मचारी ने आवाज लगाई। अंदर से कोई जवाब नहीं आने पर होटल मालिक ने सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद सीओ राम मोहन शर्मा और कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।होटल में जमा आईडी के आधार पर युवक के परिजनों तक सूचना पहुंचाई गई।

परिजन होटल पर पहुंचे और पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में कटर से कमरे की कुंडी कटवाई। अंदर गए तो गौरव का शव पंखे के सहारे लटका हुआ था। पास में ही जमीन पर एक सुसाइड नोट लिखा था। पुलिस ने मौके से मिले सुसाइड नोट और मोबाइल को कब्जे में ले लिया। गौरव ने सुसाइड नोट में घरेलू कलह का जिक्र किया है।

# हिंदी में नंबर कम आने पर छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता अयाना, औरैया

- पुलिस के पहुंचने से पहले परिजनों ने फंदे से उतारा शव

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतौल का पुरवा निवासी छात्रा ने शुक्रवार रात को सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में कम अंक आने से क्षुब्ध होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


शालिनी।

अंतौल का पुरवा निवासी हरि ओमकार ने बताया कि एकलौती बेटी शालिनी जसवंतपुर स्थित पीबीआरपी अकादमी में इंटरमीडिएट की छात्रा थी। कुछ दिन पहले आए परीक्षा परिणाम में अच्छे अंक न आने से वह गुमसुम रहने लगी थी। शुक्रवार शाम को वह अपने कमरे में अकेली थी। देर रात को उसकी मां कुमारी संजय खाना खाने के लिए कमरे में पहुंची तो बेटी पंखे के कुंडे पर दुपट्टे से लटकता देख चीखने लगी।

परिजनों ने उसे फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एसआई हेमंत कुमार ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि परिजनों के अनुसार इंटरमीडिएट परीक्षा में अंक कम आने से छात्रा ने आत्महत्या की है। उसके हिंदी विषय में 33 अंक आए थे। मामले की जांच की जा रही है।

# स्व. बीएन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**बिधूना-औरैया।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से कस्बे के सूरजपुर वार्ड में स्थित कैंप कार्यालय पर शनिवार को कर्मचारियों के मसीहा स्व. बीएन सिंह की 25वीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान की सराहना की गई।

सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि स्व. बीएन सिंह कर्मचारियों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने कर्मचारियों को उनके अधिकार दिलाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन सेवानिवृत कर्मचारियों के हित के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और इसी का परिणाम है कि सेवानिवृत कर्मचारी अपने हक अधिकार पाने में सफल हो रहे हैं। सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला महामंत्री हरगोविंद सिंह, नरेंद्र सिंह कुशवाह, शिवराज सिंह पाल, संतोष कुमार तिवारी, रमेश चंद दिवाकर, लाखन सिंह शाक्य, एसके चौधरी, बलराम सिंह, कमलेश चंद्र त्रिपाठी, प्रमोद चंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

# फाटक न खुलने से लगा भीषण जाम

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

- लगातार ट्रेनों के आवागमन के चलते देर से खुला फाटक

**अमृत विचार।** अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार को रेलवे फाटक देर से खुलने के चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की कतार लग गईं। लगभग डेढ़ घंटे लोग जाम से जूझते रहे।

दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर में गेट बंद हुआ। इसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग डेढ़ घंटे फाटक बंद रहने के बाद गेट शाम 05-30 बजे खोला गया।

वहीं जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाया।फाटक पर जाम लगने से कानपुर से इटावा की तरफ जाने वाली आनंद विहार पूरी एक्सप्रेस को 10 मिनट आउटर के होम सिग्नल पर रोकना पड़ा।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**औरैया।** दिबियापुर नगर में कलेक्टरी रोड स्थित एक रिसोर्ट में श्रीमद्भागवत कथा शुरू हुई। शनिवार को कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य पं. पुनीत मिश्र ने भक्तों को भागवत पुराण का सार बताते हुए कहा कि कथा का श्रवण करने मात्र से ही मानव जीवन को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इससे पूर्व शुक्रवार शाम कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा की शुरुआत हुई। पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुई।

यात्रा स्टेशन रोड होकर बाबा परमहंस बगिया होते हुए वापस कथा स्थल लौटी। कलश यात्रा में ढोल बाजे की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे। परीक्षित सुमनलता एवं विमल पोरवाल भागवत पोथी सिर पर रखकर चल रहे थे।

# चालक की निशानदेही पर नर कंकाल बरामद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- पत्नी ने ऑटो चालक पर दर्ज कराई थी पति को अगवा करने की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अयाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसे में घायल वृद्ध के लापता होने के मामले में शनिवार को थाना पुलिस ने चालक को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बीझलपुर स्थित यूकेलिप्टस के बाग के पास से नर कंकाल बरामद कर लिया।

शनिवार देर शाम को सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल, बबाइन चौकी प्रभारी विमलेश कुमार ने टीम के साथ अयाना- बीझलपुर मार्ग पर खेराडांडे मोड़ के पास से एक ऑटो चालक को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर खेराडांडे मोड़ से कुछ दूरी पर मौजूद सुरेश पांडेय के यूकेलिप्टस के बाग के पास से एक नर कंकाल को बरामद किया। जानकारी पर आए दिबियापुर थाना क्षेत्र के बूढ़ादाना निवासी रघुराज ने पास में मिले जूते व शर्ट से कंकाल की शिनाख्त अपने पिता प्रभुदयाल के रूप में की।

प्रभुदयाल की मौत पर पत्नी कृष्णा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि पांच मई को पत्नी कृष्णा देवी ने अयाना थाना में अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ पति के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ऑटो चालक से पूछताछ की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# यूकेलिप्टस के पेड़ों को कटवाने की मांग

**ककोर, औरैया।** ग्राम नगला जयसिंह में प्राथमिक स्कूल के अंदर चार यूकेलिप्टस के बड़े-बड़े पेड़ खड़े हैं। जिनकी लंबाई 100 से 120 मीटर हो गई है। तेज आंधी-तूफान आने से यह पेड़ टूट कर आसपास के मकान के ऊपर गिर सकते हैं। जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में समस्या का जल्द से जल्द समाधान करयाया जाना जरूरी है।

ग्रामीणों ने प्रधानाचार्या रजनी पांडे से मिलकर इन पेड़ों की नीलामी तत्काल करने का अनुरोध किया है। प्रधानाचार्या ने जल्द ही ग्राम प्रधान से मिलकर समस्या का निदान का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अहिवरन सिंह, जितेंद्र सिंह, बदन सिंह, राम अवतार, हुकुम सिंह, रमाकांत,अरुणेश कुमार, मुकेश कुमार, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

# चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित 'चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3' का उद्घाटन समारोह इटावा, भिंड और जालौन की सीमा पर बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में क्रिकेट लीग में शामिल टीमों के अलावा बड़ी संख्या में तीनों ही जिलों से आए लोग और ग्रामीण शामिल हुए।

सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन राम तेज सिंह ने कहा कि खिलाड़ी इस भयानक गर्मी में अपना पसीना बहा रहे है। ये चंबल अंचल के युवाओं के ऊर्जावान होने की पहचान है। अतिथि रूप में शामिल किसान जागरूक मंच, मध्य प्रदेश के संयोजक ओपी तिवारी ने कहा कि क्रिकेट को आधुनिक बच्चे मोबाइल पर खेल रहे है जबकि क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना चाहिए। इससे सहयोग की भावना बढ़ेगी।


मैच की शुरुआत कराते अतिथि। अमृत विचार

- बरहायपुरा की टीम ने पहले मैच में हिम्मतपुर को हराया

वीरचक्र विजेता शहीद सुलतान सिंह की पत्नी शीला देवी ने फीता काट कर चंबल क्रिकेट लीग की शुरूआत कराई। चौरैला ग्राउंड पर पहला मैच चंबल अंचल के बरहायपुरा (मध्य प्रदेश) और हिम्मतपुर (उत्तर प्रदेश) के बीच खेला गया। बरहायपुरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाए। जितेंद्र अर्धशतकीय पारी खेली।

जवाब में हिम्मतपुर टीम 11.2 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। हिम्मतपुर टीम के खिलाड़ी विकास ने सर्वाधिक 21 रन का योगदान दिया। बहरायपुरा टीम के जितेंद्र मैन आफ द मैच रहे। उन्हें अतिथि के तौर पर शामिल मलकपुरा जालौन के प्रधान अमित भारतीय ने प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। चंबल संग्रहालय के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से चंबल अंचल की छवि सकारात्मक रूप से विश्व पटल पर उभरेगी। ये आयोजन स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की स्मृति में हो रहा है।

# मारपीट के तीन दोषियों को तीन-तीन वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति) अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने थाना बेला क्षेत्र में करीब नौ साल पहले घर में घुसकर मारपीट करने के दोषी सुभाष चंद्र बाथम, उसके पुत्र आदेश कुमार तथा पत्नी राजेश्वरी देवी निवासी कुर्सी (बेला) को तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास व 3-3 हजार रूपये अर्थदंड की सजा से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे एडीजीसी चंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि ग्राम कुर्सी निवासी राममूर्ति देवी ने रिपोर्ट लिखाई की 17अगस्त 2015 को सुबह 9 बजे वह अपने गांव स्थित घर में खाना बना रही थी। तभी गांव के ही सुभाष पुत्र रामरतन कहार, उसके पुत्र आदेश, पत्नी राजेश्वरी देवी घर में जबरन घुस आए। वादिनी व उसको दो, पुत्रियों को डंडों से पिटाई की। जिससे सभी के चोटें आई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना बेला में मुकदमा दर्ज हुआ तथा पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में एससीएसटी एक्ट व घर में घुसकर मारपीट की चार्जशीट प्रस्तुत की। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश (एस.सी.एस.टी. कोर्ट) में चला।

एडीजे अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने तीनों अभियुक्त सुभाष चंद्र बाथम, उसके पुत्र आदेश कुमार और पत्नी राजेश्वरी देवी को तीन वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**फफूंद,औरैया।** शनिवार को थाना क्षेत्र के भाग्यनगर में एक ईको कार ने आगे चल रही स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर मार दी जिससे ईको कार में बैठी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने जांच पड़ताल कर गंभीर रूप से घायल रमाकांति को सीएचसी दिबियापुर भेजा है।

घायलों में राम स्वरूप, सर्वेश कुमार पुत्र शिवराम सिंह निवासी रामपुर वैश्य, रमाकांति थाना अछल्दा शामिल हैं। रमा कांती की हालत गंभीर बताई जा रही है जिनका दिबियापुर सीएचसी में इलाज चल रहा है। अन्य दो लोगों का इलाज निजी अस्पताल पुष्पा देवी भाग्यनगर में चल रहा है। वहीं ईको चालक इमरान को मामूली चोटें आई है।

# करंट से वन कर्मी झुलसा, हालत गंभीर

संवाददाता, फफूंद-औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में वन विभाग का पौधारोपण करते समय एक मजदूर 33 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आ गया और गंभीर घायल होकर गिर पड़ा। उसे सैफई रेफर किया गया है। वहीं विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश है।

थाना क्षेत्र के गांव परवाह सींगनपुर में शनिवार को वन विभाग की जमीन पर कुछ वन विभाग के मजदूर कर्मी पौधारोपण कर रहे थे। रामगोपाल निवासी कमालपुर आजादपुर थाना दिबियापुर भी पौधे लगा रहा था। तभी वह नीचे झूल रही असेनी केशमपुर 33 केवी विद्युत लाइन के करंट की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजा जहां से सैफई रेफर कर दिया गया। मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया की इस लाइन पर रात में विद्युत विभाग के ठेकेदार द्वारा काम कराया गया और लापरवाही बरतते हुए तारों को कसा नहीं जिससे तार जमीन से तीन फुट ऊपर झूल रहे हैं। जिसकी चपेट में आने से मजदूर झुलस गया। मजदूरों ने विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया है।थाना अध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया की हाई टेंशन लाइन का तार टूटा है जिसकी चपेट में आकर मजदूर के करंट लगा है अभी कोई तहरीर नही मिली है मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।


इस लाइन से वनकर्मी को लगा है करंट। अमृत विचार

- पौधरोपण करते समसय 33 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आया

## सार-संक्षेप

### समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

**बिधूना,औरैया।** समाजसेवी एवं अधिवक्ता अभय सेंगर ने बिधूना कस्बे के बड़े चौराहे पर आयोजित क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़े के मौके पर शनिवार को क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद क्षत्रिय समाजसेवियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। राघवेंद्र प्रताप सिंह, हरगोविंद सिंह, छुन्ना सिंह, अशोक चौहान, मोहित भदौरिया, शिवाजी भदौरिया, योगेंद्र प्रताप सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

### स्टेशन अधीक्षक को दी भावभीनी विदाई

**कंचौसी, औरैया।** स्टेशन अधीक्षक कंचौसी के पद पर कार्यरत शैलेंद्र कुमार का ट्रांसफर उत्तर मध्य रेलवे के मिर्जापुर रेलवे स्टेशन में हो गया। रेलवे स्टेशन पर समारोह आयोजित कर स्टाफ और क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें विदाई दी। ब्लाक प्रमुख सहार आकाश सिंह ऋषि, दीपक सिंह, अभय गुप्ता, स्टेशन अधीक्षक रूरा अशोक कुमार, स्टेशन अधीक्षक मैथा सुजीत कुमार राय, दरबारिक कुमार, संतोष कुमार, राहुल तिवारी, मुकेश पोरवाल, अनुज अवस्थी, भूरा तिवारी आदि मौजूद रहे।

### बाजार गई महिला लापता

**बिधूना, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र अरविंद कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि एक दशक पूर्व उसकी शादी रामपुर रसूलाबाद कानपुर देहात निवासी दिनेश शर्मा की पुत्री रश्मी देवी के साथ हुई थी। 6 मई को उसकी पत्नी बाजार करने के बहाने घर से कहीं चली गई है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित को घटना की रिपोर्ट दर्ज करली है। बताया जाता है कि रश्मी दो वर्ष पूर्व भी गायब हो गई थी। बाद में वह घर आ गई थी।

### पुरवा राय सिंह को हराकर रुरुकला ने जीता मैच

**अछल्दा, औरैया।** शाक्य क्रिकेट क्लब के द्वारा कछपुरा देवराव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट शनिवार को रुरुकला और पुरवा राय सिंह टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। टॉस जीतकर रुरुकला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए10 ओवर में 93 रन बनाए। शिवकांत ने 28, चमन ने 24 रनों का योगदान दिया। जवाब में पुरवा राय सिंह के खिलाड़ी रुरुकला टीम के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी और पूरी टीम 45 रनों पर सिमट गई। मनु, सुमित, नितिन आदि मौजूद रहे। रुरुकला के खिलाड़ी धर्मेंद्र कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### समिति ने मिट्टी के प्यालों का किया वितरण

**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति की महिला शाखा तुलसी "सखी ग्रुप" द्वारा शनिवार को ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नेविलगंज, बघाकटरा, होमगंज आदि मोहल्लों में पशु-पक्षियों को पीने के पानी हेतु मिट्टी के प्यालों का नि:शुल्क वितरण किया गया। "सखी ग्रुप" की अध्यक्ष एकता गुप्ता, प्रभारी बबिता गुप्ता, मंगला शुक्ला, गुड्डन गुप्ता, अनुपम पोरवाल, संगीता भदौरिया, स्वाती दुबे, कुमकुम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मधु शर्मा, शांती गुप्ता, बबिता पुरवार, ममता बिश्नोई, जूनियर शाखा अनमोल के पूर्व अध्यक्ष अर्पित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### रेलवे लाइन पर मिला महिला का शव

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के बीरपुर गांव के पास डीएफसी लाइन पर न्यू अछल्दा रेलवे स्टेशन के पास डाउन रेलवे लाइन के खम्बा नम्बर 1115/08 से 1115/10 के मध्य एक महिला का शव मिला है। कस्बा इंचार्ज सुरेश सिंह ने बताया कि महिला की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### शिक्षक की पैतृक जमीन पर कब्जा

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के तेहराजपुर गांव निवासी किशन स्वरूप पुत्र स्व . वीरेंद्र कुमार अवस्थी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह कानपुर में पं . दीनदयाल उ .स . धर्म विद्यालय में कार्यरत है। उनकी पैत्रिक जमीन का रकबा नं . 122 पुर्वा खुमान में स्थित है। वहीं पर ग्राम नगला धनी पो . छछुंद के विनीत कुमार उर्फ बेटू यादव पुत्र हुकुम सिंह, रुबी देवी पत्नी विनीत कुमार यादव ने मकान बना लिया है। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

अलर्ट जारी — 45 डिग्री पर पहुंचा पारा, सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार

# सावधान! अगले पांच दिन रहेगा हीट स्ट्रोक का खतरा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** गर्मी चरम पर है। लू के थपेड़ों से बुरा हाल हो रहा है। मकान धधक रहे हैं। शुक्रवार को दिन भर बाजारों और कॉलोनियों में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। जैसे- जैसे तापमान बढ़ा एसी और कूलर भी जवाब दे गए। गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है।

प्रशासन ने अलर्ट जारी कर लोगों को सावधान रहने के लिए कहा है। औरैया में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। अगले पांच दिन हीट स्ट्रोक का खतरा है। रात भी तपने लगी है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री बढ़कर 45 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस हिसाब से यह सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि हीट वेव को देखते हुए जिला, ब्लॉक स्तर पर इलाज की व्यवस्थाएं की गई हैं। अस्पतालों में ओआरएस और आईवी फ्लूड का इंतजाम कराया गया है।

मानव संसाधन को भी अलर्ट कर दिया है। सीएचसी और पीएचसी पर जरूरी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। मई और जून तक सभी केंद्र अलर्ट मोड पर रहेंगे।


धूप से बचने को सिर ढककर जातीं युवतियां। अमृत विचार

### रात में भी लोग बाहर निकलने से कतराए

लू की लपटों ने दिन में जो कहर बरपाया उसका असर रात को भी देखा गया। गर्म हवाओं के चलते लोग रात को बाहर निकलने से कतराते दिखे। रात 8 बजे के बाद से सड़कों पर सन्नाटे की स्थिति बनने लगी। शाम को मोहल्लों व अन्य जगहों पर लगने वाला मजमा शुक्रवार को हल्का पड़ गया।

### इस तरह करें बचाव

- प्यास न लगने पर भी बार-बार पानी पिएं, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें
- धूप से बचाव को गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते-चप्पल पहनें
- शराब, चाय, कॉफी का इस्तेमाल न करें।
- सफर में जाते वक्त अपने साथ ठंडे पानी का पर्याप्त स्टॉक करके चलें
- धूप में खड़े वाहनों में अपने बच्चे और पालतू जानवरों को छोड़कर न जाएं
- चेहरे, सिर, गर्दन पर गीला कपड़ा रखें, चक्कर आए तो डॉक्टर को दिखाएं
- घर में बनाए गए लस्सी, शिकंजी, छाछ, नींबू पानी और आम का पना पिएं
- खाना बनाते समय घर के साथ रसोई के दरवाजे और खिड़कियां खुले रखें
- प्रोटीनयुक्त खाना न खाएं, बासी भोजन न करें, हल्का खाना ही खाएं

### क्या बोले डीएम

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि जिले में गर्मी को लेकर 21 मई तक अलर्ट जारी कर दिया गया। शुक्रवार को औरैया का पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पर रहा। लोगों को चाहिए कि जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। सभी लोग गर्मी से बचाव के लिए अतिरिक्त एहतियात बरतें।

# आपदा से बचाव को लेकर की चर्चा

**औरैया।** बाढ़ व अन्य आपदाओं के प्रभावों के न्यूनीकरण तथा आपदा के समय त्वरित कार्यवाही करने के विषय पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में सेना के अफसरों के साथ जिला मुख्यालय ककोर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे सेना के अफसरों के साथ आपदा न्यूनीकरण तथा आपदा की स्थिति में किस तरह सेना की मदद से बचाव कार्य किए जायेगे। इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

इसके साथ-साथ संवेदनशील ग्रामों की महत्वपूर्ण जानकारियों का संग्रहण भी किया गया ताकि बाढ़ आपदा के समय जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण औरैया व भारतीय सेना कानपुर छावनी के परस्पर सहयोग से बेहतर आपदा न्यूनीकरण का कार्य जनपद में किया जा सके।

## एक नजर

### सोमवार को मतदान वाले जिलों में सार्वजनिक अवकाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के कारण 20 मई को जिले में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अवकाश के संबंध में आदेश जारी किए हैं। 20 मई को कोषागार और उपकोषागार भी बंद रहेंगे।

### एनएचएम कंसल्टेंट ने दिया इस्तीफा

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद एनएचएम में तैनात दीपिका पाठक नामक कंसल्टेंट ने इस्तीफा दे दिया। विगत वर्ष भी दीपिका ने इसी तरह इस्तीफा दिया था और इन्वेस्ट मित्र के तौर पर दूसरे विभाग में ज्वाइन किया था, लेकिन बाद में नियम कानून को ताक पर रखकर दीपिका को पुन: एनएचएम में ज्वाइन करा दिया गया। ज्वाइनिंग के पहले दीपिका ने इन्वेस्ट मित्र की नौकरी छोड़ दी थी। बस इसी को लेकर लंबे समय से एनएचएम कार्यालय में विवाद चल रहा था। बाद में उच्चाधिकारियों ने प्रकरण का संज्ञान लेकर इस्तीफा देने संबंधी आदेश दिया।

### नर्सिंग व पैरामेडिकल की वार्षिक परीक्षाएं 11 जून से

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेजों और पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में वार्षिक लिखित परीक्षाएं 11 से 21 जून तक होंगी। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अलोक कुमार ने बताया कि जीएनएम, एएनएम और डिप्लोमा टेक्नीशियन पाठ्यक्रमों के किसी परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र जारी नहीं हुआ है तो 22 मई तक (तकनीकी त्रुटियां संशोधित कर) प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया, परीक्षा में डिजिटलीय बारकोड युक्त उत्तर पुस्तिकाएं ही उपयोग की जाएंगी। इसके अलावा परीक्षा के प्रश्न पत्र ऑनलाइन भेजे जाएंगे जो कि परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले सेंटर पर लॉग इन पैनल पर उपलब्ध होंगे।

### मतदाताओं के लिए भी उपलब्ध रहेंगी चिकित्सकीय सेवाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में लखनऊ समेत 14 सीटों पर होने वाले मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) पर मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए हीट स्ट्रोक से बचने व अन्य जरूरी चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी अलर्ट मोड पर रहेंगी, ऑन काल विशेषज्ञ डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने बताया कि मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। किट में ओआरएस के पैकेट, पैरासिटामॉल समेत अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध होंगी।

# आरक्षण को लेकर अफवाह फैला रहा विपक्ष

## रक्षामंत्री ने लगाया आरोप- इमरजेंसी लगाकर कांग्रेस ने घोंटा था लोकतंत्र का गला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुद्दाविहीन हो चुका विपक्ष आरक्षण को लेकर अफवाह फैला रहा है। विपक्ष को झूठ की नहीं बल्कि सच की राजनीति करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को दस प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीतापुर रोड मड़ियांव में जनसभा के दौरान उक्त बात कही। विपक्ष कह रहा है कि भाजपा चार सौ सीट जीत गई तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम तो कांग्रेस ने किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तक ने गरीबी समाप्त करने की बात की मगर भाजपा ने आठ वर्षों के भीतर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर ला दिया। उन्होंने कहा कि दस से बारह वर्षों में देश में कोई भी गरीब नहीं रहेगा। कोरोना संकट के बाद बेरोजगार हुए लोगों को पांच-पांच किलो राशन मुफ्त देने का निर्णय प्रधानमंत्री ने किया।



सीतापुर रोड स्थित ओवर ब्रिज के समीप विशाल जनसभा को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। भारत महाशक्ति विश्व कल्याण के लिए बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में महिलाओं को संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पाक अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचार का संज्ञान लेना चाहिए।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा, नीरज सिंह, अनुपमा जायसवाल, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, बृजलाल, मेयर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री मोहसिन राजा आदि मौजूद रहे।



**...जब डिप्टी सीएम बने फोटोग्राफर**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार दोपहर शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम में माथा टेका। बाहर आते समय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक मीडिया कर्मी का कैमरा लेकर उनका फोटो क्लिक किया।

# 11 कथित आतंकियों को मिली डिफॉल्ट जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **एटीएस तय समय में नहीं दाखिल कर सकी आरोपपत्र**
- **2022 में अगस्त से अक्टूबर के बीच किए गए थे गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अल कायदा इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के 11 कथित आतंकियों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर करते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। इन्हें अगस्त से सितम्बर 2022 के बीच गिरफ्तार किया गया था लेकिन एटीएस समय से आरोप पत्र नहीं दाखिल कर सकी। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने अभियुक्त की ओर से दाखिल अपीलों पर दिया है। अभियुक्तों पर जमात उल मुजहीदुद्दीन संगठन के साथ संबंध रखने का भी आरोप है।

अभियुक्तों की ओर से एनआईए कोर्ट द्वारा डिफॉल्ट जमानत की याचिकाएं खारिज करने संबंधी आदेश को चुनौती देते हुए कहा गया कि एनआईए कोर्ट ने बिना अभियुक्तों को सुनवाई का अवसर दिए विवेचना की समय अवधि बढ़ाने संबंधी जांच एजेंसी की प्रार्थनापत्र को मंजूर किया गया। कहा गया कि जांच एजेंसी 90 दिन की अधिकतम समय सीमा समाप्त होने के बावजूद अभियुक्तों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल करने में असफल रही। वहीं, अपीलों का राज्य सरकार के अधिवक्ता द्वारा विरोध करते हुए कहा गया कि मामले में अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं, लिहाजा इस स्टेज पर डिफॉल्ट जमानत नहीं दी जा सकती।

न्यायालय ने सभी पक्षों की बहस सुनने के उपरांत परित अपने विस्तृत निर्णय में कहा कि विवेचना की समय अवधि बढ़ाने संबंधी 12 दिसंबर 2023 का एनआईए कोर्ट का आदेश है आविधिक है क्योंकि जांच एजेंसी के प्रार्थना पत्र पर अभियुक्तों को सुनवाई का कोई अवसर प्रदान नहीं किया गया। न्यायालय ने अभियुक्तों को डिफॉल्ट जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

## पिपरसंड में शुरू होगी प्रदेश की पहली डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की पहली क्लीनिक पिपरसंड ग्राम पंचायत में खुलेगी। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गईं हैं। उम्मीद है कि इसी माह के आखिर तक इसका संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

प्रदेश सरकार के साथ निवेश को लेकर हुए एमओयू के बाद राज्य के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा परामर्श और जरूरी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना ओब्डु ग्रुप की ओर से शुरू की जा रही है। ग्रुप टीम ने शनिवार को इस क्लीनिक का निरीक्षण कर तैयारियां परखी।

टीम में शामिल ओब्डू ग्रुप के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि इस क्लीनिक में खून से सम्बंधित जांच रिपोर्ट महज पांच मिनट के अंदर मिल जाएगी। साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टर ऑनलाइन रिपोर्ट देख कर मरीज को दवा लिखने के साथ परामर्श भी देंगे।

# कमल वाली अंगूठी 2,700 रुपये की, पंजा 3,000 का

## चुनाव में सर्राफा बाजार : भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस के चांदी के चुनाव चिह्न कर रहे आकर्षित

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूरे देश में चुनाव का माहौल है। पार्टियों के झंडे- बैनर से इलाके रंगीन हैं। ऐसे में सर्राफा बाजार भी पीछे नहीं है। यहां चांदी की अंगूठी वाला कमल निशान और सिल्वर कोटेड मोदी का बाक्स में सजा स्टैच्यू जहां चर्चा में है तो कांग्रेस का पंजा भी बाजार में मिल रहा है।

कमल निशान वाली अंगूठी लोगों को खूब भा रही है। इसकी कीमत 2,700 रुपये के आसपास है। चांदी की पॉलिश में चमचमाती मोदी का स्टैच्यू 3500 रुपये में मिल रहा है। कांग्रेस का चुनाव चिह्न पंजा 3,000 रुपये का है। करीब 28,000 रुपये की चांदी की साइकिल भी है तो 12,000 रुपये का बसपा का चुनाव निशान हाथी भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। भले ही प्रदेश में आप का मजबूत जनाधार न हो लेकिन चांदी की झाड़ू भी मौजूद है। इसकी कीमत 3,000 रुपये है।
















### मोदी और कमल निशान वाले 25 कलम, छह अंगूठियां बिकीं

चौक सर्राफा के कारोबारी विनोद महेश्वरी बताते हैं कि चुनावी माहौल में नया प्रयोग किया गया है। चांदी और गोल्डेन पॉलिस वाले सभी पार्टियों से जुड़े चुनाव चिह्न बनाए गए हैं। कुछ दिनों में ही 25 चांदी वाले कमल निशान वाली छह अंगूठियां बिक गई हैं। चांदी और गोल्डेल पॉलिस वाले मोदी के स्टैच्यू के भी कद्रदान दिखे। वे बताते हैं कि सबसे ज्यादा भाजपा के चुनाव चिह्न के खरीदार हैं।

**चुनाव चिह्न - कीमत (रुपयों में)**

| | |
|---|---|
| कमल निशान वाली चांदी की अंगूठी | 2,700 |
| मोदी और भाजपा के निशान वाला पेन | 500-700 |
| मोदी का स्टैच्यू बाक्स के साथ | 3,500 |
| 256 ग्राम वाली सपा की साइकिल | 28,000 |
| 100 ग्राम चांदी वाला बसपा का हाथी | 12,000 |
| कांग्रेस का पंजा चांदी का | 3,000 |
| 13 ग्राम की राम मंदिर की सोने की अंगूठी | 98,000 |

# क्या मोदी के शासन में हिंदू खतरे में है: दिग्विजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कांग्रेस नेता ने पूछा सवाल, राम मंदिर पर बुलडोजर चलाने संबंधी बयान पर किया पलटवार**

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि क्या उनके शासन में हिन्दू खतरे में हैं। राम मंदिर पर बुलडोजर चलाने के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का देश में नया भारतीय संविधान लाने का कुटिल प्रयास चल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि देश में 2024 का लोकसभा चुनाव पूर्व के चुनाव से भिन्न है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में भारतीय संविधान या लोकतंत्र पर कहीं किसी को कोई शंका नहीं थी कि इसके स्वरूप को भी परिवर्तित किया जा सकता है, लेकिन जिस प्रकार से भाजपा नेताओं और स्वयं प्रधानमंत्री 400 पार की घोषणा कर रहे हैं और जिस प्रकार से भाजपा के कई सांसद व नेताओं ने संविधान को बदलने की जो मंशा जताई है, वह अपने आप में संकेत देती है कि आखिर में 400 पार की आवश्यकता क्यों पड़ी।

उन्होंने कहा कि 1950 से आरएसएस ने भारतीय संविधान को पूर्ण स्वीकार नहीं किया है और आज भी संघ प्रमुख का बयान देखेंगे तो उन्होंने आरक्षण के मामले पर कई बार प्रश्न चिन्ह लगाया है। आज जो देश के हालात हैं तो उनका प्रमुख मुद्दा यही है।

# आपका कॉमन पासवर्ड दे रहा साइबर क्राइम को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर स्कैमर्स लोगों को अलग-अलग तरीके से शिकार बना रहे हैं। स्कैमर्स के निशाने पर सबसे अधिक भारतीय हैं। साइबर अपराध का सर्वे करने वाली कंपनी चेक प्वाइंट साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लि. ने हाल में एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तिमाही में साइबर अपराध के मामलों में 33 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। सर्वे के मुताबिक लोगों द्वारा बनाए गए पासवर्ड साइबर क्राइम को बढ़ावा दे रहा है।

रिपोर्ट में भारत के दस कॉमन पासवर्ड ऐसे हैं जो साइबर स्कैमर्स चंद सेकेंड में क्रैक कर लेते हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी बृजेश यादव ने बताया कि कॉमन या कमजोर पासवर्ड का प्रयोग करते हैं तो इसे तत्काल बदल दें। साइबर अपराध करने वालों के लिए कॉमन या कमजोर पासवर्ड किसी भी सिस्टम में सेंध लगाने का सबसे आसान तरीका है। 1234 या 0000 जैसे कॉमन पासवर्ड को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है। कुछ लोग पासवर्ड के नाम पर अपने या किसी करीबी के जन्मतिथि या मोबाइल नंबर का प्रयोग करते हैं। इसे भी स्कैमर्स आसानी से क्रैक कर लेते है।

### दस सबसे कॉमन चार डिजिट के पासवर्ड

**33 प्रतिशत मामले बढ़े इस साल अब तक**

साइबर एक्सपर्ट अखिलेश कुमार के मुताबिक इन्फार्मेशन इज ब्यूटीफुल साइट ने हाल में साइबर सिक्योरिटी पर एक अध्ययन किया था। इससे पता चलता है कि कई लोग अपने सिक्योरिटी कोड में इजी पैटर्न का प्रयोग करते हैं। स्टडी में 3.4 मिलियन पिन को चेक किया गया। जो सबसे कॉमन पैटर्न के थे। इनमें 1234, 1111, 0000, 1212, 7777, 1004, 2000, 4444, 2222 और 6969 एक आसान और कमजोर पैटर्न का पासवर्ड है। इसका प्रयोग लोग अक्सर इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम, क्रेडिट कार्ड, मोबाइल, कंप्यूटर या दूसरे गोपनीय दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए करते हैं। इस तरह के पासवर्ड को साइबर स्कैमर्स आसानी से टारगेट कर सकते हैं। ऐसे में अपने बैंक खाते या दूसरे डिवाइसेज की सुरक्षा के लिए पासवर्ड चुनते समय सिक्योरिटी को प्राथमिकता देना जरूरी है।

### कुछ यूनिक पासवर्ड

साइबर एक्सपर्ट अखिलेश कुमार के मुताबिक कुछ सबसे ज्यादा यूनिक पासवर्ड हैं। इसमें 8557, 8438, 9539, 7063, 6827, 0859, 6793, 0738, 6835, 8093 शामिल है। इसका प्रयोग करने से साइबर स्कैमर्स से बच सकते हैं।

### यह करें

- आसान शब्दों वाला पासवर्ड नहीं बनाएं।
- पासवर्ड में 8 से कम कैरेक्टर का प्रयोग न करें।
- पासवर्ड में अपने नाम, बर्थ डेट का इस्तेमाल नहीं करें।
- यूजर नेम को भी पासवर्ड न बनाएं।
- पिन जनरेट करते समय अपनी कार का नंबर या मैरिज एनिवर्सरी की डेट का इस्तेमाल न करें।
- अपने डेटा और डिवाइस को प्रोटेक्ट करने के लिए पासवर्ड की जगह पासफ्रेज का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- पासवर्ड बनाते समय अल्फा न्यूमेरिक और स्पेशल कैरेक्टर का कॉम्बिनेशन बनाए।

## वर्ग पहेली-74

**बाएं से दाएं**

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।

8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना, धारण करना 4. प्रवर्तन।



### वर्ग पहेली -73 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वी | णा | | 2 नो | | 3 तू |
| 4 दो | | | 5 वे | त | र | णी |
| ड़ | | | | र | | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | | |
| ग | | न | | | | 8 फिं |
| | | खे | | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | | | ई |

## सुडोकू-153

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | 5 | | | | | 6 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | 5 | | | 3 | | | | |
| 5 | | | | | 2 | 8 | | |
| 3 | | | | | 1 | 9 | | |
| 6 | | | 3 | | | | | 4 |

### सुडोकू -152 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 13.50 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 20 मई 03.16 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज व्यवसाय में सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। भूमि-संपत्ति विवाद पुन: उभर के आ सकते हैं। ज्यादा विचारशीलता के कारण आप तनाव में भी आ सकते हैं।

**वृष** – आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा देना हितकर होगा। नए कारोबार में निवेश करने के लिए समय उत्तम नहीं है। पेट में इन्फेक्शन होने की संभावना है। समझदारी पूर्वक स्थितियों को संभालने का प्रयास करें।

**मिथुन** – आज आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। घर में कलह का वातावरण हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को खानपान की अनियमितता से बचना चाहिए। गृहस्थ सुख में कमी देखने को मिलेगी।

**कर्क** – आज बच्चे अपने करियर और पढ़ाई को लेकर काफी सजग रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपनी नौकरी में बदलाव कर सकते हैं। व्यापार को लेकर बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। नया काम शुरू करना लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** – आज आपकी बातों से अच्छे लोग भी नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सोच-समझकर ही लोगों से बातें करनी चाहिए। यात्राओं के लिए दिन शुभ नहीं है। गर्मी की वजह से पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़ा फेरबदल करने का अवसर मिल सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे। निजी संबंधों के बीच आत्मीयता बढ़ेगी। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न कर सकते हैं। कला और संगीत में आप गहरी रुचि ले सकते हैं।

**तुला** – आज बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आप परिस्थितियों का गलत अवलोकन भी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज धार्मिक कार्यों में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। पुरानी किसी समस्या का समाधान मिल सकता है। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु** – आज आप कुछ दबाव में भी आ सकते हैं। घर में कुछ बदलाव का विचार बनाएंगे। परिवार में मांगलिक उत्सवों को लेकर कुछ योजना बन सकती है। आपके व्यवहार के कारण वरिष्ठ जन आपका सहयोग कर सकते हैं।

**मकर** – आज आपका काम में ज्यादा मन नहीं लगेगा। नकारात्मक लोगों से सलाह न लें। परिवार के साथ समय बिताने से आपका मन अच्छा रहेगा। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आपकी जीवनशैली में कुछ अनियमितता आ सकती है।

**कुंभ** – आज लोहे के उपकरणों का प्रयोग बेहद सावधानी पूर्वक करें। हाथों और उंगलियों में चोट लग सकती है। आप काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नए काम की शुरूआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आएगी।

**मीन** – आज आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बुजुर्ग जातकों को घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- नो प्रॉब्लम – सुबह : 08.44
- दरार – रात : 07.40

**&pictures**
- थैंक गॉड – सुबह : 09.29
- थप्पड़ – रात : 08.00

**Sony PIX**
- मैड मैक्स : फरी रोड – सुबह : 09.15
- द मिशेल्स बनाम द मशीन्स – रात : 07.05

**Zee Cinema**
- हम आपके हैं कौन – सुबह : 11.32
- सूर्यवंशी – रात : 09.00

**Colors Cineplex**
- वेलकम – सुबह : 09.33
- गोलमाल 3 – शाम : 06.41

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी- भाभी जी भाई साहब नहीं दिख रहे हैं।
भाभी- हमारा झगड़ा हो गया है वह गार्डन में हैं।
पड़ोसी- मैंने देखा गार्डन में नहीं हैं वो।
भाभी- खोदकर देखा।
पड़ोसी बेहोश...

भिखारी- बाबूजी आप मुझे 150 रुपये देकर मेरी मदद कीजिए।
मैं अपने परिवार से बिछुड़ गया हूं।
मोनू- पहले बताओ तुम्हारा परिवार कहां है?
भिखारी- मल्टीप्लेक्स में फिल्म देख रहा है।

# बहुमत का रथ या संघर्ष का अग्निपथ

## पांचवें चरण में मतदान के साथ ही 428 लोकसभा सीटों का चुनाव तय कर देगा दोनों गठबंधनों का भविष्य

मनोज त्रिपाठी

पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर मतदान के बाद 428 लोकसभा सीटों पर चुनाव खत्म हो जाएगा और मतगणना का काउंट डाउन शुरू हो जाएगा। इसी के साथ बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा इस चरण में 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 की 303 सीटों से आगे निकल जाएगी। कुछ ऐसा ही यक्ष प्रश्न इंडिया गठबंधन के सामने भी है कि क्या वह अपनी जीत की संभावना 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया है। गृह मंत्री अमित शाह और तमाम भाजपा नेता चौथे चरण के बाद पार्टी को बहुमत मिलने का दावा कर रहे हैं, तो इंडिया गठबंधन की ओर से भाजपा के 200 से 220 सीटों पर सिमटने की भविष्यवाणी की जा रही है। अब कौन सही और कौन गलत हैं, इसका पता तो चार जून को मतों की गणना में ही चलेगा। फिलहाल पांचवें चरण की 49 सीटों में पिछली बार के नतीजों के आईने में पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आ रहा है।

सोमवार को पांचवे चरण में जिन 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें एक दर्जन सीटें ऐसी किसी न किसी पार्टी का गढ़ हैं। इन 12 सीटों पर एक ही दल पिछले तीन चुनावों से जीत हासिल करता चला आ रहा है। इन 12 में से पांच सीटों पर भाजपा 2009, 2014 और 2019 में कमल खिलाने के बाद इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार है। पांचवें चरण की इन 49 सीटों में 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छह और कांग्रेस ने 14 सीटें जीती थीं। लेकिन 2014 में कांग्रेस सिर्फ दो सीटें जीत सकी और 2019 में महज एक सीट पर ही सिमट गई थी। इसके मुकाबले 2014 में भाजपा ने 27 और 2019 में 32 सीटें जीत ली थी।

### पांचवें चरण की 49 सीटें पर प्रदर्शन

| चुनाव वर्ष | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| चुनाव वर्ष 2009 | 06 | 14 |
| चुनाव वर्ष 2014 | 27 | 02 |
| चुनाव वर्ष 2019 | 32 | 01 |

**बड़ा सवाल** भाजपा 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 में मिली 303 सीटों से आगे निकलेगी
इंडिया गठबंधन क्या जीत का आंकड़ा 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया



**12** सीटों पर एक ही दल ने जीते हैं लगातार पिछले तीन चुनाव

**05** सीटों पर भाजपा इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार

### 2019 में पांचवें चरण में यह था दलीय प्रदर्शन

| दल | सीटें |
|---|---|
| भाजपा | 32 |
| शिवसेना | 07 |
| टीएमसी | 04 |
| कांग्रेस | 01 |
| जेडीयू | 01 |
| एलजेपी | 01 |
| बीजद | 01 |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 01 |
| अन्य | 01 |

### 25 सीटों पर इस बार भी भाजपा सबसे मजबूत दावेदार

- इस बार पांचवें चरण की 49 में 25 सीटों पर भाजपा को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि पिछले तीन में से दो लोकसभा चुनाव में पार्टी ने इन 25 सीटों पर कमल खिलाया है। इस आंकड़े के हिसाब से कांग्रेस सिर्फ दो सीटों पर ही मजबूत है।

### चार सीटों पर हुआ था नजदीकी मुकाबला

पांचवें चरण में सिर्फ चार सीट ऐसी हैं, जिन पर 2019 के चुनाव में जीत का अंतर बहुत कम था। इनमें उत्तर प्रदेश की कौशांबी, ओडिशा की बोलनगीर, पश्चिम बंगाल की बैरकपुर और आरामबाग सीटें शामिल हैं। इनमें तीन सीटें भाजपा ने जीती थीं, जबकि आरामबाग में टीएमसी विजयी रही थी।

### सात राज्यों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला था

- पांचवें चरण के जिन आठ राज्यों में चुनाव है, उनमें सात राज्यों में कांग्रेस को 2019 में से एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस केवल उत्तर प्रदेश में रायबरेली की सीट ही जीत सकी थी जबकि अमेठी सीट पर उसे हार मिली थी।

# महाराष्ट्र में आखिरी 13 सीटों पर जीत की चाबी तो उत्तर भारतीयों के पास

चुनाव डेस्क

- भाजपा और राज ठाकरे के साथ से एक वर्ग में नाराजगी
- 2019 में शिवसेना ने सात और भाजपा ने जीती थीं छह सीटें

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र में पांचवें चरण में 13 लोकसभा सीटों धुले, डिंडोरी, नासिक, कल्याण, पालघर, भिवंडी, ठाणे, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर मध्य सीट पर वोट पड़ेंगे। 48 सीटों पर मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इन 13 सीटों में 10 सीटें ऐसी हैं, जहां उत्तर भारतीय मतदाता 25 से 35 प्रतिशत तक हैं। 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में भाजपा ने छह और शिवसेना ने सात सीटें जीती थी।

लेकिन तब शिवसेना और भाजपा साथ-साथ थी। अब शिवसेना दो फाड़ हो गई है, तो शहर पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी दो हिस्सों में बंट चुकी है। राज्य में बदले हुए राजनीतिक समीकरणों में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। भाजपा ने बढ़त लेने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है।

भाजपा शासित राज्यों के पांच मुख्यमंत्री डेरा डाले हैं। उत्तर भारतीय मतदाताओं के बीच खास मेहनत की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में 20-22 सभाएं कर चुके हैं। विगत दिवस मुंबई में रोड शो करने के बाद अगले दिन रैली की है। भाजपा अगर महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहती है, तो नतीजों से असली और नकली शिवसेना की लड़ाई का भी फैसला होना है। 10 सीटों पर उत्तर भारतीय, मुस्लिम और दलित मतदाता महत्वपूर्ण हो गए हैं। उत्तर भारतीय मतदाताओं का समर्थन भाजपा को ज्यादा मिलता रहा है, लेकिन भाजपा द्वारा राज ठाकरे का साथ लेने का संदेश उत्तर भारतीयों के बीच अच्छा नहीं गया है। कांग्रेस और उसके साथ महा विकास अघाड़ी में शामिल राकांपा शरद पवार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे इसी नाराजगी को भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें मुस्लिम मत मिलने का भी भरोसा है।

### पीयूष गोयल की पहले चुनाव में हो रही है अग्नि परीक्षा



मुंबई उत्तर सीट से केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल का मुकाबला अभिनेता-राजनेता भूषण पाटिल से है। 2019 में भाजपा के गोपाल सी. शेट्टी ने इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को 4.65 लाख वोटों से हरा दिया था। पीयूष गोयल तीन बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

### डिंडोरी में केंद्रीय मंत्री भारती पवार को छूट रहा पसीना



- डिंडोरी में भाजपा तीन बार से जीत रही है। यहां इस बार सांसद और केंद्रीय मंत्री भारती प्रवीण पवार का मुकाबला राकांपा भास्कर भगरे से हो रहा है। भारती 2014 में राकांपा से चुनाव लड़कर हार गई थीं। 2019 में भाजपा से जीती थीं। लोकसभा क्षेत्र की छह में से चार विधानसभा सीटें राकांपा के पास हैं।



### मुख्यमंत्री शिंदे के पुत्र डॉ. श्रीकांत लगा पाएंगे हैट्रिक

- कल्याण लोक सभा सीट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे डॉ. श्रीकांत शिंदे चुनावी जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में जुटे हैं। श्रीकांत ने 2014 और 2019 में शिवसेना के टिकट पर कल्याण में जीत हासिल की थी। उनके सामने मैदान में शिवसेना (उद्धव) की वैशाली डारेकर राणे हैं।

### वकील उज्जवल निकम को वर्षा गायकवाड़ से कड़ी चुनौती



मुंबई उत्तर मध्य सीट पर भाजपा की तरफ से उतरे हाई प्रोफाइल वकील उज्ज्वल निकम पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला मुंबई कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ से हो रहा है। वर्षा धरावी से चार बार विधायक चुनी जा चुकी हैं और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रही हैं। यहां पिछले दो चुनाव भाजपा की पूनम महाजन ने जीते थे।

### भिवंडी में केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल कांटे की संघर्ष में फंसे



- भिवंडी से केंद्रीय मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें शरद पवार की एनसीपी के प्रत्याशी सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां 2019 में पटेल ने कांग्रेस के सुरेश तावड़े को डेढ़ लाख मतों से हराया था।

## नवीन पटनायक किला बचाने में लगे, कांग्रेस तीसरे नंबर पर पिछड़ती आ रही नजर

# ओडिशा में बीजद पर बढ़त बनाती दिख रही भाजपा

**20** मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा



ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से इस बार मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक दोहरे दबाव में हैं। भाजपा राज्य में सरकार बनाने के साथ ही लोकसभा चुनाव में अधिकतर सीटें जीतने का दावा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो अपनी सभाओं और रैलियों में भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथग्रहण में लोगों से आने की अपील करके पटनायक को सीधी चुनौती दे रहे हैं। इसी माहौल में 20 मई को पांचवें चरण में राज्य में पांच लोकसभा सीटों बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलनगीर, कंधमाल और अस्का में वोट पड़ेंगे। राज्य में कुल 21 लोकसभा सीटे हैं। 2019 के चुनाव में इन पांच में से चार सीटें भाजपा ने जीती थीं। बीजद एक ही सीट जीत पाया था। ओडिशा में लोकसभा चुनाव में 2009 में बीजद को 37 फीसदी वोट शेयर के साथ 14 सीटें मिली थीं। कांग्रेस 33 प्रतिशत वोट शेयर के साथ छह सीट ही जीत पाई थी। भाजपा शून्य पर सिमट गई थी। 2014 में बीजद ने 44 प्रतिशत वोट के साथ 20 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने 22 प्रतिशत वोट पाकर राज्य में अपना खाता खोला था। 2019 में 43 फीसदी वोट के साथ बीजद को 12 जबकि भाजपा को 38 प्रतिशत वोट के साथ आठ तथा कांग्रेस को 14 फीसदी वोट के साथ एक सीट मिली थी। इस आंकड़े से साफ है कि भाजपा वोट प्रतिशत के मामले में बीजद के करीब पहुंच चुकी है। राज्य का चुनावी परिदृश्य भी भाजपा और बीजद के बीच सीधे संघर्ष में भाजपा की बढ़त की तस्वीर बयां कर रहा है, कांग्रेस विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव तीसरे नंबर पर ही दिख रही है।

### नीचे नवीन ऊपर मोदी को वोट देने की मुहिम

- राज्य में 20 मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा। 147 सीटों वाली विधानसभा के लिए पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। पिछले चुनावों में देखा गया है कि जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीतती है, उसे ही लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलती हैं। इसी कारण भाजपा राज्य में सरकार बनाने का प्रचार करके जी तोड़ कोशिश कर रही है कि मोदी की लोकप्रियता की बदौलत लोकसभा की कम से कम 15-16 सीटें जीत सके। लेकिन एक मुहिम राज्य में नवीन पटनायक तो केंद्र में नरेंद्र मोदी को वोट देने की भी चल रही है। बीजद विधायक इसका ज्यादा विरोध भी नहीं कर रहे हैं, शायद उन्हें लग रहा है कि इस ट्रेंड से उनकी हार का खतरा दूर हो जाएगा। ऐसा होता है तो यह एक तरह की टेक्टिकल वोटिंग होंगी, क्योंकि अभी तक विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होने पर मतदाताओं का रुझान ज्यादातर एक पार्टी की ही तरफ देखने में आता रहा है।

### बताई गारंटी




बिहार की वाल्मीकि नगर से जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला।

# उमर अब्दुल्ला की मुश्किलें बढ़ीं

चुनाव डेस्क

- बारामूला सीट पर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन ने भी लगा रखा है जोर
- जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे ने जोरदार प्रचार करके बनाई सहानुभूति

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर की हाई प्रोफाइल बारामूला लोकसभा सीट पर भी पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। इस सीट पर पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला तथा पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन के बीच मुकाबला माना जा रहा है। लेकिन चुनाव प्रचार खत्म होने के साथ मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे अबरार ने जोरदार चुनाव प्रचार करके संघर्ष में खड़ा कर दिया है। अबरार ने कई रोड शो किए हैं, जिनमें भीड़ जुटी है। रशीद के जेल में बंद होने से मतदाताओं के एक वर्ग की सहानुभूति मिल रही है। रशीद दो बार के विधायक हैं और टेरर फंडिंग के मामले में तिहाड़ जेल में हैं। भाजपा ने बारामूला समेत घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतारा है, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी खामोशी के साथ पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन का समर्थन दे रही है। बारामूला सीट के अंतर्गत 18 विधानसभा क्षेत्रों में 17.32 लाख मतदाता हैं। यहां 23 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर देश भर में रह रहे 25,821 विस्थापित कश्मीर पंडितों के मतदान की व्यवस्था की गई है। 21 मतदान केंद्र जम्मू, चार दिल्ली और एक केंद्र उधमपुर में बना है।

# बसपा की जातीय इंजीनियरिंग किस पर पड़ेगी भारी

**पूर्वांचल में साल 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में छह लोकसभा सीटें जीती थीं। इसमें जौनपुर को छोड़कर बाकी पांच सीटों घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज में बसपा को नए प्रत्याशी उतारने पड़े हैं, इसकी वजह यह है कि गाजीपुर से चुनाव जीते अफजाल अंसारी और श्रावस्ती के सांसद रामशिरोमणि वर्मा इस बार सपा से ताल ठोंक रहे हैं, अंबेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय भाजपा के प्रत्याशी बन गए थे, जबकि घोसी से जीते अतुल राय का अधिकतर समय जेल में रहे हैं।**

### अंबेडकर नगर, घोसी और श्रावस्ती में बनाया मुस्लिम-दलित समीकरण

- अंबेडकरनगर में बसपा ने इस बार मुस्लिम-दलित का दांव खेलते हुए कमर हयात अंसारी को मैदान में उतारा है। यहां करीब चार लाख दलित और साढ़े तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। पौने दो लाख कुर्मी और इतने ही यादव मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाता डेढ़ लाख से कुछ कम और क्षत्रिय वोटर एक लाख हैं। श्रावस्ती में पांच लाख मुस्लिम मतदाता, करीब पौने तीन लाख दलित, दो लाख से ज्यादा कुर्मी वोटर और ढाई लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। यहां भी मुस्लिम- दलित समीकरण से बसपा 2019 में चुनाव जीती थी। इस बार पार्टी ने मुस्लिम –दलित वोट बैंक पर भरोसा करते हुए श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन को उतारा है। घोसी में अतुल राय भाजपा के हरिनारायण को हराकर चुनाव जीते थे। लेकिन उनका पूरा कार्यकाल लगभग जेल में ही बीता। इसलिए उनकी जगह बसपा ने कांग्रेस से आए पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा से ही सांसद रहे थे और वह नोनिया चौहान हैं। यहां नोनिया चौहान की अच्छी खासी संख्या है। यहां मऊ विधानसभा पर तो मुस्लिम निर्णायक है। लालगंज सुरक्षित सीट पर पिछली बार सपा की संगीता आजाद जीती थीं। उन्होंने भाजपा की नीलम सोनकर को हराया था। इस बार बसपा ने यहां डॉ. इंदु चौधरी को टिकट दिया है। जौनपुर से बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटने के बाद सांसद श्याम सिंह यादव को उतारा है। गाजीपुर में बसपा से जीते अफजाल अंसारी इस बार सपा के प्रत्याशी हैं। यहां बसपा ने डॉ. उमेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है।



### नौ सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी सपा-कांग्रेस का बिगाड़ रहे खेल

- बसपा के पास दलित वोट बैंक का अभी भी बड़ा हिस्सा है। वह इसी के साथ मुस्लिम, ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग का जोड़ घटाना लगाकर प्रत्याशी उतारती रही है। इस बार बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार पूर्वांचल की लड़ाई में दलित-मुस्लिम और दलित-ब्राह्मण का समीकरण बनाकर उम्मीदवार उतारे हैं। बसपा ने पूर्वांचल के रण में नौ लोकसभा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर इंडिया गठबंधन का समीकरण बिगाड़ने का प्रयास किया है। हाथी चुनाव चिह्न पर इस बार अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी, श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अमद खान, डुमरियागंज से मोहम्मद नदीम मिर्जा, संतकबीरनगर से नदीम अशरफ, आजमगढ़ से महमूद अहमद, महराजगंज से मोहम्मद मौसमे आलम, गोरखपुर से जावेद सिमनानी और वाराणसी से अतहर जमाल लारी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

### आधा दर्जन सीटों पर खेला ब्राह्मण कार्ड

- बसपा ने दलित-ब्राह्मण समीकरण मजबूत करके मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन अपनी तरफ खींचने की रणनीति के तहत आधा दर्जन सीटों पर ब्राह्मण उम्मीदवार मैदान में उतारकर सपा-कांग्रेस गठबंधन की परेशानी बढ़ा रखी है। पार्टी से फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, मिर्जापुर में मनीष त्रिपाठी, कैसरगंज में नरेंद्र पांडेय, गोंडा से सौरभ कुमार मिश्रा मुकाबले को त्रिकोणीय धार देने की कोशिश में जुटे हैं।

### बसपा के गढ़ वाली सीटें

| भदोही | | गाजीपुर | | लालगंज | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 4,66,414 | 2019 जीती | 5,66,082 | 2019 | 5,18,820 – जीती |
| 2014 | 2,45,554 | 2014 | 2,41,645 | 2014 | 2,33,971 |
| 2009 जीती | 1,95,808 | 2009 | 3,09,924 | 2009 | 2,07,998 – जीती |

| भदोही | | गाजीपुर | | लालगंज | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 4,66,414 | 2019 जीती | 5,66,082 | 2019 | 5,18,820 – जीती |
| 2014 | 2,45,554 | 2014 | 2,41,645 | 2014 | 2,33,971 |
| 2009 जीती | 1,95,808 | 2009 | 3,09,924 | 2009 | 2,07,998 – जीती |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-980 फ्लैग-1095 डीएमओ-865 बोल्ड-1155
**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 880

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92450 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76000 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 56650-56850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,650 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 865 (अनुमानित )। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,650 |
| चांदी आभूषण | 88,000 |

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2350-2500, आर.आर.21 2550-2600, गेहूं फारम 2600-2700, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 6200 -6400, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़दहरा 10000 -11000, उड़दकाला 6000 -8000, मूंग 8500 -8800, अरहर फूल 16600-16800, अरहर स्पेशल 14000-14200, चनादाल 7400-7500, मटरदाल 4800-4900, मसूर मलका 7250-7300, मसूर दाल 7450-7500, उड़द दाल 9000- 13000, उड़द धोवा 10000- 13000, मूंगदाल 9500 -10500, मूंग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 - 2300, बासमती न01. 8500 - 10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02. 6500 - 7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, शाहपसंद 1325-1350, लाही 5300-5400, अलसी 4500 -4600, अण्डी 4600 -4700, तिल्ली 11500- 12200

# विशेष सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त के साथ बंद

## विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में शनिवार को विशेष कारोबार सत्र में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 88.91 अंक या 0.12 प्रतिशत चढ़कर 74,005.94 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान यह 245.73 अंक या 0.33 प्रतिशत उछलकर 74,162.76 पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 35.90 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक लाल निशान में बंद हुए। अमेरिका के अधिकांश शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों की निरंतर निकासी के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,616.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीद की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी डाऊ जोन्स के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से शेयर बाजारों को वैश्विक समर्थन मिलता रहेगा। अब एफआईआई भी खरीदार बन गए हैं और इससे बाजार पर दबाव कम हुआ है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत चढ़कर 83.98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



- विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों की निकासी के बाद बने खरीदार

### इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में विशेष सत्र आयोजित

शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक चढ़कर 73,917.03 और एनएसई निफ्टी 62.25 अंक बढ़कर 22,466.10 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई और बीएसई ने सात मई को कहा था कि वह अपने प्राथमिक मंच पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने की अपनी तैयारियों को जांचने के लिए 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित करेगा। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान कारोबार प्राथमिक साइट (पीआर) से आपातकालीन (डीआर) साइट पर स्थानांतरित किया जाएगा। इससे पहले दो मार्च को भी बीएसई और एनएसई ने इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया था।

# कुछ क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नई सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है। सिंह ने सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाया गया था और इस बात की बहुत संभावना है कि नई सरकार के तहत, हम जो भी क्षेत्र बचे हैं और जहां कुछ उदारीकरण संभव है, वहां इसके लिए प्रयास कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2023 में भारत में एफडीआई 13% घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। ऐसा मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, ऑटो और दवा क्षेत्रों में कम निवेश से हुआ। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं (पीएलआई) की सफलता पर सचिव ने कहा कि अब तक 1.13 लाख करोड़ का निवेश हुआ और कंपनियों ने नौ लाख करोड़ से अधिक की बिक्री, 3.45 लाख करोड़ का निर्यात सृजित किया, साथ ही 8 लाख से ज्यादा नौकरी दी।



- उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव ने नई सरकार बनने पर जताई उम्मीद

## पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये का बोनस देगा कोटक लाइफ

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7 लाख से अधिक योग्य पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह लगातार 23वां साल है जब कोटक लाइफ ने भाग लेने वाले उत्पादों पर बोनस की घोषणा की है। कंपनी द्वारा घोषित किया गया बोनस वित्त वर्ष 2022-23 की बोनस अमाउंट से 20 फीसदी अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि हमें लगातार 23वें साल अपने ग्राहकों के लिए बढ़े हुए बोनस की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कोटक लाइफ में, हम अपने ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों, जरूरतों को पूरा करने और उनके निवेश के लिए वैल्यू बनाने में मदद करने के लिए समर्पित हैं। हमारे ब्रांड के वादे 'हम हैं...हमेशा' के अनुरूप, हमारा प्रयास हमेशा अपने ग्राहकों के लिए जारी रहेगा।

## भारत ने प्रमुख संस्थाओं से आईएमईईसी पर की बात

**दुबई।** भारत- पश्चिम एशिया- यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के रूपरेखा समझौते पर भारत के एक अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधिमंडल ने पहली बार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा किया है।

महत्वपूर्ण परियोजना के संचालन के सहयोग पर प्रमुख संस्थाओं के साथ यहां चर्चा होगी। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर के तीन महीने में हो रही इस यात्रा से पता चलता है कि दोनों सरकारें आईएमईईसी को कितना महत्व दे रही हैं। आर्थिक गलियारा दक्षता पैदा करने और लागत कम करने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग तैयार करेगा।

# दुनिया में महत्वपूर्ण खनिजों का अग्रणी उत्पादक बनने के मिशन पर भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत दुनिया में महत्वपूर्ण खनिजों का अग्रणी और सबसे टिकाऊ उत्पादक बनने के मिशन पर है। वेदांत समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने यह बात कही।

कोबाल्ट, तांबा, लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का इस्तेमाल पवन टरबाइन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में होता है। इलेक्ट्रिक कारों के लिए बैटरियों के उत्पादन में महत्वपूर्ण खनिजों की विशेष रूप से मांग है। हेब्बार ने हाल ही में मियामी में बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज ग्लोबल मेटल्स, खनन एवं इस्पात सम्मेलन 2024 में कहा कि खनन और धातु क्षेत्र शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एक बयान में शनिवार को हेब्बर के हवाले से कहा गया, ''हम भारत के प्राकृतिक संसाधनों के अग्रणी के रूप में अपनी भूमिका को बहुत गंभीरता से लेते हैं और हम इस आर्थिक वृद्धि का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।'' खनन और धातु क्षेत्र के पास भविष्य को तैयार करने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को हासिल करने के लिए खनिजों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और इस मांग को पूरा करना आसान नहीं होगा।





- हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया ने मियामी के सम्मेलन में कही बात

## एपीएसईजेड को नॉर्वे सॉवरेन वेल्थ फंड ने निवेश सूची से किया बाहर

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए सरकारी पेंशन फंड से अडाणी समूह की बंदरगाह कंपनी एपीएसईजेड को बाहर कर दिया है। एपीएसईजेड 15वीं भारतीय कंपनी है, जिस पर नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने इस तरह की कार्यवाही की है।

ओएनजीसी, गेल, एनटीपीसी और वेदांत जैसी कंपनियों को इस तरह की कार्यवाही का सामना करना पड़ा है। नॉर्वे का नॉर्जेस बैंक सॉवरेन वेल्थ फंड का प्रबंधन करता है। उसने 15 मई को कहा कि अस्वीकार्य जोखिम से अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन को बाहर करने का फैसला किया है, क्योंकि कंपनी युद्ध या संघर्ष की स्थितियों में व्यक्तियों के अधिकारों के गंभीर उल्लंघन में शामिल है। एपीएसईजेड मार्च 2022 से निवेश रोकने के लिए नार्वे के केंद्रीय बैंक की निगरानी सूची में था। कंपनी को म्यांमार में सशस्त्र बलों के साथ अपने व्यापारिक जुड़ाव के कारण कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार रात सुरक्षाबलों को रवाना किया गया था। दल जब आज सुबह तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में पहुंचा तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

### गोपनीयता उल्लंघन में पूर्व पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**जम्मू।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को हाल में प्रकाशित अपनी पुस्तक में संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम शेख को शुक्रवार देर रात जम्मू शहर के गांधी नगर इलाके में उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। शेख 1986 में सहायक उप-निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे और पिछले साल सेवानिवृत्त हुए थे।

### पंजाब में सड़क हादसे में चार विद्यार्थियों की मौत

**पटियाला (पंजाब)।** पंजाब में राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) पटियाला के चार विद्यार्थियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। पंजाब पुलिस ने बताया कि हादसा शुक्रवार देर रात तब हुआ, जब उनकी तेज रफ्तार एसयूवी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। यह दुर्घटना जिले के भादसों रोड पर बख्शीवाला गांव के पास राजमार्ग पर हुई। मृतकों में तीन छात्र और एक छात्रा है, ये सभी विधि के विद्यार्थी थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना में एक युवक भी घायल हो गया है।

### सिक्किम की नदी में टैक्सी गिरने से दो लोगों की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम में शनिवार सुबह सिंगताम के पास पर्यटकों से भरी टैक्सी नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों का यह परिवार कोलकाता का रहने वाला था और सिलीगुड़ी से गंगटोक जा रहा था, जब सांग खोला में वाहन रानी नदी में गिर गया। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में टैक्सी चालक और परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान 72 वर्षीय रवींद्र नाथ पॉल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों को पहले सिंगताम के नजदीकी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें गंगटोक के सेंट्रल रेफरल हॉस्पिटल भेज दिया गया।

# भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा- कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है

**अंबाला, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह उनकी धाकड़ सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और परिणामस्वरूप, कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है। उन्होंने जीप घोटाले का जिक्र भी किया जो कि कांग्रेस शासन के दौरान पहला घोटाला था।

मोदी ने हरियाणा में अपनी पहली रैली में उपस्थित जनसमूह से सवाल किया, क्या एक कमजोर सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात बदल सकती थी? सशस्त्र बलों में हरियाणा द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हरियाणा में माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में सोचकर चिंतित थीं। मोदी ने वहां मौजूद लोगों से पूछा, क्या अब ऐसी चीजें बंद हो गई हैं या नहीं? प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी की धाकड़ सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र ने अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार प्रदान किए थे और तत्कालीन राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

मोदी ने कहा कि चार जून में केवल 17 दिन बचे हैं, जब चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को मतदान के पहले चार चरणों में कोई सीट नहीं मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। जिस पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। हरियाणा की 10 सीट के लिए छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा।

रैली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर, अंबाला और कुरुक्षेत्र सीट से क्रमशः बंतो कटारिया और नवीन जिंदल शामिल थे। इससे पहले मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को कटारिया की पुण्य तिथि थी, जिन्होंने लोकसभा में अंबाला का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी पत्नी बंतो कटारिया इस बार अंबाला सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं।



हरियाणी की सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

- हरियाणा की अपनी पहली रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को घेरा

### मोदी की रैली में शामिल होंगे 13 मिशनों के 25 राजनयिक

**नई दिल्ली।** भाजपा की विदेशी राजनयिकों के बीच अपनी पहचान बनाने तथा राजनीतिक संपर्क स्थापित करने के लिए शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम के तहत यहां स्थित 13 मिशनों के 25 राजनयिक प्रधानमंत्री मोदी की शनिवार को होने वाली रैली में भाग लेंगे। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने कहा कि भारत के लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार जश्न के बीच भारत में तेरह राजनयिक मिशनों के 25 प्रतिनिधि 18 मई को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की रैली में लोगों के उत्साह का अनुभव करेंगे। उपस्थित होने वाले लोगों में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, भूटान, इंडोनेशिया, जापान, मॉरीशस, नेपाल, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड और ब्रिटेन के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम का हिस्सा है।

# कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा प्रवेश कर गई है : योगी

**मालेगांव (महाराष्ट्र), एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विरासत कर लगाने संबंधी कांग्रेस के कथित प्रस्ताव को लेकर उसकी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब की आत्मा विपक्षी पार्टी के अंदर प्रवेश कर गई है। आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत कर औरंगजेब के लगाए जजिया कर की तरह है।

महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर की रैली में योगी ने कहा कि भाजपा महज सत्ता के लिए नहीं बल्कि विकसित भारत का निर्माण करने के लिए चुनाव लड़ रही है। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि नरेन्द्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरासत कर औरंगजेब के लगाए जजिया कर की तरह है। औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस के अंदर प्रवेश कर गई है। जजिया औरंगजेब ने गैर-मुस्लिमों पर लगाया था। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का प्रतीक है। भगवान राम यह सुनिश्चित करेंगे कि विपक्षी अयोध्या में उनके मंदिर को नष्ट करने के लिए सत्ता में न आए। योगी ने कहा कि 2014 से पहले हिंदू त्योहार पर दंगे होते थे। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान समर्थकों से कहता हूं कि वे उस देश में जाकर भीख मांगें। उस देश की प्रशंसा करने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है।



- विरासत कर संबंधी कांग्रेस के कथित प्रस्ताव की आलोचना की

# शिवकुमार पर 100 करोड़ की रिश्वत की पेशकश का आरोप

**बेंगलुरु, एजेंसी**

विभिन्न आरोपों में जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी पर हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न का वीडियो पेन ड्राइव लीक करने का आरोप लगाने के लिए 100 करोड़ की पेशकश की थी।

भाजपा नेता ने शिवकुमार पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और कुमारस्वामी को बदनाम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। देवराजे गौड़ा ने शुक्रवार देर रात अपनी जमानत पर सुनवाई के बाद हासन में कहा कि शिवकुमार मुझे 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव ही नहीं , बल्कि बेंगलुरु के बॉरिंग क्लब में कमरा 110 के लिए पांच करोड़ रुपये की अग्रिम राशि भी भेजी। उन्होंने रिश्वत की पेशकश को अस्वीकार कर दिया और इसके कारण मुझे पहले अत्याचार के मामले में फिर यौन उत्पीड़न के मामले में और अंत में दुष्कर्म के मामले में फंसाया। अपने दावों को साबित करने के लिए सबूत होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, मेरे रिहा होते ही सरकार गिर जायेगी।

**यौन शोषण मामला**



- जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने लगाए आरोप

### शिवकुमार ने भाजपा नेता के दावों को किया खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और राज्य के अन्य मंत्रियों ने प्रज्ज्वल से जुड़े वीडियो के पेन ड्राइव वितरित करने में अपनी भूमिका के आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया। शिवकुमार ने कहा, जो व्यक्ति जेल में है, वह ऐसे आरोप कैसे लगा सकता है? ये सब बेबुनियाद है। मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता।

### पोते पर कार्रवाई से कोई आपत्ति नहीं: देवेगौड़ा

**बेंगलुरु।** जनता दल (एस) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते और सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए शनिवार को कहा कि यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। देवेगौड़ा ने कहा कि उनके बेटे और जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले गढ़े गए हैं, लेकिन उन्होंने आगे टिप्पणी करने से परहेज किया क्योंकि मामला अदालत में विचाराधीन है।

# मनमोहन सिंह और आडवाणी ने घर से किया मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने घर से ही मतदान किया। दिल्ली के निर्वाचन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने बुजुर्ग मतदाताओं एवं दिव्यांगों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की जो 24 मई तक चलेगी। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के सभी सात संसदीय क्षेत्रों में 1409 मतदाताओं ने घरों से मतदान किया। पश्चिम दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक ऐसे मत पड़े, जिसमें 348 मतदाताओं ने भाग लिया। इनमें 299 बुजुर्ग थे। सीईओ कार्यालय ने कहा कि दूसरे दिन तक, 2,956 लोगों ने घर से मतदान किया है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में घर से मतदान सुविधा का लाभ उठाते हुए 17 मई को अपने घर से मतदान किया।



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा के लापता अभिनेता गुरुचरण सिंह 24 दिन बाद घर लौटे

**नई दिल्ली।** टीवी धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले लापता अभिनेता गुरुचरण सिंह 24 दिन के बाद शुक्रवार को अपने घर लौट आए।

पुलिस के अनुसार सिंह आध्यात्मिक यात्रा पर गए थे और इस दौरान वह पंजाब के कई गुरुद्वारों एवं धार्मिक स्थलों में गए। वह शुक्रवार सुबह घर लौट आए। उनका बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया गया है और वह ठीक हैं। गुरुचरण सिंह को 22 अप्रैल की शाम को यहां से मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे। पालम इलाके में रहने वाले उनके पिता ने उनसे फोन पर संपर्क नहीं होने के बाद स्थानीय पुलिस को सूचित किया था। पुलिस ने इस मामले में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की थी।



## अमृतसर से कांग्रेस उम्मीदवार की रैली में चली गोली, दो जख्मी

**अमृतसर।** पंजाब की अमृतसर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला की अजनाला में आयोजित रैली में शनिवार को गोली चलने से दो युवक घायल हो गए।

औजला ने आप उम्मीदवार कुलदीप धालीवाल के रिश्तेदार पर गोली चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की ओर से चुनाव से पहले हथियार क्यों नहीं जमा किये गये। शनिवार को वह अजनाला हलका में अपनी रैली करने जा रहे थे। रास्ते में कुछ लोग उनके पास पहुंचे और बताने लगे कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, इसमें दो लोग जख्मी भी हो गये।

# संविधान के अनुसार होगा देश का संचालन : विपक्ष

**मुंबई, एजेंसी**

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधा कि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर पर बुलडोजर चला देगा। विपक्ष ने कहा कि वे सभी की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि देश का संचालन संविधान के अनुसार हो।

खरगे, कांग्रेस- शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना- उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना- यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने 20 मई को राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार अभियान के आखिरी दिन संवाददाता सम्मेलन को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री के इन आरोपों से जुड़े सवालों का जवाब दिया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गया, तो वह राम मंदिर को ढहा देगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के लिए आरक्षण कम कर देगा और अनुच्छेद 370 को बहाल कर देगा। खरगे ने प्रधानमंत्री पर उन बातों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया, जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा करेगी, जबकि पवार ने कहा कि न केवल मंदिरों, बल्कि सभी धर्मों के पूजा स्थलों की रक्षा करना उनकी सरकार का कर्तव्य होगा।





मुंबई की प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे।

- विपक्ष के सत्ता में आने पर राम मंदिर गिराने संबंधी मोदी के बयान की इंडिया गठबंधन ने की निंदा

### मोदी ने दस साल का हिसाब नहीं दिया : तेजस्वी



**छपरा।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिए क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है।

# आम पकाने के लिए कार्बाइड का इस्तेमाल किया तो खैर नहीं, एफएसएसएआई सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

आम का मौसम शुरू होने के साथ ही बाजार में आमों की आवक शुरू हो चुकी है। इस बीच भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने फलों को पकाने में शामिल व्यापारियों, फल संचालकों और खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को कड़ी चेतावनी जारी की है।

यह सलाह खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो आम के मौसम के दौरान कृत्रिम रूप से फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग करते हैं। फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड के यूज पर बैन है। लेकिन इसके बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। एफएसएसएआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा विभागों से सतर्क रहने और इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि कैल्शियम कार्बाइड एक खतरनाक रसायन है और इसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है।



### आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश

कैल्शियम कार्बाइड, आमतौर पर आम जैसे फलों को पकाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एसिटिलीन गैस छोड़ता है जिसमें आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश होते हैं। सामान्य बोलचाल की भाषा में इन पदार्थों को मसाला के नाम से भी जाना जाता है। ये चक्कर आना, बार-बार प्यास लगना, जलन, कमजोरी, निगलने में कठिनाई, उल्टी और त्वचा के अल्सर आदि जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर धोखाधड़ी करने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर अपनी गलत पहचान बताकर राष्ट्रपति कार्यालय, राष्ट्रीय विकास मंत्रालय और संसद को ई-मेल भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं।

अदालत में 17 मई को पेश हुए 24 वर्षीय प्रकाश परमाशिवम ने खुद को सिंगापुर जेल सेवा स्टाफ का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम, राष्ट्रीय विकास मंत्री डेसमंड ली और संसद को ईमेल भेजे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार प्रकाश पर आरोप है कि उसने 16 फरवरी को संसद को और उसके दो दिन बाद ली को ई-मेल किया। 24 फरवरी को राष्ट्रपति थर्मन को एक और ईमेल भेजा। अदालती दस्तावेजों में इस बात की जानकारी नहीं है कि ई-मेल में क्या लिखा था और प्रकाश ने इन्हें क्यों भेजा।

# मोबाइल पर किया गैरजरूरी कॉल? मोस्ट वांटेड की लिस्ट में होंगे शामिल, सरकार लाएगी नियम

मोबाइल फर्जीवाड़े में भारत काफी आगे है। हर एक व्यक्ति फर्जी कॉल और मैसेज से परेशान है। सरकार ने भी इस तरह की कॉल और मैसेज को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। साथ ही ऐसी कॉल और मैसेज करने वालों को क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल करने का नियम बनाने की कोशिश हो रही है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर की ओर से आने वाले कुछ माह में एक गाइडलाइन पेश किया जा सकता है। इसमें टेलीमार्केटिंग जैसे बैंक, रियल एस्टेट पर प्रमोशनल या लेनदेन से जुड़े मैसेज भेजने को लेकर जवाबदेही तय करने का नियम होगा। साथ ही ऐसी प्रैक्टिस फॉलो करने पर क्रिमिनल एक्टिविटी के तहत केस करने का प्रावधान होगा।

### गलत प्रैक्टिस पर होंगे दोषी करार

कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के सेक्शन 2(28) और 2(47) के मुताबिक गैरजरूरी कॉल और मैसेज गलत ट्रेड प्रैक्टिस के दायरे में आता है। अगर सही चैनल से प्रमोशनल या फिर गैरजरूरी कॉल और मैसेज नहीं किया जाता है, तो उन्हें कंज्यूमर एक्ट के तहत दोषी करार दिए जाने का प्रावधान है। इसमे प्रमोशन और गैरजरूरी कॉल और मैसेज को रेगुलर नंबर सीरीज से नहीं किया जा सकता है।




### मोबाइल कॉल फर्जीवाडे में भारत सबसे आगे

भारत एसएमएस फिशिंग के मामले में एक बड़ा मार्केट हैं। हर माह भारतीयों को 120 से 150 मिलियन फिशिंग मैसेज भेजे जाते हैं। करीब 300,000 लोग स्कैमिंग का शिकार होते है। लेकिन केवल 35,000 से लेकर 45,000 मामले रिपोर्ट किए जाते हैं।

### सरकार की बैठकें जारी

इस मामले को लेकर डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर, डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्यूनिकेसन यानी डॉट और टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राइ ने भारती एयरटेल, रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल के साथ बैठक की है।

## एक नजर

### गोलीबारी में स्पेन के तीन नागरिकों समेत चार की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में शुक्रवार को हुई भीषण गोलीबारी में स्पेन के तीन नागरिकों समेत चार लोग मारे गए जिनमें से दो महिलाएं हैं। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुहम्मद खवानी रासा ने बताया कि कुछ लोगों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी में तीन विदेशी नागरिकों और एक अफगानी नागरिक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इस हमले में स्पेन, नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया और लिथुआनिया के चार नागरिक और अफगानिस्तान के तीन लोग घायल हो गए।

### पाकिस्तान में हादसा, एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्क्यू-1122 के मुताबिक यह मिनी ट्रक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर गया था।

### गाजा में इजरायली हमला 15 लोगों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में इजरायली हमले में 15 लोगों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा में फिलिस्तीनी शरणार्थियों के जबालिया शिविर में विस्थापित लोगों के आवासीय घरों और एक आश्रय केंद्र को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। बचावकर्मी घायलों को उपचार मुहैया कराने की व्यवस्था में जुटे हैं।

### जेनिन पर हमले के दौरान आतंकवादी ढेर

**येरूसलम।** वेस्ट बैंक शहर जेनिन में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) और इजरायल सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) के हवाई हमले में एक आतंकवादी मारा गया है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जेनिन में इजरायली हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गये। आईडीएफ ने शनिवार को टेलीग्राम पर कहा कि परिसर के अंदर कई आतंकवादी थे। हमले में एक आतंकवादी इस्लाम खमायसे मारा गया।

# ताइवान की संसद में चले लात-घूंसे

## संसद में सुधारों के प्रस्ताव को लेकर चल रही बहस के दौरान माहौल गरमाया

ताइपे, एजेंसी

ताइवान की संसद में शुक्रवार को बहस के दौरान सांसदों में जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान वहां बड़े पैमाने पर अराजकता देखी गई। यह वाकया नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते की शपथ से दो दिन पहले घटा। संसद के भीतर कुछ सांसद स्पीकर की सीट पर भी चढ़ गए। वे एक-दूसरे को खींचकर मारपीट करते नजर आए। इस बीच सांसद सदन से एक बिल से जुड़े दस्तावेज लेकर भाग गया।

दरअसल, ताइवान की संसद में एक प्रस्ताव लाया गया है। इसके तहत सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात कही गई है। इसके अलावा संसद में झूठा बयान देने पर सरकारी अधिकारियों पर क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा।

अलजजीरा के मुताबिक, इसी बिल पर वोटिंग से ठीक पहले नए राष्ट्रपति चिंग ते की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) और चीन समर्थक विपक्ष की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) के लोगों के बीच झड़प हो गई। जब सांसद सदन में पहुंचे तो वे एक-दूसरे पर लड़ाई करने का आरोप लगाने लगे।

**20 मई को राष्ट्रपति लाई चिंग ते लेंगे शपथ, उनकी पार्टी के पास बहुमत नहीं :** दरअसल, 20 मई को ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। हालांकि, उनकी पार्टी डीपीपी के पास संसद में बहुमत नहीं है। ताइवान की मुख्य विपक्षी पार्टी केएमटी के पास डीपीपी से ज्यादा सीटें हैं।

फिर भी बहुमत में आने के लिए उसे ताइवान पीपुल्स पार्टी (टीपीपी) के साथ गठबंधन करना पड़ेगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बहुमत में होने की वजह से विपक्षी पार्टी संसद में अपने सदस्यों को सरकार के ऊपर नजर बनाए रखने के लिए और ज्यादा पावर दिलवाना चाहती है। वहीं चिंग ते की पार्टी डीपीपी का आरोप है कि विपक्ष संसद में जबरदस्ती बिल पास करवाने की कोशिश कर रहा है, जो संविधान का उल्लंघन है।



संसद के भीतर टेबल पर चढ़ता एक सांसद।



संसद में आपस में खींचतान करतीं महिलाएं।

- सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात पर हंगामा

### चीन विरोधी नेता लाई चिंग ते ने जीता था चुनाव

ताइवान में इसी साल जनवरी में राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए थे। इसमें रूलिंग पार्टी के नेता विलियम लाई चिंग-ते ने जीत दर्ज की थी। यह वही नेता हैं, जिन्हें मतदान से पहले चीन ने खतरनाक अलगाववादी कहा था। चुनाव से पहले चीन ने मतदाताओं को चेतावनी दी थी कि यदि वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें। चिंग ते के खिलाफ ताइवान की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) ने होउ यू इह पर अपना दाव खेला था। केएमटी वही पार्टी है जिसकी सरकार चीन के कम्युनिस्टों से गृह युद्ध में हारकर ताइवान द्वीप पर आ बसी थी। पार्टी ने कहा था कि अगर वह चुनाव जीती तो चीन से दोबारा बातचीत शुरू करेगी।

### सत्ताधारी पार्टी की मांग- पहले बिल पर चर्चा हो

डीपीपी के सांसदों की मांग है कि पहले बिल पर प्रक्रिया के तहत चर्चा करवाई जानी चाहिए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि डीपीपी इस बिल को पास नहीं होने देना चाहती, जिससे वह अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर सके। ताइवान की संसद में पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2020 में भी केएमटी के सांसदों ने अमेरिका से पोर्क (सुअर का मांस) इम्पोर्ट करने का विरोध करते हुए संसद में पिग गट्स (सुअर की आंत) फेंकी थी।

## अमेरिका में 4 भारतीयों समेत छह ने रची डकैती की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इमीग्रेशन वीजा पाने के लिए चार भारतीयों सहित 6 लोगों ने मिलकर नकली डकैती की साजिश रची। दरअसल, अपराध पीड़ितों के लिए अमेरिका में एक रिजर्व इमीग्रेशन वीजा का ऑप्शन शामिल है, जिसका फायदा लेने के लिए चार भारतीयों ने 2 विदेशी नागरिकों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची।

इस मामले में शिकागो की सेंट्रल अदालत ने भीखाभाई पटेल, नीलेश पटेल, रवीनाबेन पटेल और रजनी कुमार पटेल और दो अन्य पार्थ नायी और केवोंग यंग के साथ मिलकर नकली डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर खुद को पीड़ित बताकर यू-वीजा के लिए आवेदन करने का दोषी पाया गया है। यू-वीजा उन विशेष अपराधों के पीड़ितों के लिए निर्धारित किया गया है, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक अपराध झेला है और जो जांच या अभियोजन में कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के लिए सहायक होते हैं।

चारों व्यक्तियों ने घोटाले में भाग लेने के लिए नायी को हजारों डॉलर का भुगतान किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि नकली डकैती के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर पीड़ितों के पास गए और उनसे लूटपाट की और पैसे और संपत्ति की मांग की।

# भारतीय लोकतंत्र का मुरीद हुआ अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं हैं जहां भारत जैसा जीवंत लोकतंत्र हो। हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं।

किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों उम्मीदवारों में से 545 सांसदों का चुनाव करने के लिए 10 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के विशेष रूप से पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं जो लगातार और घनिष्ठ हो रहे हैं। यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय भागीदारी है और हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के बहुत आभारी हैं।

- व्हाइट हाउस ने कहा- दुनिया में इंडिया जैसी डेमोक्रेसी बहुत कम



### बाइडन के बयान पर भी किर्बी ने दिया जवाब

किर्बी से पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत और जापान विदेशी नागरिकों से द्वेष करने वाले देश हैं, तो उन्होंने न में जवाब दिया और कहा कि राष्ट्रपति ने जब इस संबंध में बयान दिया था तब वह एक व्यापक बिंदु पर बात रहे थे। उन्होंने कहा मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति यहां अमेरिका में हमारे अपने लोकतंत्र की जीवंतता इसकी समावेशिता और भागीदारी को लेकर एक व्यापक बात रख रहे थे। बाइडन ने हाल में एक कार्यक्रम में कहा था आप जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्यों? क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं। इसके बारे में सोचिए। चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह ठहर सा क्यों रहा है।

## उत्तर कोरिया ने किया सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी जल क्षेत्र में एक नई स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली का उपयोग करके सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

केसीएनए रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता को परीक्षण के माध्यम से सत्यापित किया गया था। वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और उत्तर कोरिया के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन ने परीक्षण का निरीक्षण किया और स्वतंत्र विकास और स्वायत्तता नेविगेशन प्रणाली के सफल परिचय के परिणामस्वरूप सैन्य रणनीतिक मूल्य पर संतुष्टि व्यक्त की।

# बिश्केक में भारतीय छात्रों पर नजर बनाए हुए है : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सरकार किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के परिप्रेक्ष्य में वहां भारतीय छात्रों पर नजर रखे हुए है।

डॉ. जयशंकर ने कहा कि फिलहाल वहां स्थिति शांत है और उन्होंने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने को कहा है। किर्गिज गणराज्य में भारतीय दूतावास ने पोस्ट किया हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24×7 संपर्क नंबर 0555710041 है। रिपोर्टों के अनुसार स्थानीय और विदेशी लोगों के बीच कथित झड़प के बाद बिश्केक के कुछ हिस्सों में रात भर हुये प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है। उल्लेखनीय है कि 13 मई को राजधानी के एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प हुई थी।

- छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुआ था प्रदर्शन



## अफगानिस्तान में भारी बारिश से आई बाढ़, 68 की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में पिछले महीने से हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। पश्चिमी अफगानिस्तान के गोर प्रांत में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश के कारण कई जगह पर बाढ़ आ गई, जिससे कम से कम 68 लोगों की मौत हुई है।

तालिबान के अधिकारी ने कहा कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है। गोर प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास ने कहा कि दर्जनों लोग लापता हैं। बाढ़ के बाद राजधानी फिरोज कोह समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों मकानों व संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने और सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि के नष्ट होने से प्रांत को काफी वित्तीय नुकसान हुआ है।

# अमेरिका की वजह से हो सकता है तीसरा विश्व युद्ध

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जताई है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है।

हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और न ही महंगाई बढ़ती।

वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव 5 नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ेंगे।

- पूर्व राष्ट्रपति ने कहा- मूर्ख लोग चला रहे देश की सरकार



### बहस करने से पहले बिडेन से ड्रग टेस्ट की करेंगे मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ बहस करने से पहले ड्रग परीक्षण की मांग करेंगे। दोनों प्रतिद्वंद्वी जून और सितंबर में टेलीविजन पर दो दौर के बहस के लिए सहमत हुए हैं। ट्रंप ने कहा मैं ड्रग टेस्ट की मांग करुंगा क्योंकि मैं नहीं चाहता कि बिडेन स्टेट ऑफ द यूनियन की तरह आएं। बिडेन ने शुक्रवार को कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति के साथ आम चुनाव की बहस में भाग लेंगे और ऐसा करने पर उन्हें खुशी होगी। राष्ट्रपति की यह सहमति महत्वपूर्ण बदलाव है। इसके पहले उन्होंने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के साथ मंच पर उपस्थित होने के लिए प्रतिबद्ध होने से इनकार कर दिया था।

## आनंद के पल



तमिलनाडू के नागापट्टिनम जिले के वेलानकन्नी में बंगाल की खाड़ी के किनारे इन दिनों पर्यटक लगातार पहुंच रहे हैं। एक परिवार शनिवार को समुद्र तट पर ऊंट की सवारी करता हुआ। • एजेंसी

## पाकिस्तान बच्चों के बौनेपन से निपटने के लिए शुरू करेगा पहल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों के बौनेपन की चुनौती पर काबू पाने के लिए प्रांतीय सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया है।

शरीफ ने शुक्रवार को यहां एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बच्चों की सर्वोत्तम वृद्धि और विकास पाकिस्तान के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और बौनेपन को रोकने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाने के सख्त जरूरत है। बैठक में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी के साथ-साथ दूषित पानी के उपयोग के कारण देश में बड़ी संख्या में बच्चों के विकास अवरुद्ध होने से खतरा पैदा हो गया है।

महोत्सव | नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में

# कान फिल्म महोत्सव में फिल्म मंथन ने सुर्खियां बटोरी

कान, एजेंसी

फ्रांस में चल रहे 77वें कान फिल्म महोत्सव में नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में रहा। गुजरात के एक गांव में भारत की पहली डेरी सहकारी संस्था के निर्माण से जुड़ी श्याम बेनेगल की 1976 की फिल्म मंथन का 4के वीडियो रेज्योलूशन संस्करण सैले बुनुएल में प्रदर्शित किया गया।

फिल्म के कलाकारों में शामिल नसीरुद्दीन शाह ने फिल्म के प्रदर्शन से पहले अपने विचार प्रकट किये। दिग्गज अभिनेता ने कहा सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण मंथन का यह शो डॉ. वर्गीज कुरियन को समर्पित है। उन्होंने कहा यह स्मिता पाटिल, गिरीश कर्नाड, अमरीश पुरी और संगीतकार वनराज भाटिया को याद करने का भी अवसर है। शाह ने कहा, बड़े पर्दे पर बतौर अभिनेता यह मेरी दूसरी फिल्म थी।

मैं इस बात को लेकर घबराया हुआ था कि यह बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करेगी। किसी ने भी इस फिल्म को लेकर कोई उम्मीद नहीं जताई थी, लेकिन यह हिट फिल्म साबित हुई, जिसने हम सभी के लिए काम के और अधिक अवसर पैदा किये।



### ऐश्वर्या राय बच्चन नीले सिल्वर गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आयी

**कान।** कान फिल्म महोत्सव 2024 में दूसरी बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ऐश्वर्या राय ने एक बार फिर फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा तैयार गाउन का चुनाव किया। जब वह फिल्मकार योरगोस लैंथिमोस की नवीनतम फीचर फिल्म काइंड्स ऑफ काइंडनेस की स्क्रीनिंग के लिए शुक्रवार को लाल कालीन पर चलीं तो उन्होंने नीले और सुनहरे रंग की चमकीले गाउन पहन रखी थीं। इस फिल्म में दो बार की ऑस्कर विजेता एम्मा स्टोर अहम किरदार में हैं। इस परिधान में विशेष धात्विक आकृति बनी थी। हाथ में चोट होने के कारण उन्होंने विशिष्ट कपड़े पहने थे। पिछले दो दशक से नियमित रूप से कान फिल्म महोत्सव में आ रहीं ऐश्वर्या बृहस्पतिवार को 2024 के इस कार्यक्रम में फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा द्वारा गाउन में पहुंची।